2016-17

वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा

25 MCL Years of Mining Excellence

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)

विषय सूची

क्रमांक	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	प्रबंधन/बैंकर्स/लेखा/परीक्षक	01
2.	सूचना	04
3.	अध्यक्ष का वक्तव्य	06
4.	निदेशको का प्रतिवेदन	17
5.	कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की रिपोर्ट	119
6.	सचिवीय लेखा परीक्षक की रिपोर्ट	125
7.	निदेशको की रिपोर्ट का अनुलग्नक	131
8.	कार्पोरेट शासन के परिस्थितियों के साथ अनुपालन का प्रमाण पत्र	138
9.	वार्षिक रिटर्न का सारांश	148
10.	प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट	156
11.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां	161
12.	स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	163
13.	31 मार्च, 2017 के अनुसार तुलन	183
14.	31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ और हानि विवरण	185
15.	तुलन पत्र एवं लाभ- हानि लेखा के अंश स्वरूप टिप्पणियां	188
16.	नकद प्रवाह विवरण	288
17.	एमसीएल और उसके सहायक कंपनियों का समेकित लेखा	289

गत दस वर्षों की वित्त संबंधी प्रमुख बातें

	विविरण	इकाई	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17
1	कोयला उत्पादन	एमटी (मिलियन टन)	80.00	88.01	96.34	104.08	100.28	103.12	107.89	110.44	121.38	137.90	139.21
2	कोयले का प्रेषण	एमटी (मिलियन टन)	76.42	83.63	91.28	98.13	102.09	102.52	111.96	114.34	123.00	140.22	143.01
3	कोयले का विक्रय(सकल)	करोड रु.	4,507.52	5,291.07	6,487.55	7,466.56	9,249.75	12,068.60	13,190.42	13,165.61	14989.05	19829.58	23450.72
4	पीबीटी	करोड रु.	2,081.39	2,504.79	2,600.91	2,950.58	4,039.30	5,463.69	6,202.48	5,429.08	5,314.24	6260.43	6853.32
5	पीएटी	करोड रु.	1,368.45	1,643.04	1,718.03	1,946.69	2,609.32	3,709.51	4,212.44	3,624.30	3,554.10	4184.74	4491.09
6	लाभांश	करोड रु.	550.50	1,000.00	1,040.00	1,169.00	1,570.02	2,226.55	2,529.45	5,983.16	3,841.82	3608.45	2982.00
7	निवल स्थिर परिसंपत्तियाँ	करोड रु.	1,313.14	1,298.08	1,364.10	1,589.69	2,019.19	2,048.05	2,212.52	2,788.58	3,087.48	3252.55	3943.29
8	निवल मूल्य	करोड रु.	4,223.41	4,686.72	5,188.00	5,769.60	6,548.14	7,674.42	8,939.12	5,563.42	4,477.57	4319.26	3385.38
9	दीघ अवधि ऋण	करोड रु.	170.06	157.29	183.97	150.79	124.13	119.42	96.60	9.14	6.90	7.21	6.64
10	नियोजित पूँजी	करोड रु.	3,836.51	4,381.96	4,853.15	5,305.38	11,704.47	14,211.30	16,208.23	14,248.04	15,208.55	16629.66	15183.59
11	नियोजित पूँजी पर प्रतिलाभ	%	36	37	35	37	22	26	26	25	23	25	23
12	मूल्य योग	करोड रु.	3,314.95	3,957.52	4,988.95	5,594.64	6,945.29	8,825.63	9,206.31	9,153.60	10,203.46	11990.49	12474.74
13	प्रति शेयर अंकित मूल्य	रु.	1,000.00	1,000.00	1,000.00	1,000.00	1,000.00	1,000.00	1,000.00	1,000.00	1,000.00	1000.00	1000.00
14	प्रति शेयर बूक वैल्यु	रु.	22,657.67	25,143.23	27,832.48	30,952.64	35,129.34	41,171.58	47,956.42	29,846.53	24,021.18	23171.89	23971.26
15	प्रति शेयर लाभांश	रु.	2,953.31	5,364.78	5,579.37	6,271.43	8,422.81	11,944.95	13,569.95	32,098.34	20,610.52	19358.54	21115.00
16	प्रति शेयर कमाई	रु.	7,341.44	8,814.57	9,216.84	10,443.57	13,998.43	19,900.71	22,598.82	19,443.58	19,066.97	22450.21	31800.60
17	इक्यूटी शेयरों की संख्या	संख्या	1,864,009	1,864,009	1,864,009	1,864,009	1,864,009	1,864,009	1,864,009	1,864,009	1,864,009	1,864,009	1412266

वर्तमान प्रबंधन

(21.07.2017 के अनुसार)

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक	:	श्री ए. के . झा
कार्यकारी निदेशक	:	श्री जे. पी. सिंह निदेशक (तकनीकी/संचालन)
		श्री के. के. पारिडा निदेशक (वित्त)
		श्री एल. एन. मिश्रा निदेशक (कार्मिक)
		श्री ओ. पी. सिंह निदेशक (तक./यो.एवं परियो.)
अंशकालीन सरकारी निदेशक	:	श्री आर. के. सिन्हा संयुक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली
		श्री एस. एन. प्रसाद, निदेशक (विपणन), सीआईएल, कोलकाता
स्वतंत्र निदेशक गण	:	श्री एच. एस. पति
	:	डॉ राजीव मल्ल
स्थायी आमंत्रित	:	श्री जी. सी. राय मुख्य परिचालन प्रबंधक, पूर्व तट रेलवे, भुवनेश्वर
कंपनी सचिव	:	श्री. ए.के. सिंह

2016-17 के दौरान प्रबंधन

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक	:	श्री ए. के . झा
कार्यकारी निदेशक	:	श्री जे. पी. सिंह निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री के.के. परिडा निदेशक (वित्त) श्री एल. एन. मिश्रा निदेशक (कार्मिक) श्री ओ.पी. सिंह निदेशक (तक./यो.एवं परियो.) (01.09.2016 से) श्री ए. के. तिवारी निदेशक (तक./संचालन) (31.08.2016 तक)
अंशकालीन सरकारी निदेशक	:	श्री मुकेश चौधरी निदेशक, कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली श्री जसमीत सिंह बिंद्रा निदेशक, कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली (05.08.2016 तक) श्री एस. एन. प्रसाद, निदेशक (विपणन) सीआईएल, कोलकाता
अशासकीय अंशकालीन निदेशक	:	श्री एच.एस.पति डॉ. राजीव मल्ल
स्थायी आमंत्रित	:	श्री जी. सी. राय मुख्य परिचालन प्रबंधक, पूर्व तट रेलवे, भुवनेश्वर
कंपनी सचिव	:	श्री ए. के. सिंह

बैंकर्स

भारतीय स्टेट बैंक,
यूको बैंक,
केनरा बैंक,
पंजाब नेशनल बैंक,
यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया,
इंडियन ओवरसीज बैंक,
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया,
बैंक ऑफ इंडिया,
आईसीआईसीआई बैंक,
आंध्रा बैंक,
बैंक ऑफ बड़ौदा,
ऐक्सिस बैंक,
आईडीबीआई बैंक,
एचडीएफसी बैंक,
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया,
ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स,
इलाहाबाद बैंक,
सिंडिकेट बैंक,
कॉर्पोरेशन बैंक
बैंक ऑफ महाराष्ट्र

वैधानिक लेखा परीक्षक

मैसर्स सिंह रे मिश्रा एंड कं,
चार्टर्ड अकाउंटेंट, भुवनेश्वर

शाखा लेखा परीक्षक

मैसर्स एसआरबी एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड अकाउंटेंट, भुवनेश्वर

लागत लेखा परीक्षक

मैसर्स चंद्र वाधवा एंड कंपनी
लागत लेखाकार, नई दिल्ली

शाखा लागत लेखा परीक्षक

मैसर्स एस. धल एंड कं
लागत लेखाकार, भुवनेश्वर

सचिवीय लेखा परीक्षक

मैसर्स देव महापात्र एंड कं
कंपनी सचिव, भुवनेश्वर, ओडिशा

पंजीकृत कार्यालय

पो: जागृति विहार, बुर्ला,
संबलपुर -768020, ओड़िशा
वेबसाइट: www.mahanadicoal.in

सूचना

25 वी वार्षिक आम बैठक

सूचना दी जाती है कि महानदी कोलफील्डस लिमिटेड की 25 वीं सामान्य बैठक जो मूलतः 21 जुलाई, 2017 शुक्रवार को सुबह 11:00 बजे पंजीकृत कार्यालय/पोस्ट :जागृति विहार, बुर्ला, सम्बलपुर-768020 मे निम्नलिखित कार्यों के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु आयोजित की गई है ।

सामान्य कार्य:

1. स्वीकार एवं पालन करने हेतु :

क. 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणी जिसमें 31 मार्च, 2017 का लेखा परीक्षित तुलनपत्र और उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लिए लाभ-हानि विवरणी और निदेशक मंडल वैधानिक परीक्षक तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार का रिपोर्ट शामिल है।

ख. 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की समेकित लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणी जिसमें 31 मार्च, 2017 को लेखा परीक्षित तुलनपत्र और उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लिए लाभ-हानि विवरणी और निदेशक मंडल वैधानिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट।

2. वित्तीय वर्ष 2016-17 के भुगतान की गई इक्विटी शेयर पर अंतरिम लाभांश जो 2016-17 के लिए अंतिम लाभांश होने की पुष्टि।

3. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 152(6) के रोटेशन टर्म के कारण सेवा निवृत्त हुए निदेशक श्री एल.एन. मिश्रा (डीआईएन 07437632) के स्थान पर पात्र होने के कारण उन्हें पुन: निदेशक नियुक्त करना।

4. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 152(6) के रोटेशन टर्म के कारण सेवा निवृत्त हुए निदेशक श्री ओ. पी सिंह (डीआईएन 07627471) के स्थान पर पात्र होने के कारण उन्हें पुन: निदेशक नियुक्त करना।

5. बोर्ड द्वारा लिए गए निर्णयानुसार प्रमुख लेखा परीक्षक मेसर्स सिंह रे मिश्रा एंड अधिकृत लेखाकार, भुवनेश्वर एवं शाखा लेखा परीक्षक मेसर्स एआरबी एण्ड एसोसिएट्स, सनदी लेखाकार, भुवनेश्वर भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए नियुक्त किया गया था, के पारिश्रमिक की स्वीकृति देना ।

   "निदेशक मंडल के निर्णयानुसार कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 142 (1) के प्रावधानों एवं अन्य लागू प्रावधानों, यदि हों तो, उसके तहत वित्तीय वर्ष 2016-1 के कंपनी के लेखा की लेखा परीक्षा के लिए प्रमुख लेखा परीक्षक मेसर्स पाम्रा एंड एसोसिएट्स, अधिकृत लेखाकार, भुवनेश्वर एवं शाखा लेखा परीक्षक मेसर्स एस.आरबी एसोसिएट्स, सनदी लेखाकार के पारिश्रमिक, यात्रा भत्ता एवं जेबी खर्च की प्रतिपूर्ति की स्वीकृति तथा भुगतान के लिए संकल्प लिया गया।"

6. वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए लेखा परीक्षकों के पारिश्रमिक को निश्चित करने के लिए यथोचित हो, तो निम्न संकल्प को सामान्य संकल्प के रूप में पारित करना।

"यह संकल्प लिया गया है कि कंपनी के निदेशक मंडल 2017-18 के वित्तीय वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त किए जाने वाले ऑडिटरों की जेब खर्च, राजस्व करों और अन्य सहायक खर्चों से पारिश्रमिक को निश्चित करने के लिए प्राधिकृत होंगे। "।

<u>विशेष कार्य</u>

7. मद संख्या-1, वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए कंपनी के लागत परीक्षकों के लिए मानदेय में सुधार स्वीकार करने और यदि बदलाव(बदलावों) के साथ या बिना बदलाव के पास करने के लिए सही होना माना जाता हे तो निम्न संकल्प सामान्य संकल्प है।

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 148(3) और कंपनी(लेखा परीक्षा और लेखा परीक्षकों) नियमावली, 2014 और अधिनियम की अन्य प्रावधानों के तहत कंपनी, मुख्यालय और इसकी ईकाइयों - ईब कोयलांचल तथा बसुन्धरा क्षेत्र के लागत रिकार्ड की लेखा परीक्षा के लिए कुल लेखा परीक्षा फीस रु. 2,78,910.00 प्रतिवर्ष, जेब खर्च रु.1,39,455.00(अधिकतम) प्रतिवर्ष और लेखा परीक्षा फीस पर लागू सेवा कर के आधार पर मेसर्स चन्द्र वाधवा एंड कंपनी, लागत लेखाकार, नई दिल्ली को वर्ष 2016-17 के लिए कंपनी का प्रधान लागत लेखा परीक्षक नियुक्त किया जाता है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148(3) और कंपनी(लेखा परीक्षा तथा लेखा परीक्षकों) नियमावली,2014 और अधिनियम की अन्य प्रावधानों के तहत कंपनी के तालचेर कोयलांचल, क्षेत्रों के लागत रिकार्ड की लेखा परीक्षा के लिए कुल लेखा परीक्षा फीस रु. 184,570.00 प्रतिवर्ष, जेब खर्च रु. 92,385.00 (अधिकतम) प्रतिवर्ष और लेखा परीक्षा फीस पर लागू सेवा कर के आधार पर मेसर्स को वर्ष 2016-17 के लिए कंपनी का शाखा लागत लेखा परीक्षक नियुक्त किया जाता है।

आगे संकल्प लिया गया है कि कंपनी के निदेशक मण्डल को एतद द्वारा इस संकल्प को प्रभावी रूप देने के लिए सभी कार्य करने, विलेख, मामलें और अन्य चीजें जैसा कि आवश्यक, वांछनीय या समीचीन हो, के लिए प्राधिकृत किया जाता है।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
महानदी कोलफील्डस लिमिटेड

ह/-
(ए .के .सिंह)
कंपनी सचिव

अध्यक्ष का वक्तव्य

मित्रों,



श्री अनिल कुमार झा

मुझे महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड की 25 वीं वार्षिक आम बैठक(एजीएम) में आपका स्वागत करते हुए अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है। वर्ष 2016-17 के लेखा परीक्षित रिपोर्ट; निदेशकों के रिपोर्ट के साथ ही साथ वैधानिक लेखा परीक्षक तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक रिपोर्ट एवं समीक्षा जिसे पहले ही आपको परिचालित किया गया है। आपकी अनुमति से, मैं यह मान लेना चाहता हूँ कि आपने उन्हें पढ़ लिया है।

वित्तीय वर्ष 2016-17 एमसीएल के लिए एक और चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा है। विषमताओं के बावजूद अपने सर्वोत्तम अभ्यासों और परिचालन उत्कृष्टता के कारण एमसीएल सीआईएल के सर्वश्रेष्ठ सहायक कंपनियों में से एक के रूप में उभरा है यह मेरे लिए गर्व एवं सौभाग्य की बात है कि आपकी कंपनी ने एमसीएल के इतिहास में 139.208 मिलियन टन कोयला उत्पादन का सर्वोत्तम लक्ष्य हासिल किया है। वर्ष के दौरान ओबी (OB) हटाना 123.34 मिलियन क्यूबिक मीटर था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 25.33% अधिक था। आपकी कंपनी ने सीआईएल की अनुषंगियों की तुलना में 143.01 मिलियन टन कोयले का प्रेषण किया है। सीआईएल के सभी अनुषंगियों की तुलना में एमसीएल में पर्यावरण हितैषी तरीके से 17 सरफेस माइनर कोयला उत्पादन भी शामिल था तथा इस तकनीक के माध्यम से हम करीब 92% कोयले का उत्पादन करते हैं। 9% की वृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करके कोल इंडिया लिमिटेड की सभी अनुषंगियों में एमसीएल ने रू. 6853.32 करोड़ (पीबीटी) का लाभ अर्जित किया है । यह आपके सतत समर्थित तथा बहुमूल्य मार्गदर्शन के कारण ही संभव हो पाया है। अपने कार्यों में हमें प्रेरित करने के लिए हितधारकों और राष्ट्र के लिए मूल्यों को बनाने में आपका निरंतर विश्वास, सहयोग और सदभावना हमेशा से हमारे लिए मार्गदर्शक रहा है ।

कोयला ऊर्जा के प्राथमिक स्रोत के रूप में:

कोयला सातों दिन चौबीस घंटे ऊर्जा का प्रमुख टिकाऊ सस्ता तथा विश्वसनीय स्रोत है। वैश्विक तौर पर पर्यावरणीय कारको और सस्ते तेल तथा गैस की उपलब्धता के कारण वाणिज्यिक ऊर्जा के लिए कोयले का उपयोग कम होते जा रहा है। हालांकि भारत में इसका परिदृश्य पूरी तरह अलग है। विद्युत मंत्रालय के बेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, कोयला देश में 76.4% विद्युत उत्पादन करता है। निकट भविष्य में बिजली उत्पादन में कोयले की अहम भूमिका की संभावना है, क्योंकि देश में सीमित तेल के रिजर्व के साथ इसके प्रचुर मात्रा में सुरक्षित और सस्ते उपलब्धता के कारण जल ऊर्जा और परमाणु ऊर्जा संसाधनों के तेजी से विकास के लिए इसकी सीमाएं है। सौर ऊर्जा के साथ इसको वहाँ सीमाओं का सामना करना पड़ता हैं जहां यह रात के समय बिजली उत्पन्न नहीं कर सकता ।

हमारे देश में जीवाश्म संसाधनों के 97% कोयले से प्राप्त होता है । राष्ट्रीय कोयला सूची के दिनांक 01.04.2016 के अनुसार 69 विभिन्न कोयला अंचलो में 1200 मीटर की गहराई तक 308.802 बिलियन टन (बीटी) ठोस कोयला संसाधन है ।

ओड़िशा के तालचेर और ईब-वैली कोलफील्ड्स विशाल तापीय श्रेणी के नॉन-कोकिंग कोयले का भंडार गृह है ।

ओड़िशा का भारत में कोयला भंडार में झारखंड के बाद दूसरा स्थान है । दिनांक 01.04.2016 के अनुसार ओड़िशा में कुल कोयले भंडार का 75.895 बिलियन टन अनुमानित किया गया है जो कि कुल राष्ट्रीय कोयला भंडार का करीब 24.57% है। ओड़िशा के दो कोयला अंचल तालचेर और ईब- वैली कोलफील्ड्स एमसीएल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। तालचेर भारत में सबसे बड़ा कोलफील्ड्स (51.065 बिलियन टन) तथा ईब-वैली भारत में तीसरा सबसे बड़ा (24.831 बिलियन टन) कोलफील्ड्स है।

भविष्य में देश की आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए कोयला उत्पादन में वृद्धि लाने की बड़ी जिम्मेवारी है। खदान से बाजार तक अपने सर्वोत्तम अभ्यासों द्वारा आपकी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड की प्रमुख कंपनी होने के नाते देश को ऊर्जा सक्षम बनाने की दिशा में प्रमुख ज़िम्मेदारी रखती है। हम विनम्रता के साथ राष्ट्र के विकास में भारत को और अधिक ऊर्जा सक्षम बनाने हेतु अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

1. 2016-17 में एमसीएल के कार्यनिष्पादन का अवलोकन -

आपकी कंपनी का प्रभावशाली वित्तीय परिणाम रहना जारी है। वर्ष 2016-17 के दौरान एमसीएल बेहतरीन प्रदर्शन करने में सक्षम रही है। तथ्य यह है कि आपकी कंपनी वर्ष 2016-17 के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड की प्रमुख कंपनी के रूप में उभरी है और साथ ही पर्यावरण हितैषी तरीके से कोयला के प्रेषण, उत्पादन और लाभप्रदत्त के मामले में कोल इंडिया के नंबर एक अनुषंगी कंपनी के रूप में उभरी है। यह इस अवसर को बहुत ही खास बना देता है। आपकी कंपनी ने 139.208 मिलियन टन कोयला उत्पादन का रिकार्ड बनाया है और पिछले वर्ष की तुलना में 0.95% की वृद्धि दर्ज की है। इस अवधि के दौरान एमसीएल से 143.01 मिलियन टन कोयला निकाला गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.98% की वृद्धि को दर्शाता है। यहाँ ओबी (OB) हटाने में 98.4 मिलियन घनमीटर से 123.34 मिलियन घनमीटर मात्रा की वृद्धि हुई है, जो 25.33% की वृद्धि को दर्ज करती है।

चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद के समग्र विकास ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर अनुकूल प्रभाव डाला है। आपकी कंपनी ने भी उल्लेखनीय बेहतर कार्य निष्पादन किया है। आपकी कंपनी ने समीक्षाधीन वर्ष में रू.23,450.72 करोड़ का सकल विक्रय करते हुए कर पश्चात रू 4,491.09 करोड़ का लाभ अर्जित किया है। आपकी कंपनी ने इस वर्ष के लिए रू.1,000 प्रति शेयर के अंकित मूल्य पर प्रति इक्विटी शेयर रू. 21,115/- के लाभांश की सिफारिश की है जो कि पिछले वर्ष रू. 19,358.54 प्रति शेयर था। लाभांश रूप में

कुल रू.3589.06 करोड़ निसृत (आउटफ्लो) हुए जिसमें सीआईएल को रू. 2,982 करोड़ के लाभांश का भुगतान एवं लाभांश पर कर के रूप में रू. 607.06 करोड़ का भुगतान शामिल है।

2. परियोजना प्रोफाइल -

एमसीएल में 51 (2 रिक्त(एक्जास्टेड) परियोजना सहित) स्वीकृत खनन परियोजनाएं हैं। रु.11,832.52 करोड़ के स्वीकृत पूंजी परिव्यय के साथ इन स्वीकृति परियोजनाओं की क्षमता 224.41 एमटीवाई है। 51 परियोजनाओं में से 35 परियोजना (2 रिक्त(एक्जास्टेड) परियोजना सहित) रु. 3,000.017 करोड़ के पूंजीगत लागत व्यय के साथ पूरी की गई तथा इन स्वीकृत परियोजना की क्षमता 102.58 एमटीवाई है। 121.83 एमटीवाई क्षमता वाली 16 चालू परियोजनाओं की पूंजीगत लागत रु. 8,832.50 करोड़ है ।

एक अग्रदृष्टि वाली (आगे देखने वाली) कंपनी के रूप में, एमसीएल को वाशरी/सीएचपी/साईलो, आरएलएस, ट्यूब कनवेयर, अलग परिवहन सड़क, सघन आबादी क्षेत्र को छोड़ते हुए अलग सड़क गलियारा और रेल आधारभूत संरचना आदि को मजबूत/उन्नत करना तथा इस पूरा करने के लिए सहीं दिशा में कार्रवाई की शुरूआत की गई है।

3. विविधीकरण

भावी विकास के लिए विविधीकरण कुंजी है । ओड़िशा के बसुंधरा, सुंदरगड़ जिले में कोयले के भंडार के लाभकारी उपयोग की दिशा में, आपकी कंपनी ने सुपर क्रिटिकल तकनीक के साथ 1600(2X800) मेगावाट के कोयला आधारित थर्मल पवार प्लांट पर विचार किया है । इस उद्देश्य से गठित महानदी बेसिन पावर लिमिटेड (एमबीपीएल) ने बिजली संयंत्र स्थापना की दिशा में कई नए मुकाम हासिल किए हैं। ई.आई.ए. अध्ययन पूरा हो चुका है। कोल लिंकेज पर विचार करने के लिए केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (उर्जा मंत्रालय की नोडल एजेंसी) ने उर्जा मंत्रालय से सिफारिश की है। ओड़िशा सरकार की उच्च स्तरीय मंजूरी प्राधिकरण ने रखे गए प्रस्ताव पर विचार करने हेतु एमबीपीएल के परियोजना को सैद्धांतिक रुप से पर्यावरण मंजूरी दी है। ओड़िशा सरकार के जल आवंटन समिति, ने एमबीपीएल के प्रस्तावित टीटीपी को हीराकुद जलाशय से 49 क्यूसेक (Cusec) पानी के आवंटन की सिफारिश की है। कोल इंडिया लिमिटेड बोर्ड ने काम शुरू करने के लिए पहले वर्ष के व्यय के लिए रु. 1019 करोड़ की मंजूरी दे दी है।

राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए रेल द्वारा कोयले की निरंतर आपूर्ति हेतु अवसंरचना के विकास को ध्यान मे रखकर आपकी कंपनी ने भारतीय रेलवे और ओड़िशा सरकार के साथ संयुक्त उपक्रम/एसपीवीएस का गठन किया हैं। राष्ट्र को ऊर्जा कुशल बनाने की वचनबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक संयुक्त उद्यम महानदी कोलफील्ड्स रेलवे लिमिटेड को संम्मिलित किया गया है।

अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति चिन्हित करने के लिए आपकी कंपनी आनंद विहार, बुर्ला, संबलपुर में 2 मेगावाट फोटोवोल्टिक सौर ऊर्जा संयंत्र सफलता पूर्वक स्थापित की जा चुकी है और यह 25 से 30 लाख यूनिट प्रतिवर्ष बिजली का उत्पादन करती है।

4. अन्य सुधार क्षेत्र -

नवाचार प्रक्रिया और नई पहल किसी भी संगठन की सफलता के लिए उसके सबसे महत्वपूर्ण कारक हैं। एमसीएल में हमने कोयले के उत्पादन से प्रेषण तक व्यावसायिक प्रक्रियाओं में कई बदलाव किए हैं। एमसीएल संस्था निर्माण में अग्रणी है और जब सरफेस माइनर की खरीद अथवा अन्य ठेके के लिए टेंडर के ई-मोड की बात आती है तब यह कोल इंडिया की अन्य सहायक कंपनियों में विशेष दिखाई देती है। वर्ष 2016-17 के दौरान, ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से 2940.51 करोड़ रुपये की लागत की 2068 निविदाएँ आमंत्रित की गई। एमसीएल में वर्तमान ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली के सिद्धांतों और सफल कार्यान्वयन को सभी अनुषंगियों के लिए ई-प्रोक्योरमेंट की एक प्लेटफ़ार्म विकसित करने हेतू सीआईएल के साथ सांझा किया गया है।

आपकी कंपनी असफल बोलीदाताओं/आपूर्तिकर्ताओं को बयाना राशि की ऑनलाइन वापसी शुरू करने वाली भारत की पहली कंपनी है। आपूर्तिकर्ताओं/बोलीदाताओं को 24.21 करोड़ रुपए की (15 अक्टूबर 2013 से 31 मार्च 2016 तक) बयाना राशि स्व-चलित रूप से वापस कर दी गई है। वर्ष 2016-17 के दौरान 4292 असफल/अस्वीकृत/आपूर्तिकर्ता/बोलीदाता को बाधारहित तरीके से स्व-चलित माध्यम द्वारा कुल रू.13.63 करोड़ रुपया वापस किया गया। इससे बोलीदाता की भागीदारी बढ़ी है तथा विक्रेता आधार में भी सुधार हुई है।

कोलनेट सर्वर में बिल ट्रेकिंग मॉड्यूल सफलतापूर्वक चल रहा है। इस प्रणाली में संबंधित उपयोगकर्ता विभाग ठेकेदारों/विक्रेताओं से प्राप्त बिलों को ऑनलाइन प्राप्त करते है। बिल प्राप्ति पर जेनरेट की गई पावती ग्राहकों/ ठेकेदारों को सौंप दी जाती है। बिलों के अंतिम गंतव्य अर्थात भुगतान तक स्थिति को संबंधित पक्षो द्वारा ऑनलाईन देखने के लिए कोलनेट सर्वर पर अद्यतन किया जा रहा है तथा इन अद्यतन सूचनाओं को एमसीएल की वेबसाईट पर अपलोड किया जा रहा है। इस प्रकार संबंधित पक्ष अपने संबंधित बिलों की स्थिति को स्वयं हमारी वैबसाइट पर ट्रैक कर सकते हैं ।

एमसीएल कंपनी के दैनंदिन क्षेत्रीय एवं कार्यालयी संव्यवहारों में पारदर्शिता लाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी आधारित पहलों को कार्यान्वित करता रहा है। कंपनी द्वारा किए गए बड़े पहल इस प्रकार है-

- आरएफआईडी के साथ इन मोशन रोड वे-ब्रीज और इसके कोलनेट के साथ अनुयोजकता की शुरुआत।
- जीपीएस आधारित व्हीकल ट्राकिंग सिस्टम (वीटीएस) एवं कोयले की चोरी को रोकने के लिए खनन क्षेत्रों की भू-घेराबंदी की गई।
- प्रचालन दक्षता एवं भ्रष्टाचार उन्मूलन में वृद्धि हेतू ई-निगरानी इकाई की संस्थापना की गई।
- ओएफ़सी/रेडियो नेटवर्क स्थापित करके 2700 वर्ग किलोमीटर से भी ज्यादा क्षेत्र में फैले कंपनी के कोलनेट को सुदृढ़ किया गया।

- अधिक शुद्धता लाने के लिए 03 डीटीएलएस के 4 खरीद की कार्रवाई शुरू की गई।(02 ईबी-वैली तथा 02 तालचेर कोलफील्ड्स के लिए)
- कोयला मापन भंडार के लिए सरपैक सोफ्टवेयर की शुरुआत की गई।
- संविदा समाप्ति,खरीद,आश्रितों के लिए रोजगार आदि से संबन्धित फाइलों के संचालन में अत्यधिक देरी को ध्यान में रखते हुए प्रणालीगत सुधार उपाय के भाग के रूप में कोलनेट पर फाइल ट्रेकिंग प्रणाली की शुरुआत की गई। इससे फाइल संचालन में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है।
- जवाबदेही और वर्तमान प्रणाली के अध्ययन की सुविधा को बढ़ाने हेतु कई मोबाइल एप्प विकसित किए गए।

इसके साथ ही आपकी कंपनी की परिचालना उत्कृष्टता बढ़ाने के लिए उन्न्त तकनीकी को अपनाया जा रहा है ।

4.1 उत्पाद एवं सेवा की गुणवत्ता -

एमसीएल ने अपनी पूरी मूल्य श्रृंखला में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किया है ताकि हर कीमत पर अपने ग्राहकों की संतुष्टि को बनाए रखा जा सके। खनन के परम्परागत तरीके को रणनीतिक रूप से नई प्रौद्योगिकियों के द्वारा प्रतिस्थापित किया जा रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में एमसीएल अधिक राख वाले कोयले की किफायती धुलाई के लिए निर्माण,संचालन और अनुरक्षण की अवधारणा पर आधारित एमसीएल चार कोयला वाशरीज़ अर्थात 10 एमटीवाई क्षमता के हिंगुला वाशरी, बसुंधरा वाशरी, कुलडा ओसीपी में, लखनपुर में ईब-वैली वाशरी और जगन्नाथ वाशरी की प्रथम चरण में स्थापना के लिए आगे बढ़ रहा है। जबकि, हिंगुला वाशरी (10 एमटीवाई) एवं जगन्नाथ वाशरी (10 एमटीवाई) के लिए पहले की निविदा को बीओएम संकल्पना पर कार्यान्वित नहीं किया गया है और नए/पुन:निविदा करने की अवधि के दौरान, सीआईएल के निदेशानुसार इन वाशरी की स्थापना बीओएम से बदलकर बीओओ संकल्पना पर किया गया। "वह कोयला मंत्रालय के इस निर्णय पर आधारित है कि प्रस्तावित सभी नए वाशरी जिनका निविदा आमंत्रित किया जाना है। उन सभी को बीओओ संकल्पना के अंतर्गत बनाया जाए।" तदनुसार हिंगुला वाशरी (10 एमटीवाई) एवं जगन्नाथ वाशरी(10 एमटीवाई)की निविदा बीओओ के अंतर्गत बोली दस्तावेज़ सीएमपीडीआई में तैयार की जा रही है। बीओओ संकल्पना के अंतर्गत वाशरी बीओओ ओपरटर द्वारा स्थापित किया जाएगा और वाशरी के लिए भूमि एमसीएल द्वारा पट्टे पर दी जाएगी। इसके प्रचालन लागत का भुगतान एमसीएल द्वारा किया जाएगा।

एमसीएल तीन वाशरी लखनपुर वाशरी(20 एमटीवाई क्षमता), गर्जनबहल वाशरी (10 एमटीवाई क्षमता) और सियारमल वाशरी (40 एमटीवाई क्षमता) बनाने की योजना बना रहा है।

एमसीएल ने अन्य ग्राहकों सहित विभिन्न पावर हाऊस को होने वाली कोयला आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार के साथ साथ ग्राहक संतुष्टि को पूरा करने पर अत्यधिक ध्यान दिया है। विभिन्न क्षेत्रों जैसे- ईब-

वैली, लखनपुर, ओरिएंट, बसुंधरा, जगन्नाथ, लिंगराज, भरतपुर, हिंगुला, तालचेर और कनिहा में कुल 10 कोयला जांच प्रयोगशालाएँ है। ये सभी आधुनिक उपष्करण जैसे कोयले के जीसीवी के निर्धारण के लिए इलेक्ट्रोनिक ऑटो बॉम्ब केरोमीटर से पूरी तरह युक्त है। ईब-वैली, भरतपुर क्षेत्र एवं जगन्नाथ क्षेत्र की कोयला जांच प्रयोगशालाओं को वैधता के साथ एनएबीएल से मान्यता प्रदान किया गया है।

कोयला की गुणवत्ता को अनुरक्षित रखने के लिए कोयला परत के बीच के कूड़ा को सरफेस माइनर द्वारा अलग किया जा रहा है। शत प्रतिशत कोयला प्रेषण मापन हेतु सभी साइडिंग में प्रिंट आउट सुविधा सहित इलेक्ट्रॉनिक वे-ब्रिज मौजूद हैं। इसके अलावा, कंपनी ने 100% वेबमेंट के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु वजन दर बेबब्रिज उपलब्ध कराया है। ग्राहकों के लिए कम से कम 100 आकार के 100% कोयले की आपूर्ति के लिए उचित प्रयास किया जा रहा है।

आपकी कंपनी की व्यापक एकीकृत प्रबंधन प्रणाली (आईएमएस) को 9001:2008 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, आईएसओ 14001:2004 पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली और ओएचएसएएस 18001:2007 व्यावसायिक स्वास्थ्य प्रबंधन प्रणाली से मान्यता प्राप्त हुई है, जो सभी प्रचलित अंतरराष्ट्रीय मानकों की पुष्टि करती है। ये पद्धतियां प्रचालन में हैं और उत्कृष्टता प्रचालन की दिशा में योगदान कर रही हैं।

4.2 सुरक्षा -

खदानों और इनमें कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा को एमसीएल में शीर्ष प्राथमिकता दी जाती है। उत्पादन के उच्च लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सुरक्षा के मामलों में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। आपकी कंपनी की मुख्य क्षमताओं में से एक है 'सुरक्षित खनन', जिसे सुरक्षित तरीके और तकनीक के निरंतर प्रयोग के माध्यम से प्राप्त किया गया है। 'शून्य दुर्घटना' लक्ष्य के साथ, आपकी कंपनी नियमित रूप से तैयार होती है योजना बनाती है तथा स्वयं को सूसज्जित करती है ताकि " शून्य दुर्घटना" को प्राप्त किया जा सके तथा कर्मचारी को अधिक उत्पादन के लिए प्रेरणा दी जा सके। इस दिशा में हमारे प्रयासों में अन्य बातों के साथ उचित सुरक्षा उपकरण, प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) उपलब्ध कराना और सुरक्षा से संबंधित अनुपालन की सख्त निगरानी शामिल है। वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान घातक दुर्घटना के छह मामले सूचित किए गए हैं। आपकी कंपनी अपने सभी कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए प्रयासरत है और किसी भी खनन कार्य में सुरक्षा मानकों के साथ वह कभी समझौता नहीं करती ।

इसके अलावा, खनन कार्य के दौरान किसी भी अप्रत्याशित घटना पर काबू पाने के लिए, आपकी कंपनी ने अपने सभी बचाव स्टेशनों को पूरी तरह से सुसज्जित किया है और पर्याप्त प्रशिक्षित बचाव कर्मी तैनात किए गए हैं। आपकी कंपनी का दृढ़ विश्वास है कि सुरक्षा और उत्पादकता को अलग नहीं किया जा सकता और यह कार्य स्थल पर उत्पादन और सुरक्षा के बीच एक अच्छा संतुलन कायम करने की कोशिश करती है। कंपनी के शून्य क्षति के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए आपकी कंपनी ने सभी कर्मचारियों को सुरक्षित वातावतरण प्रदान करने हेतु अनेक उपाय किए हैं ।

4.3 निगमित प्रशासन -

एमसीएल स्वतंत्र निदेशको को छोडकर भारत सरकार के लोक उद्यम विभाग(सीपीएसईएस) द्वारा समय समय पर जारी सार्वजनिक उपक्रमों के लिए निगमित प्रशासन के दिशा-निर्देशों मे अनुबंधित शर्तो को पूरा करता है। कथित दिशानिर्देशों और प्रावधानों के तहत, निदेशकों की रिपोर्ट में कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर एक अलग खंड जोड़ दिया गया है और कॉर्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों के अनुपालन का प्रमाण पत्र अभ्यासी कंपनी सचिव से प्राप्त किया गया है इस विश्वास के साथ कि 'सुशासन' सफल कंपनियों की पहचान हो, बोर्ड के कामकाज में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की आवश्यकता के अनुसार सचिवीय लेखा परीक्षा आरंभ की गई है। सचिवीय ऑडिट रिपोर्ट निदेशकों की रिपोर्ट के हिस्से के रूप में संलग्न है।

4.4 पर्यावरण पहल

आप की कंपनी पूरे सीआईएल में 42% की औसत उपलब्धियों की तुलना में 92% के बराबर पर्यावरण हितैषी खनक द्वारा उच्चतम मात्रा में कोयले का उत्पादन करती है। क्योंकि सरफेस माइनर पूरी तरह से पारंपरिक खनन में आवश्यक ड्रिलिंग,ब्लास्टिंग,क्रसिंग आदि जैसे यूनिट संचालन को समाप्त कर लेते हैं जहां संवहनीय खनन की आवश्यकता हो, वहाँ वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान 1,30,000 टन के बराबर कार्बन फूट प्रिंट को बचाने की आवश्यकता होती है। परिवहन ने भी आपकी कंपनी ने परिस्थितिकी के अनुकूल रेल, वाहन, वाशरी मोड और 21% से सड़क के माध्यम से 79% कोयले का प्रेषण किया है।

आवासीय क्षेत्रों में धूल, प्रदूषण को कम करने के लिए तालचेर कोलफील्ड्स में घनी आवादी वाले क्षेत्रों को छोड़कर अलग अलग कोयला गलियारे के निर्माण के लिए आपकी कंपनी कदम उठा रही है।

आपकी कंपनी ने वायु प्रदूषण को कम करने तथा रेल बुनियादी ढांचे को मजबुत बनाने/अद्यतन करने के लिए कदम उठाया हैं ।

स्रोत पर वायु प्रदूषण को कम करने के लिए आपकी कंपनी ने कुल करीब 1000 करोड़ के खर्च पर भरतपुर, लिंगराज, हिंगुला, भूबनेश्वरी तथा लखनपुर ओसीपी में ट्यूब कंवेयर, साइलों, तीव्र लोडिंग सिस्टम के निर्माण हेतु प्रणाली गत सुधार उपायों की शुरुआत की।

ऐसे कोयले जिनमें 34% से अधिक राख़ न हो, के 500 किलोमीटर से ज्यादा कोयले की परिवहन के संबंध में पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के निर्देशों का अनुपालन करने के लिए तथा ग्रीनहाऊस गैस को कम करने के लिए प्रथम चरण में लगभग 1200 करोड़ के अनुमानित व्यय राशि के साथ 4 वाशरी के निर्माण हेतु आपकी कंपनी ने कदम उठाए।

आपकी कंपनी ने विभिन्न औद्योगिक और घरेलू प्रयोजनों के लिए बरसात के मौसम मे होने वाले जल का उपयोग करने के लिए निरंतर जल का संचयन और जल निकासी तथा भूजलीय पदार्थों को रिचार्ज करने तथा उन्हें सतह पर एकत्रित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए है। सभी 15 खुले खदानों को शून्य डिस्चार्ज बनाने का प्रयास किया जा रहा है। खदान में होने वाले इतने बड़े संचयन के कारण भू-

जल के अनुमानित संचयन लगभग 1300 करोड़ लीटर हो जाता है। इसके अलावा मौजूदा तालाबों के नवीकरण और उनके निराकरण के लिए नए तालाबों के निर्माण और सतह जल निकायों के सुधार आदि के लिए सीएसआर के तहत वर्षा जल संचयन उपायों की संख्या को लिया जा रहा हैं ।

पर्यावरण के लिए कंपनी की चिंता को ध्यान में रखते हुये एमसीएल ने पर्याप्त भौतिक सुधार के बाद मिश्रित स्वदेशी प्रजाति के पौधों को बाहरी डंपों तथा बैकफिल क्षेत्रों में साथ ही साथ खदान में अन्य भूमि और रास्ते के खाली भाग में लगाए गए हैं। प्रारम्भ से बृक्षारोपण 52.19 लाख (तालचेर कोलफील्ड्स - 21.43 लाख, ईब-वैली कोलफील्ड्स 29.93 लाख तथा मुख्यालय 0.83 लाख) है। पिछले वित्तीय वर्ष में एमसीएल (20 किलोग्राम/पेड़/वर्ष) की वृक्षारोपण गतिविधियों के कारण कार्बन डाई-ऑक्साइड(CO_2)के 1,04,380 टन के राशि के बराबर कार्बन फूड प्रिंट कमी का अनुमान लगाया गया हैं।

"केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी और संधारणीयता" पर जारी सितंबर, 2011 की डीपीई दिशानिर्देश व तत्पश्चात अप्रैल, 2013 को किए गए संशोधन के अनुसार वर्ष 2011-12 से एमसीएल संधारणीयता प्रतिवेदन प्रकाशित करता आ रहा है। वर्ष 2015-16 के लिए रिपोर्ट का शीर्षक "खनन से विपणन स्थिरता" है और खनन व मेटल सेक्टर सहित कोर (Core) मापदंड के अनुसार जीआरआई जी-4 के लिए गठबंधन किया है। वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए, ट्रिपल बोटम लाइन के अलावा रिपोर्ट कंपनी के मूल पक्षो पर प्रकाश डालती है। यह हितधारक के संदर्भ में महत्व के साथ सामरिक लक्ष्यों और उद्देश्यों के समेकित दृष्टि को विचार प्रदान करता है जो इस संदर्भ में प्रासंगिक तकनीकी और मात्रात्मक सूचनाओं द्वारा समर्थित है।

4.5 आर एंड आर -

आपकी कंपनी परियोजनाओं के क्रियान्वयन के दौरान परियोजना से प्रभावित/विस्थापित परिवारों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए काफी प्रयास कर रही है और साथ ही उनके विकास के साथ प्रगति के लिए भी प्रतिबद्ध है, जो इसकी आर एंड आर नीति में परिलक्षित है। एमसीएल ओड़िशा राज्य की आर एवं आर नीति का पालन करती है और 2015-16 के दौरान 307 लोंगों को रोजगार देने की तुलना में 2016-17 मे 777 लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है तथा इसकी स्थापना के बाद से कुल 12,940 लोगों को रोजगार दिया गया है। भू विस्थापितों की शिकायतों के निवारण के लिए एमसीएल आरपीडीएसी के परामर्श पर कार्य करती है । भू विस्थापितों के लाभ के लिए पक्की सड़कों, स्ट्रीट लाइट, स्वास्थ्य केंद्र, डाकघर, दैनिक बाजारों, स्कूलों, सामुदायिक केंद्रों, पूजा स्थलों, आदि के साथ पुनर्वास बस्तियां स्थापित की गई हैं। एमसीएल सभी परिधीय ग्रामीणों को निशुल्क प्रति रोगी 2.00 रुपए के नाममात्र शुल्क पर अपने मौजूदा अस्पतालों/डिस्पेंसरियों में ओपीडी की सुविधा प्रदान करता है।

आपकी कंपनी प्रभावित ग्रामीणों के पुनर्वास और पुनर्स्थापन द्वारा खनन गतिविधियों के विस्तार के लिए भूमि का अधिग्रहण करती है।वर्ष 2016-17 के दौरान एमसीएल ने 147.637 हेक्टेयर भूमि पर अधिग्रहण प्राप्त हुआ है ।

4.6 प्रशिक्षण और विकास

वर्तमान मानव संसाधनों के विकास के साथ-साथ तकनीकी उन्नति के स्पष्ट दृष्टिकोण तथा,जनशक्ति की बढ़ोतरी के लिए और उत्पादन तथा तकनीकी की मांग को पूरा करने के लिए प्रशिक्षण एवं विकास हमारी कंपनी की कॉर्पोरेट नीति का अभिन्न हिस्सा है ।

कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए रु.11.98 करोड़ की राशि व्यय की गई है। अधिकारियों,कर्मचारियों और पर्यवेक्षीय कर्मचारियों का कुल प्रशिक्षण दिवस क्रमशः 6946, 48674 एवं 6185 रहा।

एमसीएल में लाभकारी नियोजन के लिए भूमि विस्थापितों में अपेक्षित तकनीकी कौशल विकसित करने के लिए प्रशिक्षण हेतु आपकी कंपनी ने ओड़िशा के कुछ तकनीकी संस्थानों में व्यवस्था की है ।

4.7 सीएसआर -

निगमित सामाजिक दायित्वों के अलावा मनुष्य के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के साथ साथ उन्हें कंपनी के लक्ष्य के प्रति साझेदार बनाना है। जबकि कोयला उत्पादन के वृद्धि को देखते हुए, सीएसआर गाँवों तथा प्रभावित समुदाय के समावेशी विकास को सुनिश्चित करने हेतु किया जाता है। समाज के सतत विकास के लिए एमसीएल ने सीएसआर को व्यापार प्रक्रिया की एक कुंजी माना है।

एमसीएल ने सीआईएल और एमसीएल की सीएसआर नीति के अनुसार वर्ष 2016-17 के लिए सीएसआर गतिविधियों पर पिछले तीन साल के शुद्ध लाभ के 2% की औसत दर, 113.36 करोड़ रुपये खर्च किया है। वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान सीएसआर के तहत रु. 166.60 करोड़ खर्च की गई।

भारत के सामाजिक राजनीतिक निरीक्षक(एसपीओआई) के अनुसार आपकी कंपनी 2015-16 के दौरान भारत में सीएसआर के खर्चों के आधार पर सभी सीपीएसईएस में आठवां स्थान रखती है।

एमसीएल ने महानदी इंस्टीट्यूट के मेडिकल साइन्स एंड रिसर्च (एमआईएमएसआर), तालचेर का निर्माण शुरू किया है, जिसमें एमआईएमएसआर 500 बिस्तरों वाले मल्टी स्पेशियलिस्ट अस्पताल के साथ ही 100 सीट मेडिकल कॉलेज होगा, परियोजना में 300 लड़कों के लिए एक छात्रावास, 200 छात्राओं के लिए अलग से छात्रावास और एक 50- बिस्तरों वाला छात्रावास, छात्रावास के दो ब्लॉक 100% डॉक्टरों के लिए, 57 जूनियर रेसिडेंट डॉक्टरों के लिए 1 छात्रावास तथा नर्सों के लिए 50 बिस्तरों वाले 1 हॉस्टेल निर्माण पर विचार किया जा रहा है। एमआईएमएसआर के लिए रु. 492.62 करोड़ की राशि आवंटित की गयी है, जिनमें से एमसीएल ने वित्तीय वर्ष 2016-17 में 117.5 करोड़ रुपये खर्च किए।

झारसुगुड़ा में 100 बिस्तरों वाले कार्डिक संस्थान व बाउंड्री वाल निर्माण के लिए रु. 75 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है तथा पीडबल्यूडी राज्य सरकार द्वारा टेंडर प्रक्रिया कार्याधीन है।

वित्तीय वर्ष के दौरान प्रमुख गतिविधियाँ निम्नानुसार हैं :-

क्र.सं	सीएसआर परियोजना और गतिविधि	परियोजना स्थल	बजेट राशि (रु.लाख में)	व्ययित राशि (रु.लाख में)
1	एमसीएल के सीएसआर के तहत तालचेर में महानदी इंस्टीट्यूट ऑफ मैडिकल साइंस एंड रिसर्च (एमआईएमआर)	अंगुल	49262.00	11750.70
2	एमसीएल के एसवीए के तहत ओड़िशा के 14 जिलों में विभिन्न सरकारी स्कूल में 10546 टयलेट ब्लॉक का निर्माण (गठन)	अंगुल, बोलंगीर,ढेंकानल, गंजाम, गजपति, जाजपुर, झारसुगुड़ा, कालाहांडी, कंधमाल, खोरदा, नयागढ़, रायगढ़, संबलपुर, सोनपुर	20855.53	1774.39
3	एमसीएल के परिधीय गांवों में पानी की आपूर्ति की व्यवस्था करना।	सुंदरगढ़, अंगुल, झारसुगुड़ा	1366.61	730.25
4	उज्जलपुर बाय पास सड़क का निर्माण ।	सुंदरगढ़	1720.22	422.16
5	झारसुगुड़ा में जिला स्टेडियम का निर्माण	झारसुगुड़ा	1300.00	414.17
6	सीएसआर के अंतर्गत सुंदरगढ़ जिले में विविध विकास कार्य ।	सुंदरगढ़	850.00	230.02
7	ओड़िशा के झारसुगुड़ा जिला के चार ब्लॉक (लाइकेरा, कोलाबीरा, किरमिरा एवं झारसुगुड़ा) में चल रहे विकास कार्यों विविधता का समापन ।	झारसुगुड़ा	672.00	224.34
8	कालोबहल चौक से सरगीपल्ली गांव पंचायत रोड तक सीएसआर के अंतर्गत सड़क को सुदृढ़ बनाना।	सुंदरगढ़	266.93	155.22
9	संबलपुर विश्वविद्यालय के लिए 150 बिस्तरों वाले महिला छात्रावास का निर्माण ।	संबलपुर	547.27	58.57
10	हंडिधुआ चौक से तालचेर कोलफील्ड्स तक की सड़क पर एनटीपीसी वाहक (कन्वेयर) से पहले घंटापड़ा गावों के पास के सड़क पर पुल का निर्माण ।	अंगुल	3494.93	28.00

5. अपेक्षा

हमें उम्मीद है कि जिस प्रकार हम अपने संसाधनों और क्षमताओं का निर्माण कर रहे हैं उससे आने वाले वर्षों में निश्चित रूप से हमें और अधिक सफलता मिलेगी और लगातार ऐसा करने पर हम राष्ट्र की उम्मीद सहित अपने असंख्य हितधारकों की उम्मीदों को पूरा कर सकते हैं।

6. अभिस्वीकृति -

मैं कंपनी के सभी शेयर धारकों, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, कोल इंडिया लिमिटेड, विभिन्न केन्द्रीय सरकार के अधिकारियों,राज्य सरकार के अधिकारियों, प्रतिनिधिनियों, स्थानीय निकायों, सभी कर्मचारियों तथा उनके संघों, हमारे मूल्यवान ग्राहकों, आपूर्तिकर्ता और मीडिया के प्रति उनके समर्थन और सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

ह/-
(अनिल कुमार झा)
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
(डीआईएन: 06645361)

निदेशकों की रिपोर्ट

सेवा में

शेयरधारकों ,

महानदी कोलफील्डस लिमिटेड,

प्रिय शेयरधारकों,

मुझे निदेशक मंडल की ओर से आपकी कंपनी की 25 वीं वार्षिक रिपोर्ट के साथ दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षित लेखों के साथ सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट एवं भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां प्रस्तुत करते हुए काफी हर्ष का अनुभव हो रहा है।

आपकी कंपनी ने चहुदिशा में उत्कृष्टता प्राप्त की है। उत्पादकता, कोयला उत्पादन, ओबी स्थापन और प्रेषण में यह वर्ष भी सफल रहा।

2. संगठन

2.1 महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड संगठन में दो कोयलांचल है जिसमें 10 खनन क्षेत्र 06 भूमिगत एवं 16 खुली खदाने, दो केन्द्रीय कर्मशाला, दो केन्द्रीय चिकित्सालय तथा कोलकाता एवं भुवनेश्वर में 2 विक्रय कार्यालय शामिल है ।

क. **तालचेर कोयलांचल**

- i) जगन्नाथ क्षेत्र
- ii) भरतपुर क्षेत्र
- iii) हिंगुला क्षेत्र
- iv) लिंगराज क्षेत्र
- v) कनिहा क्षेत्र
- vi) तालचेर क्षेत्र (भूमिगत)

ख. ईब वैली कोयलांचल

- i) लखनपुर क्षेत्र
- ii) इब वैली क्षेत्र
- iii) बसुंधरा - गर्जनबहल
- iv) ओरिएंट क्षेत्र (भूमिगत)

2.2 **<u>एमसीएल की अनुषंगी कंपनियां :</u>**

2.2.1 एमजेएसजे कोल लिमिटेड

एमजेएसजे कोल लिमिटेड एमसीएल की एक अनुषंगी कंपनी है जिसे 13 अगस्त,2008 को एमसीएल में शामिल किया गया था । एमजेएसजे कोल लिमिटेड का गठन गोपालप्रसाद ओसीपी में किया गया जहां एमसीएल के 60% शेयर, जेएसडबल्यू स्टील लिमिटेड और जेएसडबल्यू

एनर्जी लिमिटेड प्रत्येक का 11 % शेयर तथा श्याम मेटलिक एंड एनर्जी लिमिटेड (जिसे श्याम डीआरआई पावर लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) तथा जिंदल स्टैनलेस लिमिटेड प्रत्येक का 9% शेयर है। एमजेएसजे कोल लिमिटेड की प्रदत्त शेयर पूंजी दिनांक 31.03.2015 तक रु. 95.10 करोड़ थी। भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय ने दिनांक 25.08.014 को अपना फैसला तथा दिनांक 24.09.2014 को अपना आदेश सुनाया जिसके तहत एमजेएसजे कोल लिमिटेड के आवंटित उत्कल-ए ब्लॉक को अवैधानिक बताकर उसे खारिज कर दिया गया है।

2.2.2 एमएनएच शक्ति लिमिटेड:

एमएनएच शक्ति लिमिटेड का गठन दिनांक 16 जुलाई,2008 को एमसीएल के संयुक्त उद्यम कंपनी के रूप में किया गया था। एमएनएच शक्ति का निर्माण तालाबिरा ओसीपी के लिए किया गया है, जिसमें एमसीएल, नेवेल्ली लिग्नाईट कार्पोरेशन लिमिटेड तथा हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड का शेयर क्रमश:70%,15% तथा 15% है। 31.03.2017 को एमएनएच शक्ति लिमिटेड की शेयर पूँजी रु. 85.10 करोड़ थी। भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 25.08.2014 के निर्णय तथा 24.09.2015 के आदेश में एमएनएच शक्ति लिमिटेड को आबंटित तलाबिरा-।। और तलाबिरा-III कोल ब्लॉक को अवैध घोषित किया तथा आबंटन को रद्द कर दिया गया है।.

2.2.3. महानदी बेसिन पावर लिमिटेड:

महानदी बेसिन पावर लिमिटेड का गठन 02 दिसम्बर, 2011 को किया गया था एवं दिनांक 06.02.2012 को आरओसी द्वारा व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए प्रमाणपत्र दिया गया था। महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड और इसके नामिनियों के 100% शेयर के साथ एमबीपीएल की स्थापना की गई है साथ ही बसुंधरा कोयलांचल में पिट हेड पावर संयंत्र के माध्यम से 2X800 मेगावाट क्षमता की बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) की पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक कंपनी है जिसका पंजीकृत कार्यालय प्लॉट नं. जी-3 गड़कना चंद्रशेखरपुर-751017, भुवनेश्वर में स्थित है। 31.03.2016 को महानदी बेसिन पावन लिमिटेड की एमसीएल द्वारा अभिदत्त शेयर पूँजी पॉच लाख रुपए थी।.

2.2.4 नीलांचल पावर ट्रांसमिशन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड:

उपरोक्त के अलावा, अधिशेष निधि के बेहतर उपयोग के साथ ओड़िशा राज्य में विनिर्माण विकास के लिए एमसीएल ने पावर ट्रांसमिशन व्यवस्था करने का प्रयास किया। तदनुसार 8 जनवरी, 2013 को ओड़िशा में पावर ट्रांसमिशन के उद्देश्य से एमसीएल और ओपीटीसीएल के बीच संयुक्त उद्यम समझौता के तहत 50:50 की भागीदारी से नीलांचल पावर ट्रांसमिशन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड नामक संयुक्त उद्यम का गठन किया गया।

2.2.5 महानदी कोल रेलवे लिमिटेड:

दिनांक 20 मई, 2015 को आईडीसीओ,एमसीएल और आईआरसीओएन के मध्य हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसार, 31 अगस्त,2015 को 'महानदी कोल रेलवे लिमिटेड' नामक संयुक्त उद्यम का निर्माण किया गया जिसमें एमसीएल, आईआरसीओएन और आईडीसीओ की भागीदारी का क्रमश: 64:26:10 का अनुपात है जो ओड़िशा में कोल संबंद्धता के लिए दोहरी, तिहरी लाईन, यातायात सुविधा प्रोजेक्ट सहित निर्माण, सरचना, संचालन और अभिरक्षण के लिए रेल कोरिडोर प्रोजेक्ट के रूप में जानी जाती है जो खदान से कोयला निकासी के लिए कठिन है। 31.03.2017 को महानदी कोल रेलवे लिमिटेड की एमसीएल द्वारा अभिदत्त शेयर पूँजी पॉच लाख रुपए थी।

3. **कार्य निष्पादन विशिष्टताएं:**

- आपकी कंपनी ने पिछले वर्ष कोयला उत्पादन 137.90 मिलियन टन की अपेक्षा इस वर्ष 2016-17 में 0.95% की वृद्धि दर्ज करते हुए अब तक का सबसे अधिक 139.21 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है।
- गतवर्ष 140.22 मिलियन टन कोयला निकासी की अपेक्षा वर्ष 2016-17 के दोरान 1.99% वृद्धि के साथ 143.01 मि.टन कोयला की निकासी हुई।
- आपकी कंपनी ने गतवर्ष के सकल विक्रय मूल्य रु. 20597.51 करोड़ की अपेक्षा इस वर्ष 17.93% वृद्धि दर्ज कर रु. 24291.14 करोड़(एसटीसी सहित) के सकल विक्रय मूल्य प्राप्त किया है।
- गतवर्ष रु. 6283.44 करोड़ के पीबीटी(कर पूर्व लाभ) की अपेक्षा इस वर्ष का करपूर्व लाभ रु. 6853.32 करोड़ रहा। गतवर्ष रु. 4207.75 करोड़ के कर पश्चात लाभ की अपेक्षा इस वर्ष समीक्षाधीन कर पश्चात लाभ रु. 4491.09 करोड़ रहा।
- कंपनी दस वर्षों से लगातार लाभांश का भुगतान करती आ रही है। गतवर्ष भुगतान किए गए रु. 3608.45 करोड़ की अपेक्षा इस वर्ष इक्विटी शेयर पूँजी रु. 2982.00 करोड़ का भुगतान किया गया।

5. **उत्पादन कार्य निष्पादन:**

(क) पिछले वर्ष के लक्ष्य और उपलब्धि की तुलना में वित्त वर्ष 2016-17 के लिए एमसीएल का उत्पादन कार्य निष्पादन नीचे दिया गया है:

(आंकड़े मि.टन में)

उत्पादन	2016-17		2015-16		उपलब्धि का %	% वृद्धि
(i) कोयला (मि. टन)	वार्षिक कार्य योजना लक्ष्य	वास्तविक	वार्षिक कार्य योजना लक्ष्य	वास्तविक	लक्ष्य	L. Yr.
ओपनकास्ट	166.00	138.19	148.70	136.79	83.2	1.03
भूमिगत	1.00	1.02	1.30	1.11	101.5	-8.69
कुल कोयला (ओसी+यूजी)	**167.00**	**139.21**	**150.00**	**137.90**	**83.4**	**0.95**
(ii) ओबीआर (मि. घन मीटर)	**150.00**	**123.34**	**115.00**	**98.41**	**82.2**	**25.33**

(ख) वर्ष 2016-17 सहित एमसीएल के पिछले पांच वर्षों का उत्पादन प्रदर्शन नीचे सलग्न है:

(i) एमसीएल का कुल कोयला उत्पादन (आंकड़े मि.टन में):

वित्त वर्ष	लक्ष्य	प्राप्ति	पिछले वर्ष की वृद्धि		लक्ष्य की तुलना में % प्राप्ति
			वास्तविक	प्रतिशतता	
2012-13	112.00	107.895	4.78	4.63	96.3
2013-14	120.00	110.440	2.55	2.36	92.0
2014-15	127.00	121.380	10.94	9.90	95.6
2015-16	150.00	137.901	16.52	13.61	91.9
2016-17	**167.00**	**139.21**	**1.31**	**0.95**	**83.4**

(ii) सरफेस माइनर से कोयला उत्पादन (आंकड़े मि.टन में):

वित्त वर्ष	उत्पादन	पिछले वर्ष की वृद्धि		कुल कोयला उत्पादन के सरफेस माइनर द्वारा कोयला उत्पादन का प्रतिशत हिस्सा
		पूर्ण	प्रतिशतता	
2012-13	73.83	14.71	24.9	68.4
2013-14	86.46	12.63	17.1	78.3
2014-15	106.82	20.35	23.5	88.0
2015-16	125.68	18.87	17.7	91.1
2016-17	**127.81**	**2.13**	**1.7**	**91.8**

वर्ष **2016-17** के दौरान पिछले वर्ष से(+) **0.95%** वृद्धि के साथ प्राप्त कोयला उत्पादन एएपी लक्ष्य का **83.4%** है। ओ.बी. की निकासी पिछले वर्ष से (+)**25.3%** की वृद्धि के साथ एएपी लक्ष्य का **82.2%** है।

एएपी लक्ष्य की में कमी आने के मुख्य कारण निम्न है :

1. जगन्नाथ ओसीपी: वन भूमि को सौंपने में देरी के कारण काम करने की जगह की कमी।
2. भरतपुर ओसीपी: आर एंड आर और कानून एवं व्यवस्था की समस्या।
3. अनंत ओसीपी: एफसी उपलब्ध न होने के कारण कार्य स्थान की कमी।
4. लिंगराज ओसीपी: कई दोषों के कारण प्रतिकूल भू-खनन की स्थिति।
5. कानिहा ओसीपी: गांव जरादा और कुसमुंडा की आर एंड आर समस्याओं के कारण काम करने की जगह की कमी।
6. बलराम ओसीपी: आरएंडआर और कानून एवं व्यवस्था की समस्याओं के कारण लगातार रोकें।

7. समलेश्वरी ओसीपी: 13 फरवरी और 21 मार्च, 2017 को अनुबंधित श्रमिकों के दो घातक दुर्घटनाओं के कारण उत्पादन प्रभावित।
8. तालचेर कोलफील्ड्स: आरएंडआर और कानून व्यवसस्था की समस्याओं के कारण बार-बार रोक।
9. 30 मार्च, 2017 को कनिहा ओसीपी में संविदात्मक कर्मचारी की मृत्यु के कारण 30 और 31 मार्च, 2017 को कानिहा, भरतपुर, लिंगराज, अनंत, जगन्नाथ और बलराम ओसीपी में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा हड़ताल।
10. उच्चतम गर्मी के दौरान गर्मी की लहर के कारण राज्य सरकार द्वारा लगाए गए काम के घंटे (11.00 पूर्वाह्न-3.30 बजे) की रोकथाम

(ii) **एमसीएल का ओबी रिमोवल (मि. क्यूबिक मीटर में आंकड़े)**

वित्त वर्ष	लक्ष्य	प्राप्ति	पिछले वर्ष की वृद्धि		लक्ष्य की तुलना में % प्राप्ति
			पूर्ण	प्रतिशतता	
2012-13	105.00	90.421	4.75	5.55	86.1
2013-14	109.75	96.03	5.61	6.20	87.5
2014-15	113.00	89.22	-6.81	-7.09	79.0
2015-16	115.00	98.41	9.19	10.30	85.6
2016-17	**150.00**	**123.34**	**24.93**	**25.33**	**82.2**

सिस्टम क्षमता का उपयोग (%)

	सीएमपीडीआई द्वारा मूल्यांकित क्षमता	उत्पादन	सिस्टम क्षमता का उपयोग (%)
भूमिगत-कोयला (मि.टन)	2.047	1.015	49.57
ओसी-कोयला (मि.टन)	171.32	138.194	80.66
कुल कोयला (यूजी + ओसी) (मि.टन)	173.37	139.208	80.30
ओसी-ओबी (मि. घन मीटर)	187.34	123.342	65.84
कुल ओसी मिश्रण	290.20	206.311	71.093
(कोयला + ओबी) (मि. घन मीटर)	291.43	206.920	71.00

एनबी: कोयले का औसत विशिष्ट घनत्व: 1.6656 टन/क्यूबिक मीटर माना जाता है:

5. उत्पादकता

5.1 **प्रति मैनसिफ्ट (ओएमएस) आउटपुट के अनुसार आपकी कंपनी ने उत्पादकता हासिल की है, जो निम्नानुसार है :**

टन/मैनशिफ्ट मे आंकड़े

	2016-17		2015-16	लक्ष्य की तुलना में % प्राप्ति	पिछले वर्ष से % वृद्धि
	वार्षिक कार्य योजना लक्ष्य	वास्तविक	वास्तविक		
खुली खदान	28.45	27.72	24.24	97.43	6.11
भूमिगत	0.55	0.65	0.67	118.18	-2.99
संपूर्ण	21.88	20.08	18.88	92.11	6.35

5.2 **2016-17** के दौरान ओएमएस **20.08** टन/मैनशिफ्ट था।

ओएमएस की गणना का विवरण निम्नानुसार है:		2016-17	2015-16	पिछले वर्ष से वृद्धि
क्रमांक				
1	ओसी ओएमएस	25.72	24.24	6.11
2	भूमिगत ओएमएस	0.65	0.67	-2.99
3	ओसी के समायोजित एम / एस (लाख)	53.731	56.424	-4.77
4	भूमिगत का मेनशिफ़्ट (लाख)	*15.602*	*16.621*	-6.13
A	समग्र ओएमएस कुल मेनशिफ्ट	***69.333***	***73.045***	**-5.08**
6	ओसी कोयला (L.Tes)	1381.937	1,367.888	1.03
7	भूमिगत कोयला (L.Tes)	10.146	11.116	-8.73
B	**कुल कोयला (L.Tes)**	**1392.083**	**1,379.004**	**0.95**
8	**समग्र** ओएमएस **(B/A)**	**20.08**	**18.88**	**6.35**
9	फॉर्मूला ओएमएस			
	भूमिगत =	कोयला उत्पादन / वास्तविक मैनशिफ्ट		
	ओसी =	कोयला उत्पादन + (1.4 x ओबी उत्पादन) / वास्तविक मैनशिफ्ट x (1+(1.4 x स्ट्रिप अनुपात))		
	समग्र =	भूमिगत कोयला उत्पादन + ओसी कोयला उत्पादन / भूमिगत का मेनशिफ़्ट + ओसी का समायोजित मैनशिफ्ट		
10	समायोजित मैनशिफ्ट(ओसी के लिए खदान)=	कोयला उत्पादन/ओएमएस		
	समग्र ओएमएस की गणना =	1381.937+10.146 / 53.731+15.602	11.116+1367.888 / 16.621+56.424	
		1392.083 / 69.333	1379.004 / 73.045	
		20.08	**18.88**	

(नोट- एमओयू पैरामीटर पर कोई कार्य निष्पादन नहीं होगा)

6. एचईएमएम की संख्या और कार्य निष्पादन

6.1 एमपीडीआई द्वारा निर्धारित लक्ष्य और प्राप्ति को दिखाकर एचईएमएम की उपलब्धता और उपयोगिता का ब्योरा नीचे दिया गया है।

I. प्राप्त % उपलब्धता और उपयोगिता (आंकड़े पूर्णांक में)

क्र.	उपकरण	के अनुसार संख्या		% उपलब्धता			% उपयोगिता		
		31.03.17	31.03.16	अप्रैल '16 से मार्च'17	अप्रैल '15 से मार्च'16	सीएमपीडीआईएल मानदंड	अप्रैल '16 से मार्च'17	अप्रैल '15 से मार्च'16	सीएमपीडीआईएल मानदंड
1	ड्रैगलाइन	2	4	85	70	85	16	27	73
2	शोवेल	85	85	68	68	80	30	34	58
3	सरफेस माइनर	15	15	83	81	--	49	50	--
4	डम्पर	321	374	67	69	67	24	26	50
5	डोजर	116	129	61	62	70	26	26	45
6	ड्रिल	91	92	81	83	78	23	20	40
कुल		630	699						

II. प्राप्त कार्य घंटे :

क्रमांक	उपकरण	कार्य घंटे	
		2016-17	2015-16
1	ड्रैगलाइन	3547	8462
2	शोवेल	190478	210838
3	सरफेस माइनर	57746	59177
4	डंपर	516319	582618
5	डोजर	179969	207610
6	ड्रिल	80906	76148

III.

क. प्राप्त ड्रैगलाइन और डम्पर की उपलब्धता, जो सीएमपीडीआई मानदंडों के बराबर है। ड्रिल की उपलब्धता सीएमपीडीआई मानदंडों से ज्यादा है। शोवेल की उपलब्धता में पिछले वर्ष की तुलना में थोडी कमी है।

ख. पिछले वर्ष की तुलना में ड्रैगलाइन के कामकाजी घंटे, उपयुक्त कार्यस्थल / भूमि की निष्क्रियता और अनुपलब्धता के कारण कम है।.

ग. गर्मी में समय अर्थात 1 अप्रैल से 15 जून तक 11.00 बजे से 3.30 बजे तक परियोजनाओं में संचयन एचईएमएम के उपयोग को प्रभावित करता है और इस पर 2% का प्रभाव पड़ता है।

घ. काम की अनुपलब्धता के कारण पूरे वर्ष में ड्रैगलाइन निष्क्रिय रहे। लजकुरा ओसीपी, जगन्नाथ ओसीपी आदि और आरएंडआर के मुद्दों पर वन भूमि के निकासी में देरी की वजह से फावैल और डम्पर का उपयोग घट गया है। तालचेर कोलफील्ड में कानून और व्यवस्था की समस्या ने भी उपयोग को प्रभावित किया।

IV. उपलब्धता और उपयोगिता में सुधार करने के लिए कदम

क. एचईएमएम और उनके कार्य समय के दैनिक उत्पादन को क्षेत्रीय स्तर पर और मुख्यालय स्तर पर बारीकी से निरीक्षण किया जा रहा है।

ख. एचईएमएम का समय समय पर सर्वेक्षण तथा ऐसे सर्वेक्षण किए गए उपकरण के बदलें पु:स्थापन खरीद प्रक्रिया ।

ग. इंजन,प्रसारण और अन्य असेंबली जैसे कंई फ्लोट सब असेंबली का मुख्यालय तथा सीडबल्यूएस में अनुरक्षण करना।

घ. ओईएमएस द्वारा नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर नए मॉडल उपकरण का संचालन और अनुरक्षण के लिए तकनीकी कौशल को बेहतर बनाना।

ङ. ऑपरेटर के आराम पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जो नई एचईएमएम खरीदी जा रही हैं उनमें वातानुकूलित केबिन लगाए जा रहे हैं।

च. मानसून अवधि से पहले खराब सड़कों का रखरखाव।

छ. एमसीएल प्रबंधन द्वारा विभिन्न मंचों पर भूमि अधिग्रहण, कानून और व्यवस्था की समस्याएं उठाई जा रही हैं।

ज. भूमि-विस्थापितों जैसे अकुशल श्रमशक्ति को विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

V. एचईएमएम के टूटफूट की स्थिति:

उपकरण	जनसंख्या		टूटने> 3 महीने	
	31.03.17के अनुसार	31.03.16 के अनुसार	31.03.17 के अनुसार	31.03.16 के अनुसार
ड्रैगलाइन	02	04	00	00
शोवेल	85	85	04	06
सर्फ़ेस माइनर	15	15	00	00
डम्पर	321	374	55	51
डोजर	116	129	26	25
ड्रिल	91	92	05	10
एमसीएल कुल	630	699	90	92

VI. केन्द्रीय कार्यशालाओं में पुनःस्थापित उपकरण/ मरम्मत किए गए सिस्टम:

क्षेत्र	वर्ष	
	2016-17	2015-16
केंद्रीय कर्मशाला तालचेर	01	01
केंद्रीय कर्मशाला (ईब वैली)	00	04
एमसीएल कुल	01	05

7. **उपयोगिता क्षमता (खुली परियोजना)**

क्रमांक	विवरण	क्षमता (वर्ष के 1 अप्रैल के आधार पर)		पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि
		2016-17	2015-16	--------
1	विभागीय क्षमता (मि.घन मीटर)	111.24	108.52	2.51%
2	सिस्टम क्षमता (मि.घन मीटर)	290.20	291.36	-0.40%
3	विभागीय उत्पादन(मि.घन मीटर)	51.395	58.59	-12.28%
4	कुल उत्पादन(मि.घन मीटर)	207.202	180.52	14.78%
5	विभागीय क्षमता उपयोग	46 %	54%	-14.82%
6	सिस्टम क्षमता का उपयोग	71.39%	61.96%	15.22%

8. **ऊर्जा:**

8.1 **तालचेर कोलफील्ड्स**: ओड़िशा की केंद्रीय विद्युत आपूर्ति सुविधा के कमांड क्षेत्र के अंतर्गत 31.0 एमवीए के अनुबंध मांग के साथ ओपीटीसीएल अंगुल उप-स्टेशन से नंदिरा 3X20 एमवीए, 132/33 केवी, ग्रिड उप-स्टेशन 11 किलोमीटर लंबी 132 केवी डबल सर्किट ओवर-हेड ट्रांसमिशन लाइन को बिजली प्राप्त होती है।

8.2 **ईब वैली कोलफील्ड्स**: ओड़िशा की आपूर्ति कंपनी (वेस्को) कमांड क्षेत्र के अंतर्गत 22.25 एमवीए के अनुबंध मांग के साथ ओपीटीसीएल बुधिपादर उप-स्टेशन से 19 किमी लंबी 132 केवी डबल सर्किट ओवर-हेड ट्रांसमिशन लाइन के माध्यम से जोरबाग, 132/33 केवी, ग्रिड उप-स्टेशन को बिजली प्राप्त होती है।

8.3 **बसुन्धरा कोलफील्ड्स**: बसुंधरा क्षेत्र को ओपीटीसीएल, बुडिपदर उप-स्टेशन से 220 किलोवाट की वेस्टर्न विद्युत आपूर्ति कंपनी (वेस्को) के कमांड क्षेत्र के तहत 6 एमवीए के अनुबंध की मांग के साथ बिजली मिल रही है।

8.4 बिजली की उपलब्धता

पैरामीटर	2016-17	2015-16
अनुबंध मांग (एमवीए)	60.650	59.650
अधिकतम मांग (एमवीए) (वित्तीय वर्ष के दौरान एक महीने में सबसे ज्यादा)	54.934	58.758
ऊर्जा खपत (लाख किलोवाट)	302.096	300.615
विशिष्ट ऊर्जा खपत (किलोवाट/टन)	2.17	2.18
बिजली की विशिष्ट खपत (कम्पोजिट प्रोडक्शन के लिए) (यानी कोयला + ओ.बी. निकालना), किलोवाट घंटा/क्यूएम में	1.46	1.66

9. एमसीएल के प्रमुख भूमिगत उपकरणों की संख्या:-

9.1 वर्तमान में मैन राइडिंग सिस्टम हिराखड-भुंडिया खदान, ऑरिएंट क्षेत्र की खान सं. 2 और तालचेर क्षेत्र के नंदिरा भूमिगत खान में संचालित है। वर्ष 2016-17 के दौरान ओरिएंट खान सं. -2 में सेकंड मैन राइडिंग सिस्टम स्थापित की गई है। ओरिएंट खान सं. -2 में एक और मैन रडिंग सिस्टम स्थापित की जा रही है।

पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष के दौरान प्रमुख भूमिगत उपकरण और उनकी उपलब्धता यहां दी गई है:

क्र.	उपकरण का नाम	कार्यरत		2015-16		2016-17	
		2015-16	2016-17	% उपलब्धता	% उपयोगिता	% उपलब्धता	% उपयोगिता
1	वाइन्डर	6	6	66.66	85.51	66.66	101.46
2	हौलेज(मुख्य)	32	32	93.75	85.51	100.00	101.46
3	एसडीएल*	19	17	59.61	24.53	52.93	25.31
4	एलएचडी*	27	27	74.94	46.37	75.39	44.76
5	मुख्य पम्प	54	54	85.18	85.51	87.03	101.46
6	वेंटिलेटर फेन	13	11	76.92	85.51	90.91	101.46
7	बेल्ट कोनवेयर	71	71	77.46	85.51	83.09	101.46
8	ट्रांसफार्मर (बिजली)	90	90	87.77	85.51	91.11	101.46
9	लोकोमोटिव	5	4	100	85.51	50.00	101.46
10	कोल ड्रील	102	102	78.43	85.51	69.6	101.46
11	माइन कार	50	65	100	85.51	69.23	101.46
12	यूडीएम	13	13	100	85.51	100.00	101.46

वर्ष **2016-17** के लिए

वास्तविक भूमिगत उत्पादन - **10.14632** लाख टन
लक्ष्य उत्पादन *-10* लाख टन

वर्ष **2015-16** के लिए

वास्तविक भूमिगत उत्पादन - **11.11637** लाख टन
लक्ष्य उत्पाद - *13* लाख टन

<u>अन्य एसडीएल और एलएचडी उपकरणों के लिए जिसके लिए कोई विशिष्ट मान उपलब्ध नहीं है</u>

$$\% \text{ उपलब्धता} = \frac{\text{उपलब्ध उपकरण}}{\text{कार्यरत उपकरण}} \times 100 \qquad \% \text{ उपयोग} = \frac{\text{वास्तविक उत्पादन}}{\text{लक्ष्य उत्पादन}} \times 100$$

<u>एसडीएल और एलएचडी के लिए, फार्मूला सीआईएल के नियमों के अनुसार है</u>

• $\% \text{ उपलब्धता} = \frac{H_w + H_i}{H_s} \times 100$

जबकि,
H_w = *वास्तविक कार्य समय / वर्ष,*
H_i = *निष्क्रिय घंटे / वर्ष*
H_s = *शिफ्ट घंटे / वर्ष*

• $\% \text{ उपयोग} = \frac{H_w}{H_s} \times 100$

जबकि
H_w = *वास्तविक कार्य समय / वर्ष,*
H_s = *शिफ्ट घंटे/वर्ष*

9.2 कोल्ड हैंडलिंग संयंत्र और वे-ब्रिज और उनके कार्यात्मक केन्द्र की संख्या

वर्ष **2015-16** के दौरान **11.8** मीट्रिक टन कोयले की तुलना में वर्ष 2016-17 में **8.93** मीट्रिक टन कोयला निकाला दिया गया था।

	2016-2017		2015-2016	
	एमटीवाई में क्रशिंग	सीएचपी के माध्यम से भेजा से भेजा गया कोयला (मि.टन)	एमटीवाई में क्रशिंग	सीएचपी के माध्यम से भेजा गया कोयला
कोयला हैंडलिंग प्लांट्स/ फीडर ब्रेकर	**36.5**	**8.93**	**38**	**11.8**
संयंत्र की क्रशिंग क्षमता का %		**24.47%**	**30.25%**	

(ii) सभी 15 खुली खदानों व 6 भूमिगत खानों के लिए सुरक्षा प्रबंधन योजना सूत्रबद्ध की गई तथा सुरक्षा मानकों को उन्नत करने के लिए कार्यान्वित की गई।

(iii) समझौता-ज्ञापन लक्ष्यों की अधिप्राप्ति हेतु निर्बाध व कुशल निष्पादन के लिए पर्याप्त सामग्री और आर्थिक.संसाधन प्रदान किए गए हैं।

(iv) सभी कर्मचारियों को सुरक्षा साधन जैसे कि हैलमेट, सुरक्षा जूते, फ्लोरोसेंट जैकेट, ईयर मफ, चश्में, दस्ताने आदि प्रदान किए किए जाते हैं ताकि अस्वस्थ और चोट लगने वाली स्थितियों से बचाव हो सके। वर्ष 2016-17 में 9557 जोड़ी माइनिंग जूते, 971 जोड़ी गमबूट व 6931 नग हेलमेट आबंटित किए गए है।

(v) 11वें सुरक्षा सम्मेलन, कोयला खदानों में सुरक्षा पर स्थायी समिति, सीआईएल सुरक्षा बोर्ड, कंपनी स्तर सुरक्षा समिति, क्षेत्र स्तर सुरक्षा समिति और परियोजना स्तर सुरक्षा समितियों की सिफारिशों का निष्ठापूर्वक कार्यान्वयन किया जाता है

(vi) कोयला खनन विनियमन 1957 के प्रावधानों के अंतर्गत नियुक्त किए गए खदान अधिकारियों द्वारा सांविधिक निरीक्षण के अतिरिक्त, सुरक्षा मानकों का कामगार निरीक्षकों (खान नियम 1955 के अंतर्गत गठित), खान स्तर पर सुरक्षा समिति (खान नियम 1955 के अंतर्गत गठित), क्षेत्र स्तर त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति और कंपनी स्तर त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति द्वारा भी निरीक्षण किया जाता है।

(vii) परियोजना स्तर सुरक्षा समितियों, क्षेत्र स्तर त्रिपक्षीय सुरक्षा समितियों और अनुषंगी स्तर त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति में कामगारों के प्रतिनिधियों के साथ सुरक्षा मामलों पर संयुक्त परामर्श किया जाता है। सहायक स्तर की द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक 27/03/2017 को सफलतापूर्वक आयोजित की गई थी।

(viii) क्षेत्र स्तर पर क्षेत्र सुरक्षा अधिकारी और कंपनी मुख्यालय स्तर पर पूर्णरूपेण आईएसओ विभाग में सुरक्षा अधिकारी द्वारा आंतरिक सुरक्षा संगठनों के जरिए सांविधिक नियमों विनियमों और सुरक्षा योजनाओं के कार्यान्वयन का बहु-स्तरीय निरीक्षण किया जाता है।

(ix) कंपनी के सुविधाजनक स्थानों में स्थापित, सामूहिक व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों और अन्य प्रशिक्षण संस्थानों में कामगारों, पर्यवेक्षकों और कार्यपालकों को सुरक्षा संबंधी पक्षों पर उनके कार्यों से संबंधित प्रशिक्षण व पुन: प्रशिक्षण दिया जाता है और उनके कौशल का उन्नयन किया जाता है। वर्ष 2015-16 में 8576 कर्मचारी की तुलना में वर्ष 2016-17 के दौरान 7305 कर्मचारी और पर्यवेक्षकों को ग्रुप वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण दिया गया था। प्रशिक्षण की आवश्यकता के अनुसार बाहरी

संस्थानों में भी दिया जाता है, उदाहरण के लिए डंपर ऑपरेटरों के कौशल सुधार के लिए वर्ष 2015-16 में 30 डंपर ऑपरेटरों की तुलना में 2016-16 में 32 डम्पर ऑपरेटरों को नोर्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली में सिम्युलेटर प्रशिक्षण प्रदान किया गया था।

(x) कामगारों और पर्यवेक्षकों की दोष व बीमारियों का पता लगाने हेतु नियमित चिकित्सा जांच की जाती है ताकि सही समय पर उनका उपचार हो सके।

(xi) सुरक्षा प्रणाली के मूल्यांकन हेतु आंतरिक सुरक्षा संगठन की बहु विषयक दल और बाह्य् सक्षम एजेंसियों द्वारा नियमित आतंरिक सुरक्षा लेखापरीक्षा की जाती है ताकि प्रत्येक परियोजना के महत्वपूर्ण केंद्रित क्षेत्रों का भावी सुधार के लिए आंकलन किया जा सकें। वर्ष 2016-17 के दौरान एमसीएल की सभी 15 खुली खानों व 06 भूमिगत खानों का आंतरिक लेखा परीक्षण किया गया ।

(xii) सुरक्षा आवश्यकताओं की पूरी प्रणाली को अद्यतन व ताजा करने के लिए पूरी कंपनी में सुरक्षा पखवाड़ा तथा विशेष सुरक्षा अभियान चलाए जाते हैं। इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों के लिए खान परियोजनाओं व कर्मशालाओं में ट्रॉफी व शील्ड वितरित किए जाते है। वर्ष 2016-17 के दौरान एमसीएल की सभी स्थापनाओं में दिनांक 10.01.2017 से 23.01.2017 तक वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा मनाया गया।

3. **<u>अपनाई गई नई सुरक्षा तकनीक</u>**

(i) सरफेस माईनर तकनीक, जो विस्फोट रहित खनन तकनीक है, धूल पैदा करनेवाले प्रचालनों जैसे ड्रिलिंग, ब्लास्टिंग और क्रशिंग करने वाले वाले प्रचालनों को पूर्णत: लुप्त कर देती है। यह ब्लास्टिंग से संबंधित जोखिमों को भी समाप्त करती है। इसके अतिरिक्त इस मशीन से राख कणों के न्यूनीकरण के लिए कार्बनमय तत्वों की घटिया किस्म वाली कोयले की परतों का भी खनन किया जा सकता है जिसके फलस्वरूप, विद्युत सयंत्रों में कम राख अर्जन होता है और ग्रीन हाउस गैसों में कमी आती है। यह सुरक्षित है, अधिक पर्यावरण अनुकूल है और सतत उत्पादन प्रौद्योगिकी है।

(ii) राईपर डोजर लागू करना- ओबी हटाने की एक अन्य विस्फोट रहित प्रौद्योगिकी- इसने भी ड्रिलिंग और ब्लास्टिंग जैसे धूल पैदा करने वाले प्रचालनों को लुप्त कर दिया है जो बार-बार ग्रामवासियों को परेशान करते थे।

(iii) भूमिगत खदानों में लंबी और कठिन यात्रा से थकान होती है और मूल्यवान कार्यकारी समय नष्ट होता है। इस समस्या से उबरने के लिए भूमिगत खदानों में मैन-राईडिंग प्रणाली स्थापित की गई है ताकि कामगारों को थकान न हो और वे अधिक उत्पादन कर सकें। एमसीएल की 6 भूमिगत खानों में से, मैन राइडिंग सिस्टम 4 भूमिगत खानों में सफलतापूर्वक काम कर रहा है।

(iv) भूमिगत खदानों में कोयले की मानवीय लदान को समाप्त करने के लिए एसडीएल और एलएचडी जैसी मशीन लगाई गई है। इनसे समान उत्पादन हेतु कार्यकारी क्षेत्रों में व्यक्तियों की संख्या कम हुई है जो सुरक्षा और उत्पादन के दृष्टिकोण से प्रशंसनीय उपलब्धि है।

(v) भूमिगत खदानों में यूडीएम मशीनों की स्थापना के मैनुअल ड्रिलिंग जो भूमिगत खदानों में अति दुष्कर कार्य है, को विनिर्मुक्त करने में मदद की है। इस प्रौद्योगिकी से ग्रीन रूफ जोन में कर्मियों के प्रकटन में कमी आई है और ड्रिलिंग उत्पादन बढ़ा है।

(vi) अपनी ओबी डंप की ढलान संचलन को नियंत्रित करने के लिए एमसीएल रियल टाइम स्लोप निरीक्षण रडार खरीदने की प्रक्रिया में है।

(vii) साईलो व एमजीआर जैसी प्रणाली से थोक मात्रा में प्रेषण द्वारा पुरानी व अप्रभावी सीएचपी को धीरे धीरे हटाया जा रहा है।

4. <u>बचाव सेवा</u>

एमसीएल की खदानों में आपातकालीन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एमसीएल में ईब वैली कोयलांचल के और तालचेर क्षेत्र में एक आरआरआरटी सुसज्जित खदान बचाव स्टेशन हैं। एमसीएल की बचाव सेवा के द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों को पूरा किया गया :-

1. दिनांक 27.10.2016 को एमआरएस, ओरिएंट क्षेत्र में ज़ोनल खदान बचाव प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया था।
2. 2016-17 के दौरान खान बचाव स्टेशन और आरआरआरटी ने 23 आपात स्थिति में भाग लिया, जो कि किसी भी खनन गतिविधि से संबंधित नहीं है, लेकिन निकट के समाज/नागरिक बस्ती में उत्पन्न होती है।
3. 12 व्यक्तियों को 15/04/2016 से 30/04/2016 तक बचाव एवं रिकवरी अभियान में प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया गया था।
4. 177 बचाव प्रशिक्षित व्यक्तियों को आरआरएस, ओरिएंट एरिया और आरआरआरटी, तालचेर एरिया में बचाव और रिकवरी के संचालन में रिफ्रेशर ट्रेनिंग दी गई।
5. कुल 177 आरटीपी मेडिकल की जांच की गई और फिट होने के लिए पाए गए।
6. 2016-17 में रायगढ़ क्षेत्र के निजी भूमिगत माइन्स गेयर पलामा खानों के गारे पलामा IV/4 (मैसर्स हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड) को प्रशिक्षण और आपातकालीन सहायता दी गई।
7. मैसर्स एसीबी इंडिया लिमिटेड, कनिहा साइडिंग के कोयला वॉशरी, बसुन्धरा को आपातकालीन सहायता दी गई।

वर्ष 2016-17 में निम्निलखित प्रस्ताव का अनुमोदन एवं खरीद की गई थी।

1. एससीबीए के लिए 4000 किलो कार्बन डाइ ऑक्साइड अवशोषक
2. एक लंबी दूरी की थर्मामीटर
3. एक बैरोमीटर
4. श्वसन उपकरण सहित बायोपेक-240 आर के लिए स्पेयर पार्ट्स
5. ऑक्सीजन बूस्टर पम्प (बिजली संचालित)
6. 02 ऑक्सीजन बूस्टर पम्प (मैनुअल प्रचालित)
7. 02 बचाव डमीज
8. 06 नर्स केयर वेंट (दो परीक्षक के साथ पुनर्जीवन उपकरण)

22. कम्प्यूटरीकरण

कोलनेट: कोलनेट के विभिन्न मॉड्यूल जैसे वित्तीय सूचना प्रणाली(एफ़आईएस), कार्मिक सूचना प्रणाली (पीआईएस), वेतन पंजीकरण, विक्रय एवं विपणन, उत्पादन सूचना प्रणाली, सामाग्री प्रबंधन प्रणाली, उपकरण निगरानी प्रणाली का उपयोग हो रहा है। कोलनेट सिस्टम में कुछ विविध मॉड्यूल को भी जोड़ा गया है जिसमे संविदात्मक कर्मचारियों के फोटो के साथ साथ आवधिक चिकित्सा परीक्षा, निविदा और 2 लाख से कम के पुरस्कार, पूरी में हॉलिडे रूम की ऑनलाइन बूकिंग, फ़ाइल ट्रेकिंग सिस्टम, ऑनलाइन संविदा प्रबंधन प्रणाली आदि की विस्तृत जानकारी के लिए व्यक्तिगत सूचना प्रणाली को भी शामिल किया गया है।

सड़क तथा रेल मार्ग से बिक्री बिलिंग, बिल भुगतान प्रविष्टि स्थिति, कर्मचारियों की जांकरियों का अद्यतन, उत्पादन जानकारी की प्रविष्टि, ऑनलाइन सामाग्री प्रबंधन प्रणाली आदि जैसी गतिविधियां सेंट्रल कोलनेट सर्वर में क्षेत्र व परियोजना स्तर पर संचालित है। एमसीएल कोलकाता कार्यालय में देनदार लेखा सहित एमसीएल भुवनेश्वर कार्यालय में वित्तीय लेखा, पेरोल तथा व्यक्तिगत सूचना प्रणाली सेंट्रल कोलनेट सर्वर में भेजने के बाद वैल्यू एडिशन के साथ आवश्यकतानुसार सुचारु रूप से संचालित है। एमसीएल के सभी क्षेत्रों के लिए लीगेसी सिस्टम से कोलनेट सिस्टम तक वित्तीय सूचना प्रणाली का स्थानांतरण हो चुका है। एमसीएल मुख्यालय में कोलनेट सर्वर के माध्यम से केंद्रीयकृत वेतन प्रक्रिया को अपनाकर एमसीएल के सभी स्थानो के लिए लीगेसी सिस्टम से कोलनेट सिस्टम तक पेरोल प्रणाली का स्थानांतरण हो चुका है।

ई-भुगतान एवं ई-प्राप्तियाँ: लगभग सभी भुगतान एवं प्राप्तियाँ इलेक्ट्रोनिक माध्यम से की जा रही है।

ऑपरेटर स्वतंत्र ट्रक प्रेषण प्रणाली(ओआईटीडीएस): एमसीएल की तीन खुली खदानों - बलराम, लिंगराज और भरतपुर में ओआईटीडीएस स्थापित करने के बाद सफलतापूर्वक संचालित हो रही है।

एमसीएल वेबसाइट: एमसीएल की वेबसाइट www.mahandicoal.in सीएमपीडीआई रांची के सर्वर पर होस्ट की जाती है तथा उसके द्वारा अनुरक्षित की जा रही है। आवश्यकतानुसार वेबसाइट की पुनरसंरचना की जा रही है। कोयला उपभोक्ता को वापसी से संबंधित जानकारी, दूरस्थ प्रासंगिक जानकारी के अद्यतन की सुविधा, मासिक तीसरे पक्ष का कोयला नमूना विश्लेषण परिणाम, भर्ती विभाग की सूचना और परिणाम सीएसआर से संबंधित गतिविधियां, निविदा और 2 लाख से कम के पुरस्कार आदि को नियमित रूप से अद्यतन किया जाता है। कोलनेट सर्वर के माध्यम से सही समय पर संविदाकार/वेडर्स के भुगतान बिल की स्थिति को वेबसाइट में प्रदर्शित किया जाता है।

ऑनलाइन शिकायत निवारण (समाधान): इंटरफेस के रूप में वर्तमान वेबसाइट में जोड़े गए ऑनलाइन शिकायत निवारण (समाधान) का स्टेकहोल्डर्स कि शिकायात निवारण के लिए उपयोग किया जा रहा है।

आई-मेल अकाउंट: एमसीएल के सभी अधिकारियों को एनआईसी द्वारा प्राप्त डोमेन 'coalindia.in' के अंतर्गत ई-मेल अकाउंट प्रदान किया गया है साथ ही ई-ऑफिस के कार्यान्वयन के लिए आवश्यकता के अनुसार कुछ गैर-अधिकारियों को भी 'coalindia.in' डोमेन के अंतर्गत ई-मेल अकाउंट प्रदान किया गया है।

निविदाओं कि उपलोडिंग: प्रणाली विभाग द्वारा सभी खुली निविदाएँ दैनिक आधार पर सरकारी पोर्टल www.tenders.in में उपलोड कि जाती है साथ ही उनको एमसीएल के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर भी प्रकाशित किया जाता है।

ओएमएमएस (ऑनलाइन सामाग्री प्रबंधन प्रणाली): सभी नौ क्षेत्रीय और दो केंद्रीय कार्यशालाओं में लीगेसी प्रणाली में संचालित ऑनलाइन सामाग्री प्रबंधन प्रणाली को सेंट्रल कोलनेट सर्वर में स्थानांतरित कर दिया गया है। मानक संहिताकरण योजना के अनुसार 99.88% वस्तु मदों कोडीकरण कर दिया गया है। इसने वास्तविक समय के आधार पर पूरे एमसीएल की वस्तु सूची देखने तथा किसी भी वस्तु की भंडार स्थिति को जानने लायक बनाया गया है। सीआईएल की अन्य अनुषंगी कंपनी में भी सामग्री के कोडिकरण को मानक बनाया जा रहा है।

एमसीएल के भुवनेश्वर और कोलकाता कार्यालय के बीच संबंध: कोलनेट मॉड्यूल के प्रचालन के लिए बीएसएनएल से प्राप्त 1 एमबीपीएस लीज लाइन के माध्यम से भुवनेशर और कोलकाता स्थित एमसीएल के कार्यालय आपस में जुड़े है। बीएसएनएल से अतिरिक्त एमपीएलएस नेटवर्क को भी इन कार्यालयों के लिए बढ़ा दिया गया है। इसके अतिरिक्त इंटरनेट पर वीपीएन कनेक्टिविटी के माध्यम से कोलनेट प्रचालन संभव है।

इंटरनेट लीज लाइन - वर्तमान में मौजूदा कॉर्पोरेट नेटवर्क के माध्यम से एमसीएल के प्रयोगकर्ताओं के लिए इंटरनेट उपयोग की सुविधा प्रदान करने के लिए बीएसएनएल से प्राप्त इंटरनेट लीज लाइन को 40 एमबीपीएस तक बढ़ा दिया गया है। रेलटेल से प्राप्त अन्य 10 एमबीपीएस इंटरनेट लीज लाइन को जीपीएस/जीपीआरएस आधारित वाहन ट्रेकिंग सिस्टम के लिए उपयोग किया जा रहा है।

उत्पादकता सुधार स्कीम साफ्टवेयर-: उत्पादकता सुधार योजना के अनुसार उत्पादन प्रोत्साहन का समयानुसार भुगतान करने के लिए एमसीएल के खुली परियोजनाओं में कार्यान्वित ओराकल में विकसित आंतरिक सॉफ्टवेयर को संशोधित व प्रव्रजित कर उसे कोलनेट प्रणाली के केन्द्रीय सर्वर में उपयोग के लिए जोड़ दिया गया है।

वे - ब्रीज की कनेक्टिविटी-रेल व रोड ,(मोशन-टिक व इनस्टे)दोनो वे ब्रिज मेसर्स आईटीआई-लिमिटेड द्वारा स्थापित रेडियो लिंक के माध्यम से जुड़े हुए हैं ।

अतिरिक्त आंकड़ा संप्रेषण नेटवर्क: क्षेत्रीय अधिकारियों/परियोजना अधिकारियों/वे-ब्रिजों को मुख्यालय से जोड़ने के लिए एमपीएलएस/वीएसएटी आधारित अतिरिक्त आंकड़ा संप्रेषण नेटवर्क की स्थापना हेतु कार्यादेश दे दिया गया है। अभी तक चरण -1 और चरण -2 के तहत 47 स्थानों को एमपीएलएस कनेक्टिविटी प्रदान की गई हैं।

मुख्यालय और तीन नोडल क्षेत्रों- तालचेर क्षेत्र के जगन्नाथ क्षेत्र, ईब वैली कोलफील्ड्स के ईब वैली क्षेत्र तथा बसुंधरा गर्जनबहाल क्षेत्र में स्थापित हाइ एण्ड आईबीएम सर्वर संचालित है। नोडल स्थानो पर ये सभी सर्वर मुख्यालय से जुड़े है। बसुंधरा क्षेत्र का सर्वर को रिकव्हरी साइट

के रूप में स्थापित की गई है। इन सभी आईबीएम सर्वर को 11 जी. डेटाबेस और 11 जी. एप्लिकेशन सर्वर ओरेकल (वेब लोजीक) में सफलतापूर्वक स्थानांतरित किया गया है।

ठेकेदारों के बिल भुगतान की निगरानी:- कोलनेट सर्वर में बिल ट्रेकिंग माड्यूल भलीभांति कार्यशील है । इस प्रणाली में ठेकेदारों/विक्रेताओं से प्राप्त बिलों को संबंधित प्रयोक्ता विभाग द्वारा ऑनलाइन दर्ज कर लिया जाता है । इन बिलों के अंतिम गंतव्य अर्थात, उनके भुगतान तक की स्थिति कोलनेट सर्वर में अद्यतन की जाती है तथा उसे एमसीएल वेबसाइट अर्थात www.mahanadicoal.in में अपलोड किया जाता है ताकि संबंधित पार्टी अपनी बिलों की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकें । इस प्रकार संबंधित पार्टी हमारे वेबसाइट से अपने बिलों की स्थिति ज्ञात कर सकते है । नए विकसित एंड्रॉइड आधारित मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से ऑनलाइन देखने की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

जीपीएस/जीपीआरएस आधारित वाहन मार्ग प्रणाली:-

(i) कोयले के उत्पादन/आंतरिक परिवहन हेतु प्रयुक्त 1800 ट्रक/टिपर पर वाहन मार्गन प्रणाली आधारित जीपीएस/जीपीआरएस लगाए गए हैं । केन्द्रीय सर्वर में वास्तविक समय में ही इनसे संबंधित जानकारी एकत्रित हो जाती है । इन वाहनों द्वारा जियो-फेंसिंग का उल्लंघन, ट्रिप, लंबा-ठहाराव, तय की की गई दूरी सहित विभिन्न संबंधित प्रतिवदेन सीधा दृष्यावलोकन, http://.mclvts.in. वेबलिंक के माध्यम से किया जा सकता है। यह लिंक हमारे www.mahanadicoal.in वेबसाइट में भी उपलब्ध है। इस प्रणाली में यह सुविधा भी है कि यह संबंधित प्ररियोजना व क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रयोगकर्ताओं तक एसएमएस अलर्ट भी स्वत: प्रेषित करता है ।

(ii) वाहन जियों फेंसिंग के बाहर न जा पाएं इसकी ट्रेकिंग के लिए मार्ग सहित खान सीमा का जियो-फेंसिंग किया जा चुका है।

(iii) सभी क्षेत्रीय कार्यालयों का केन्द्रीय नियंत्रण आवास एमसीएल मुख्यालय में स्थापित किया जा चूका हैं।

(iv) संविदात्मक और विभागीय दोनों तरह के सभी उपकरण को तीन साल के लिए कवर करने के लिए आवश्यक समझते हुए जो कोयला उत्पादन/आंतरिक परिवहन/ओबी हटाने के काम में लगे है, के लिए 3483 जीपीएस यूनिट के लिए दर अनुबंध (आरसी) को अंतिम रूप दिया गया है। सभी वाहनों/उपकरणों को को अगले तीन वर्षों की आवश्यकता पर विचार करने वाले जीपीएस यूनिटों की आरसी की तुलना में, 2305 जीपीएस यूनिटों की आपूर्ति की गई है और शेष सभी वाहनों/उपकरणों को कवर करने के उद्देश्य से दर अनुबंध की तुलना में 2305 जीपीएस यूनिटों की आपूर्ति की गई तथा इसका स्थापना कार्य चल रहा है।

वे-ब्रिज व रेलवे साइडिंग की निगरानी के लिए सीसीटीव्ही :-

(i) रेलवे साइडिंग की निगरानी के लिए 22 विडीयों कैमरे लगवाए गए हैं।

(ii) इन-मोशन और स्थिर वे ब्रिजों पर 93 आईपी केमरे लगाए गए हैं।

(iii) ओनलाईन के माध्यम से वेजर्मेंट आंकडे को तीव्र गति से इन-मोशन एवं स्थिर वे-ब्रिज से केन्दीय वीटीएस और कोलनेट सर्वर के माध्यम से एमसीएल मुख्यालय प्रेषित किया जाता है।

फाइल ट्रैकिंग प्रणाली एमसीएल के महत्वपूर्ण फाइलों को विभिन्न विभागों और उपयुक्त स्थानों पर पहुँचाने के लिए कोलनेट की सहायता से फाइल ट्रैकिंग प्रणाली का निर्माण किया गया, यह मोड्यूल 15 अगस्त 2015 को लागू हुआ इसका पूरे एमसीएल मे प्रभावी ढंग इस्तेमाल किया जा रहा है। 31मार्च 2017 तक 30000 फाइलें इस माध्यम से भेजी जा चुकी हैं।

एसएमएस /ई-मेल सजगता: एमसीएल द्वारा अपनाए गए ई-इनिशियटिव्स के अनुसार सड़क द्वारा सुपुर्दगी आदेश, आरडीओ को वापसी, तथा वेतन बनाने संबंधी कर्मचारियों की जानकारी एसएमएस द्वारा उपभोक्ता को भेजी जाती है। इसके साथ ही फ़ाइल ट्रेकिंग मॉड्यूल द्वारा नियमित रूप से लंबित फाइलों की स्थिति व ट्रेक की जानकारी संबंधित विभागाध्यक्षों/महाप्रबंधकों को एसएमएस द्वारा भेजी जाती है।

वाईफाई नेटवर्क- की स्थापना एमसीएल के निगमित कार्यालय और पता जागृति विहार के आवसिय कॉम्प्लेक्स में हुई हैं।

मोबाइल एप्लिकेशन : मोबाइल एप्लिकेशन का विकास (i) कोयले के उत्पादन आंतरिक परिवहन से संबंधित स्थायी एवं इन-मोशन वे-ब्रिजो से वजन किए गए कोयले की जानकारी को देखने के लिए।

(ii) रेलवे साईडिंग में स्थापित किए गए कैमेरे में चल रहे सीसीटीवी विडियो को मोबाइल द्वारा जमा किए बिल की ट्रेकिंग की स्थिति जानने के लिए। (iii) ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत बिलों की ट्रेकिंग स्थिति। (IV) एमसीएल की सीएसआर संबंधी उपयोगी जानकारी जैसे ओड़ीशा के कई जिलों में पूर्ण/ अपनाई गई सीएसआर गतिविधियां साथ ही में सीएसआर सीएसआर पॉलिसी, वार्षिक रिपोर्ट, सीएसआर के अंतर्गत बजट और खर्च, प्रमुख सीएसआर गतिविधि की जानकारी को दर्शाने के लिए।

<u>भावी योजना/अन्य वर्तमान गतिविधियां</u>

- **<u>वेतन पर्ची के लिए पूर्व मुद्रित स्टेशनरी:</u>** केंद्रीयकृत भुगतान प्रक्रिया की शुरुआत के पश्चात सभी जगह के एमसीएल कर्मचारियों के लिए वेतन पर्ची के पूर्व मुद्रित स्टेशनरी का उपयोग करेंगे ।
- **ई-ऑफिस कार्यान्वयन:** ई-ऑफिस से जुड़े प्रारम्भिक कार्य जैसे परियोजना निगरानी इकाई (पीएमयू), मास्टर ट्रेनर, ई-ऑफिस के लिए नोडल अधिकारी का चयन, कर्मचारियों की प्रमुख जानकारी आदि को पूरा कर लिया गया है। एमसीएल मुख्यालय के एक दिवसीय उन्मुखी कार्यक्रम रखा गया था। एनआईसी द्वारा पाँच दिन तक एक दिवसीय आधारभूत जागरूकता प्रशिक्षण दिया गया था। आईआईसीएम रांची तथा एनआईसी, दिल्ली में तीन अधिकारी 'e-office master trainer' की पाँच दिन का प्रशिक्षण दिया गया है। तथा इसी के संबंध में 2 अधिकारी ने आईआईसीएम रांची में लाईनक्स(LINUX) का प्रशिक्षण लिया है।
- कोयला सुपुर्दगी आदेशों को सड़क मार्ग से कोयला भेजकर हमारे मूल्यवान कोयला उपभोक्ता को सशक्त करते हुए कोल इन्वाइसेस आदि का पीडीएफ़ प्रारूप में ई-मेल करना।

- **पीसी और बाह्य पोर्टल उपकरणों की खरीद/प्रतिस्थापन:** जीईएम पोर्टल के माध्यम से पीसी और बाह्य उपकरणों के प्रतिस्थापन के बदले खरीद और अतिरिक्त आवश्यकता के लिए प्रस्ताव शुरू कर दिया गया है।
- एमसीएल मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों और क्षेत्रीय स्टोरों में मौजूदा लेन का उन्नयन उन्हें आईपीवी-6 के अनुरूप बनाने के लिए।
- हितधारकों के साथ अधिकतम प्रासंगिक जानकारी साझा करने के लिए निकट भविष्य में अधिक मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किए जाएंगे।

23. दूरसंचार

1. पूरे राज्य में एमसीएल संगठन के विभिन्न इकाइयों में सेवारत 2000 से अधिक अधिकारियों, जेसीसी सदस्य, प्रमुख स्टाफ, रेलवे सिडिंग, सुरक्षा कार्मिक, बचाव ब्रिगेड कार्मिक और खान बचाव के स्टेशनों आदि को कम से कम लागत पर 24 घंटे सातों दिन असीमित दूरसंचार की सुविधा दी गई है, को सक्षम करते हुए से मोबाइल सीयूजी सुविधा प्रदान की गई है जो एमसीएल के संचार अवसंरचना को काफी मजबूत बनाता है । बीएसएनएल के साथ कई दौर की चर्चाओं के बाद, सीयूजी पर डेटा की योजना को अपग्रेड कर दिया गया है और इसे पूरी तरह से मुफ्त में बनाया गया है। साथ ही, पूरे भारत में कॉल करने में बीएसएनएल नेटवर्क के लिए सभी कॉल नि:शुल्क किए गए हैं। एसएमएस की लागत और अन्य नेटवर्कों को कॉल करने से क्रमशः 80% और 40% कम हो गया है। इससे सभी सीयूजी उपयोगकर्ताओं को अधिक सेवाओं के लिए कम शुल्क लगेगा।
2. आईपी आधारित विस्तृत क्षेत्र नेटवर्क (डब्ल्यूएएन), जो लगभग एमसीएल की प्राय: सभी यूनिटों को कवर करता है, का व्यापक पैमाने पर सफलतापूर्वक विभिन्न कार्यकलापों जैसे वित्त, कार्मिक, और परिचालन अनुप्रयोग इत्यादि के लिए प्रयोग किया जाता है और संगठन के विभिन्न कार्यकलापों के लिए आनलाइन डाटा संचार, प्रबंधन सुविधा हेतु भी इनका प्रयोग किया जाता है। ईआरपी, ई-निगरानी जैसे अन्य रीयल-टाइम डेटा सेवाओं के लिए इसका उपयोग बढ़ाने के लिए नेटवर्क के विस्तार और उन्नयन के लिए कदम उठाए गए हैं। इस उन्नत नेटवर्क का उपयोग करते हुए, एमसीएल के उपरोक्त इन-हाउस सेवाओं और इंटरनेट की सेवा प्रदान करते हुए विद्युत एवं यान्त्रिकी विभाग ने अपने कार्यस्थल में सभी अधिकारियों को वाई-फाई सुविधा प्रदान करने के लिए भी कदम उठाया है। , एमसीएल और इंटरनेट की उपरोक्त इन-हाउस सेवाओं तक पहुंच प्रदान करता है, जिससे वास्तव में डिजिटल एमसीएल को साकार किया जा सके।
3. विद्युत एवं यान्त्रिकी विभाग ने कोयला क्षेत्र तक परियोजनाओं में संचार के लिए विभिन्न खानों में वीएचएफ संचार नेटवर्क स्थापित किया है।. इसे उन्नत परिचालन दक्षता के लिए प्रत्येक वर्ष इसे बढ़ाया जा रहा है।

4. **सीसीटीवी निगरानी प्रणाली:**
   - क. एमसीएल मुख्यालय के कार्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरा निगरानी के लिए लगवाया गया है, जागृति विहार की सुरक्षा के लिए निगमित कार्यालय की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा विभाग के समन्वय से एमसीएल मुख्यालय के आनंद विहार परिसर को सीसीटीव्ही दायरे में लाने के लिए में कदम उठाए गए हैं।
   - ख. सीसीटीवी निगरानी प्रणाली को सभी क्षेत्रीय/केंद्रीय भंडार और केंद्रीय कार्यशालाओं में स्थापित किया गया है।
   - ग. एमसीएल की विभिन्न परियोजनाओं में कई असुरक्षित स्थानों पर कई कैमरे लगाए गए हैं।
   - घ. सुरक्षा बढ़ाने के लिए और अनाधिकृत वाहनों और व्यक्तियों के प्रवेश को रोकने के लिए कैमरे का एक प्रभावशाली नेटवर्क बनाने के लिए, खानों और आयुधागार के विभिन्न प्रवेश / निकास स्थानों पर सीसीटीवी निगरानी प्रणाली की स्थापना के लिए पहल की गई है।
   - ङ. अनधिकृत गतिविधि की संभावना को कम करने के लिए सभी कोयला स्टॉक्स, लोडिंग पॉइंट्स, कोल सैंपलिंग पॉइंट्स और लैब, एचईएमएम कार्यशालाएं, डीजल डिस्पेंसिंग स्टेशनों और परियोजनाओं के अन्य असुरक्षित स्थानो को सीसीटीवी निगरानी के तहत लाने के लिए भी कदम उठाए गए हैं।
5. **आधार सक्रिय बॉयोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली (एईबीएएस):**
   - क. भारत सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम और सीआईएल के एचआर विजन 2020 के साथ-साथ, एमसीएल मुख्यालय में एईबीएएस स्थापित किया गया है ताकि कर्मचारियों के बीच समय की पाबंदी सुनिश्चित की जा सके। इस संबंध में एमसीएल का एईबीएएस पोर्टल **mclsbp.attendance.gov.in** डोमेन नाम से बनाया गया है।
   - ख. बी.ई.ए.बी.एस. एमसीएल की सभी इकाइयों में कार्यान्वित किया जा रहा है जो खरीद प्रक्रिया में है। 17900 से अधिक डोमेन में 17900 से अधिक कर्मचारी पहले ही पंजीकृत किए जा चुके हैं।
   - ग. भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार, एमसीएल की सभी इकाइयों में ठेकेदार के कर्मचारियों के लिए एईबीएस लागू करने के लिए कदम उठाए गए हैं।
   - घ. एईबीएएस की कार्यान्वयन एजेंसी राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी), एक कंपनी नैशनल इन्फोमेटिक सेंटर सर्विसेस से एमसीएल की वेतन प्रणाली द्वारा एईबीएएस रिपोर्टों को एकीकृत करने के लिए सेवाओं की खरीद की गई है ताकि में किसी व्यक्ति के हस्तक्षेप के बिना वेतन किया जा सके।
6. एमसीएल की लगभग सभी इकाइयों में आंतरिक टेलीफोन कनेक्टिविटी और ईपीएबीएक्स सिस्टम की हजारों लाइनें स्थापित की जा चुकी है। परियोजनाओं में आंतरिक संचार सुविधाओं को बढ़ाने के लिए ईब वैली क्षेत्रीय कार्यालय, समलेश्वरी ओसीपी और कनिहा ओसीपी के लिए प्रतिस्थापन के रूप में ईपीएबीएक्स एक्सचेंज का आदेश दे दिया गया है।

7. विद्युत एवं यान्त्रिकी विभाग, एमसीएल मुख्यालय और क्षेत्रों में बीएसएनएल और अन्य सेवा प्रदाताओं से सैकड़ों लैंडलाइन और ब्रॉडबैंड सेवाओं का रखरखाव करता है, जो इंटरनेट आधारित महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों जैसे ई-प्रोक्योरमेंट, ई-सेवा और जीपीएस-वीटीएस के नियंत्रण, एईबीएएस उपस्थिति प्रणाली तथा एमसीएल, सीआईएल, भारत सरकार और तीसरे पक्ष के द्वारा विकसित विभिन्न मोबाइल अनुप्रयोगों में रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य करता है।
8. आवासीय कार्यालयों में बीएसएनएल ब्रॉडबैंड के अलावा, क्षेत्रीय प्रबंधकों और कुछ प्रमुख अधिकारियों के साथ एमसीएल मुख्यालय में सभी निदेशकों, सीवीओ और विभागाध्यक्षों को टाटा फोटॉन प्रदान किया गया है ताकि अधिक से अधिक शीघ्रता से सूचनात्मक निर्णय लेने के लिए 24 घंटे सातों दिन संचार और सूचना चैनल के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी को सुनिश्चित किया जा सके। इन के अतिरिक्त सभी निदेशकों और सीवीओ को उनकी नौकरी की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए एक वैकल्पिक के रूप में जियो-फाई प्रदान किया गया है। एमसीएल मुख्यालय में सभी विभागाध्यक्षों को जियो-फाई कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए उपाय किए गए हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी में ये सभी सुझाव कागज से इलेक्ट्रॉनिक मोड में दैनिक संचार स्थानांतरित कर चुके हैं, जिससे समय और संसाधनों की बचत होती है।
9. कंपनी के शीर्ष प्रबंधन में गोपनीयता और त्वरित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक इंटरनल क्लोज्ड टेलीफोन नेटवर्क विशेष रूप से निदेशक और सीवीओ के लिए बनाया गया है।
10. एमसीएल के सभी रोड वे-ब्रिज के लिए वाईमैक्स इंटरनेट की सुविधा प्रदान की गई है और सड़क बिक्री मोड के माध्यम से भेजे जाने वाले ट्रकों के लिए ऑनलाइन ई-ट्रांजिट पास बनाने के लिए उपयोग किया जा रहा है। वाईमैक्स इंटरनेट की सुविधा एमसीएल मुख्यालय में केन्द्रीय सर्वर पर वजन और अन्य संबंधित आंकड़ों के संचरण के लिए इन- मोशन रोड वे ब्रिज तक आगे बढ़ा दी गई है।
11. एमसीएल मुख्यालय निस्तेज स्थान होने से विभाग द्वारा इसके कर्मचारियों के मनोरंजन के लिए जागृति विहार और आनंद विहार को कवर करते हुए कर्मचारी और अधिकारियों के आवास एवं अन्य स्थानों पर केबल टीवी सेवा के लगभग 700 कनेक्शन की व्यवस्था एवं अनुरक्षण किया जाता है । इसे बेहतर दृश्य अनुभव के लिए डिजिटल मोड में अपग्रेड कर दिया गया है।
12. त्वरित और सुरक्षित संचार के लिए सभी भूमिगत परियोजनाओं में भूमिगत संचार प्रणाली स्थापित की गई है।
13. विभिन्न भूमिगत परियोजनाओं में विभाग द्वारा पर्यावरणीय टेली-मॉनिटरिंग सिस्टम को भी अनुरक्षण किया जा रहा है और इसे बढ़ाने के लिए उपाए किए गए हैं।
14. सीआईएल के निजी नेटवर्क के साथ-साथ इंटरनेट पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए एमसीएल मुख्यालय में एंटरप्राइज ग्रेड वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम स्थापित किया गया है, जो कि प्रमुख प्रबंधन कर्मियों के बीच त्वरित और सहयोगी निर्णय लेने और समय और यात्रा की बचत को सक्षम बनाता है। एमसीएल क्षेत्रों और अन्य एमसीएल प्रतिष्ठानों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाएं

बढ़ाने के लिए कदम उठाए गए हैं। निदेशक (तक./संचालन) के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत मुख्य अधिकारियों के कार्यालय और मोबाइल में डेडिकेटेड वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग क्लाइंट सॉफ़्टवेयर को स्थापित किया गया है, जिसने निदेशक कार्यालय के अंदर या बाहर आमने सामने बात कर सकने में सक्षम होते है। यह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम एमसीएल की लाइसेंस प्राप्त एंटरप्राइज ग्रेड वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम पर चलाया जाता है, जो संसाधनों की गोपनीयता और उपलब्धता सुनिश्चित करता है।

24. अनुषंगी उद्योगों का विकास

एमसीएल स्थानीय उभरते उद्यमियों को आत्मनिर्भरता की प्रक्रिया के माध्यम से स्व-रोज़गार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और भंडार/उपभोग्य/मरम्मत आदि के क्षेत्रों में राजस्व द्वारा पर्याप्त हिस्सेदारी के द्वारा उन्हें एक स्थायी व्यवसाय प्रदान करता है।

उपरोक्त कारणों के लिए, एमसीएल की पूर्ण एमएसएमई-सहायक विकास प्रकोष्ठ है जो निम्नलिखित गतिविधियों के लिए प्रतिबद्ध है:

- ओडिशा राज्य के भीतर अपने परिचालन क्षेत्राधिकार में छोटे पैमाने पर उद्योगों की संभावनाओं का पता लगाने और उनके विकास करने के लिए अनुमति देता है और सभी प्रयासों को प्रोत्साहित करता है।
- राज्यों के उद्योग निदेशालय और डी.आई.सी. की सहायता से एमसीएल की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए आयात प्रतिस्थापन, पुर्जों की उपलब्धता में सुधार करना।
- बढ़ी हुई स्व-रोज़गार की संभावना को बनाने और राज्य के क्षेत्रीय युवा जनसंख्या के बीच आत्मनिर्भरता को बनाने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण।
- वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक मानक को पाने की नई गतिशीलता तक पहुंचने के लिए इस राज्य के आम जनता की समृद्धि और देश के औद्योगिक मानचित्र में इस राज्य की उन्नति और एसएसआई इकाइयों के औद्योगिक उत्पादों का समायोजन।

कंपनी की स्थापना के बाद से एमसीएल ने ओडिशा के एसएसआई इकाइयों की मदद की और विकसित किया है। एससीआई इकाइयों को विभिन्न उपभोज्य पुर्जों/वस्तुओं और एमसीएल के अभियांत्रिकी और खनन अनुभाग में शामिल उत्पादन प्रक्रियाओं से सीधे जुड़े सेवा संबंधी कार्यों के लिए प्रूवन/ अनंतिम अनुषंगी से नवाजा गया है।

इन अनुषंगी इकाइयों को बनाए रखने के अपने निरंतर प्रयासों में एमसीएल उन अनुषंगी इकाइयों को सतत व्यवसाय प्रदान कर रहा है जो सामग्री की गुणवत्ता की आपूर्ति और शीघ्र सुपुर्दगी देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अनुषंगी इकाइयों के कार्य निष्पादन की समीक्षा करने के बाद उनके मामलों को अनुषंगी स्थिति के नवीकरण के लिए समझा जाता है। दिनांक 31/03/2017 को एमसीएल की लगभग 30 एसएसआई इकाइयां (अनुषंगी इकाइयां) योग्यता और खरीद प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भागीदारी और

उपयोगकर्ता के क्षेत्रों में विभिन्न गुणवत्ता वाले उत्थान की आपूर्ति के आधार पर सहायक स्थिति मे साबित हुई हैं। एमसीएल द्वारा पहचाने जाने वाले 49 अनुसूचित अनुषंगी मदें हैं।

एमसीएल सहायक इकाइयों पर लगातार निगरानी रख रहा है और समय-समय पर परस्पर संवादात्मक सत्र/बैठकों का आयोजन करके उनकी शिकायतों का निवारण करने की कोशिश कर रहा है।

यह सत्य है कि वित्त वर्ष 2016-17 में, एमसीएल ने पहले ही बी 2 बी बैठक सह कुल 10 राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर के विक्रेता विकास कार्यक्रमों में भाग लिया है। विक्रेता इंटरैक्शन बैठक निम्नानुसार है:

1. 12 और 13 अगस्त 2016 को ओडिशा विधानसभा के छोटे और मध्यम उद्यम सभा द्वारा पुरी में आयोजित 30 वीं वार्षिक राज्य सम्मेलन और संगोष्ठी।
2. गुजरात सरकार के ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल्स विभाग द्वारा गुजरात उद्योग संघ के सहयोग से दिनाक 06/10/2016 से 10/10/2016 तक गुजरात में "इलेक्ट्रिकल और पावर प्रदर्शनियों पर स्विच ग्लोबल एक्सपो - 2016" का आयोजन।
3. 22 अक्टूबर 2016 को एमसीएल मुख्यालय, बुर्ला में एमसीएल द्वारा एमएसएमई-डीआई, कटक और आरआईसी, सम्बलपुर के सहयोग से राज्य स्तरीय वेंडर विकास कार्यक्रम-सह क्रेता विक्रेता का आयोजन ।
4. दिनांक 31 अक्टूबर से 5 नवंबर 2016 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान दिनांक 3 नवंबर 2016 को विक्रेता विकास कार्यक्रम सह बोलीदाता बैठक का एमसीएल मुख्यालय में आयोजन।
5. सीआईएल,कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, खान मंत्रालय, भारत सरकार और इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार बीकेटी, महिंद्रा राइज और त्रिवेणी के समर्थन से सीआईआई द्वारा दिनांक 16 से 19 नवंबर 2016 तक इको पार्क, राजरहाट, कोलकाता में "13 वीं अंतर्राष्ट्रीय खनन और मशीनरी प्रदर्शनी - 2016" का आयोजन।
6. जनता मैदान, भुवनेश्वर में ओडिशा सरकार द्वारा दिनांक 30 नवंबर से 2 दिसंबर 2016 तक "मेक इन ओड़ीशा सम्मेलन" का आयोजन।
7. दिनांक 5 से 7 दिसंबर 2016 तक बलियात्रा (अपर ग्राउंड), किला मैदान, कटक में एमएसएमई-डीआई कटक द्वारा "एमएसएमई एक्सपो ऑडिशा - 2016" का आयोजन।
8. एनएसआईसी राउरकेला के साथ बीआर. एमएसएमई-डी, राउरकेला द्वारा दिनांक 8 दिसंबर 2016 को राउरकेला में राज्य स्तर के वेंडर विकास कार्यक्रम का आयोजन।
9. 20 जनवरी 2017 को भांजा भवन, राउरकेला में एनएसआईसी राउरकेला द्वारा आयोजित एससी/एसटी उद्यमियों के लाभ के लिए विक्रेता विकास कार्यक्रम का आयोजन।

10. दिनांक 05.03.2017 से 10.03.2017 तक आईडीसीओ प्रदर्शनी ग्राउंड, भुवनेश्वर में ओड़ीशा सरकार के निर्यात प्रोत्साहन एवं विपणन निदेशालय द्वारा ओडीशा ट्रेड फेयर 2017 का आयोजन।

<u>एमसीएल द्वारा अपनाई गई पॉलिसी की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:</u>

भारत सरकार के सचिव, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय (एमएसएमई) द्वारा जारी एमएसई आदेश 2012 के अनुसार सार्वजनिक खरीद नीति का कार्यान्वयन 2015-16 से अनिवार्य हो गया है। एमसीएल ने जुलाई,2013 से प्रभावी मौजूदा सहायक नीति को तैयार और कार्यान्वित कर लिया था। एमएसईएस और अनुषंगी उद्योग के लिए एमसीएल द्वारा अनुसरित नई खरीद नीति एमसीएल पोर्टल में सहायक और एमएसई के शीर्ष http://www.mahanadicoal.in/About/pdf/ANCILLARY_POLICY.pdf पर उपलब्ध है।

➢ एमएसई द्वारा उत्पादित कुल वार्षिक उत्पादों और सेवाओं की कम से कम 20 प्रतिशत की खरीद की जाएगी। माइक्रो और स्मॉल एंटरप्राइजेज से 20% वार्षिक ख़रीद में, 20% (अर्थात 20 में से 4%) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति उद्यमियों के स्वामित्व वाले माइक्रो और लघु उद्यमों से खरीदी जाएगी। हालांकि, ऐसे एमएसई की निविदा प्रक्रिया में भाग लेने या निविदा आवश्यकताओं और एल 1 मूल्य को पूरा करने की विफलता की स्थिति में, अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई के लिए निर्धारित 4% उप-लक्ष्य को अन्य एमएसई से खरीदा जाएगा।

➢ निविदा में भाग लेने वाले माइक्रो और लघु एंटरप्राइजेज, एल-1+15 प्रतिशत के प्राइस बैंड के भीतर कीमत का हवाला देते हुए उनकी कीमत एल 1 से कम कर ऐसी स्थिति में आपूर्ति की अनुमति दे सकते हैं जहां एल1 मूल्य माइक्रो और स्मॉल एंटरप्राइज़ के अलावा अन्य एंटरप्राइजेज दे और ऐसे माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइज को कुल निविदा मान के 20 प्रतिशत तक की आपूर्ति करने की अनुमति दी जाएगी।

➢ वर्तमान व्यापार करने के लेन-देन की लागत को कम करने के लिए, सूक्ष्म और लघु उद्यमों को निविदा का सेट नि:शुल्क देकर, बकाया धन के भुगतान से सूक्ष्म और लघु उद्यमों को छूट देकर सहायता प्रदान की जाएगी।

➢ माइक्रो और स्मॉल एंटरप्राइजेज से 358 मदों की खरीद, जिसे उनसे विशेष खरीदारी के लिए आरक्षित किया गया है। नई नीति के कार्यान्वयन के लिए, एक मानक एनआईटी पहले से ही कार्यान्वित कर दी गई है जहां केवल एमएसई फर्म ही भाग ले सकते हैं एमएसई कंपनियों के अलावा कोई भी ऑफर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

➢ यह बताया जा सकता है कि एमसीएल के पास निविदा 2.00 लाख से अधिक अनुमानित मूल्य वाले निविदाओं के लिए ई-निविदा की नीति है । एमएसई सहित सभी के लिए खुला है जो पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं।

एमसीएल की वार्षिक खरीद और पिछले तीन वर्षों के एमएसई से खरीद का % नीचे दिया गया है:

		2014-15	2015-16	2016-17
1	कुल वार्षिक खरीद (लाख में)	7050.00	8872.01	7927.00
2	एमएसई से कुल खरीद (लाखों में)	2236.83	2174.09	3002.69
3	% कुल खरीद के एमएसई से खरीद	31.72	24.50	37.87

एमसीएल ने वित्त वर्ष 2016-17 में कुल वार्षिक खरीद का 37.87% एमएसई से खरीदा है और वर्ष 2013-14 से शुरू होने वाले न्यूनतम् 20% लक्ष्य को लगातार प्राप्त कर रहा है और भविष्य में इस प्रवृत्ति को बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्ध है। पॉलिसी एमएसई द्वारा उत्पादित या प्रदान की गई उत्पादों या सेवाओं की कुल वार्षिक खरीद के 20% को प्राप्त करने की जरूरत है, जो सफलतापूर्वक हासिल की गई है।

एमसीएल खरीद प्रक्रिया की निगरानी, ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर बोलीदाताओं के डाटाबेस को अद्यतन, 20% लक्ष्य को हासिल करने और सुधार करने के लिए हितधारकों के साथ परसस्पर विचार विमर्श कर रहा है।

25. मानव संसाधन प्रबंधन (एचआरएम)

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के लिए अपना मानव संसाधन सर्वाधिक मूल्यवान है। आपकी कंपनी की दृढ़ मान्यता है कि सिर्फ बाजार में महत्वपूर्ण उपस्थिति ही हमारी सफलता का अकेला कारण नहीं है वरन इसकी जनपूंजी है जो बहुत ही मूल्यवान परिसंपत्ति है और यह कंपनी की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। इसका प्रभावी तथा सार्थक रुप प्रबंधन ज्ञान, तकनीकी व बदलते वैश्विक व्यवसायिक प्रवृत्ति के क्षेत्रों में नयी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाता है । उनके मनोबल को बनाए रखने में आपकी कंपनी कर्मचारियों व उनके परिजनों की व्यापक चिकित्सा देख-भाल, शिक्षा, आवास तथा सामाजिक सुरक्षा द्वारा विभिन्न कल्याण-लाभ प्रदान करती है।

एमसीएल के सभी 22036 कर्मचारियों (दिनांक 31 मार्च,2017 को) ने सभी प्राकृतिक आपदाओं का मुकाबला करते हुए वर्ष के दौरान कंपनी को भारत के सर्वाधिक कोयला उत्पादन कंपनी बनाने हेतु उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए स्वयं को समर्पित करते हुए वित्त वर्ष 2016-17 में अभूतपर्व 139.21.90 मि.टन कोयला उत्पादन तथा 123.34 मि.घन मी. अभिभार निष्कासित किया तथा 143.011 मि.टन कोयला प्रेषण किया।

वर्ष के दौरान मानव संसाधन के क्षेत्र में वृद्धि के संधारण व प्रोत्साहक माहौल लाने के लिए विभिन्न पहल किए गए। जनशक्ति की युक्तिसंगतता इस वर्ष में भी जारी रही। 31 मार्च 2017 को कुल 22,036 जनशक्ति में से 1828 अधिकारी और 20208 कर्मचारी हैं। वर्ष 2016-17 के दौरान 832 व्यक्ति कंपनी में नई नियुक्ति, स्थानांतरण, पुन: नियुक्ति इत्यादि के द्वारा जुड़े हैं वहीं 1193 व्यक्ति सेवानिवृत्ति, स्थानांतरण, ईएसएस, त्यागपत्र, मृत्यु इत्यादि के कारण अलग हुए हैं। गतवर्ष की तुलना में

जनशक्ति में बदलाव का कारण लागू आर एंड आर नीति के तहत परियोजना प्रभावित परिवारों को दी जानेवाली नियुक्ति/ सुपरवाइजरी एवं कुशल श्रेणी की वैधानिक जनशक्ति का नियोजन/कैंपस चयन एवं प्रबंधन प्रशिक्षुओं का कोल इंडिया द्वारा खुला नियोजन से कंपनी की कुल जनशक्ति 31.03.2016 के 22397 के मुकाबले 31.03.2017 को 22036 हो गई।

25.1 **औद्योगिक संबंध:**

अग्रणी औद्योगिक संस्थान होने से कंपनी कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ सहयोग करते हुए औद्योगिक संबंध बनाये हुए हैं ताकि संस्थान में सौहार्दपूर्ण कार्य वातावरण बना रहे। हमारी कंपनी ने बाह्य एजेन्सियों तथा खनन क्षेत्रों के नजदीक के ग्रामीणों से भी मित्रतापूर्ण संबंध कायम रखा है।

ऊँचाईयों की प्राप्ति के लिए प्रबंधन एवं कर्मचारियों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध ही एक धुरी (Pivotal) है और कंपनी सदैव उत्तम औद्योगिक संबंध को बनाए रखने में पूरा ध्यान देती है। इस वर्ष भी कंपनी ने तीन स्तरीय औद्योगिक संबंध कायम रखने में सफलता प्राप्त किया। मामला एवं शक्तियों के प्रत्यायोजन(डेलिगेशन आफ पावर) के आधार पर कर्मचारियों की शिकायतों/मांगों को विभिन्न स्तर के औद्योगिक संबंध प्रणाली द्वारा सुलझाया जाता है।

दिनांक 02 सितंबर,2015 को चारों केंद्रीय श्रम संगठनों द्वारा किए गए हड़ताल को छोड़कर वर्ष 2015-16 में कोई हड़ताल नहीं हुआ जो प्रबंधन एवं श्रम संगठनों के बीच मजबूत संबंध को दर्शाता है।

कार्यरत सभी चार श्रम संगठनों द्वारा प्रबंधन के साथ उच्च स्तरीय औद्योगिक संबंध बनाये रखने के लिए किए गये प्रयास बहुत ही सराहनीय है।

25.2 **सहभागी प्रबंधन:**

प्रबंधन के साथ एक विशिष्ट स्तर तक दैनंदिन कार्यों के साथ-साथ कार्पोरेट आयोजन में निर्णय लेने में कर्मचारियों की भागीदारी कार्पोरेट लक्ष्य प्राप्त करने के मार्ग को सुगम बनाती है। आपकी कंपनी एमसीएल ने सहभागिता प्रबंधन के मूल्यों को जानते हुए इसके आरंभ से ही इस सिद्धांत को अपनाया है। जेसीसी और कल्याण बोर्ड में प्रतिनिधित्व के लिए ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों का नामांकन परिचालित ट्रेड यूनियनों द्वारा (आईआर प्रणाली के तहत शामिल) किया जाता है। उल्लेखित द्विपक्षीय फोरम के अलावा क्षेत्र के साथ-साथ कारपोरेट स्तर पर भी त्रिपक्षीय सुरक्षा समितियां कार्य कर रही हैं जिसमें ट्रेड यूनियनों द्वारा नामांकित प्रतिनिधि शामिल होते हैं। ऊपर लिखित द्विपक्षीय और त्रिपक्षीय समितियां विशेष निर्णय लेने और समस्याएं सुलझाने में प्रबंधन की सहायता करने में सक्रिय हैं।

अपने कर्मचारियों के साथ न केवल प्रबंधन सहभागिता के जरिए बल्कि राजभाषा पखवाड़ा, सुरक्षा सप्ताह, गुणवत्ता पखवाड़े इत्यादि मे सहभागिता के अवसर पर वाद-विवाद और संगोष्ठी ही नहीं बल्कि कर्मचारी संबद्धता जैसी श्रेष्ठ पद्धतियों को आत्मसात के जरिए कार्य संस्कृति, सौहार्दपूर्ण परिवेश और निष्ठा विकसित करने में एमसीएल विश्वास रखता है।

आपकी कंपनी लैंगिक संवेदनशीलता के महत्व को समझती है और अपनी महिला कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने और महिला कर्मचारियों द्वारा उठाए गए मुद्दों/शिकायतों के निपटारा के लिए विशेष ध्यान

देती है। महिलाओं के उन्नति एवं विकास के लिये ताकि वे अवसरों का सर्वोतम उपयोग अधिक आत्मविश्वास के साथ प्रभावी रुप से आगे बढ़ सके, इस के लिये एमसीएल विप्स (सार्वजनिक क्षेत्र में महिलाएं) फोरम के माध्यम से महिला कर्मचारियों को प्रशिक्षण एवं सेमिनार के द्वारा उन्हें सूचना एवं विचारो के आदान प्रदान के लिये मंच उपलब्ध कराता है ।

कंपनी में 2016-17 में कंपनी स्तर/क्षेत्र स्तर/परियोजना स्तर पर औद्योगिक संबंध , कल्याण, सुरक्षा, जेसीसी इत्यादि से संबंधित नियमित बैठकें हुईं जिसमें कर्मचारी कल्याण, सुरक्षा और कर्मचारियों की शिकायतों से संबंधित विभिन्न मामलों पर यूनियन प्रतिनिधियों से चर्चा हुई और समरस्याएं मैत्रीपूर्ण भाव से निपटाई गईं। चर्चा के दौरान, कार्य प्रक्रियाओं के सुधार और संगठन के दैनंदिनी कार्यों में सुधार के लिए अनेक नए विचार और सुझाव भी प्रस्तुत किए गए।

इसके अतिरिक्त, क्षेत्र/मुख्यालय पर कोल इंडिया अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ (सीआईएसटीईए) के साथ बैठक भी की गई जिसमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदायों के कर्मचारियों की शिकायतों पर चर्चा की गई और उन्हें मैत्रीपूर्ण भाव से निपटाने हेतु कार्यवाही आरंभ की गई।

संघ का एक सदस्य इकाई/क्षेत्र/मुख्यालय स्तर की निम्नलिखित फोरम में शामिल किया गया जो सहभागिता प्रबंधन की ओर एक अच्छा कदम है:-

i) आवास आबंटन समिति

ii) क्षेत्रीय संयुक्त सलाहकार समिति

iii) कॉर्पोरेट संयुक्त सलाहकार समिति

25.3 प्रशिक्षण एवं विकास

मानव संसाधन विभाग उत्पादन और लाभ की मांग को पूरा करने के लिए विज्ञान और तकनीकी के विकास के साथ साथ मानव संसाधन के विकास के लिए प्रशिक्षण, हमारी कंपनी की कार्पोरेट पॉलिसी का अभिन्न हिस्सा है।

सामरिक योजना के कार्यों को पूरा करने के लिए तीन प्रबंधन संस्थानों- प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान(एमटीआई), बुर्ला; बेलपहाड़ प्रशिक्षण संस्थान(बीटीआई) लखनपुर क्षेत्र; खनन इंजीनियरिंग एवं उत्खनन्न प्रशिक्षण संस्थान(एमईईटीआई), केंद्रीय कर्मशाला,तालचेर तथा पाँच ग्रुप वोकेशनल/वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर क्रमश: जगन्नाथ क्षेत्र, तालचेर, लखनपुर, ओरियंट और बसुंधरा क्षेत्र में एचआरडी के प्रयासो को एकीकृत करने के लिए प्रत्येक वर्ष वार्षिक एचआरडी योजना पर कार्य किया जाता है तथा दिए गए प्रशिक्षण निम्नानुसार है ।

वर्ष 2015-16 तथा 2016-17 के लिए प्रशिक्षण ब्यौरा

1. एमटीआई तथा जीवीटीसी/वीटीसी के आंतरिक प्रशिक्षण

क्रमांक	कर्मचारी	वर्ष 2015-16	वर्ष 2016-17
1.	अधिकारी	724	447
2.	पर्यवेक्षक	1606	990
3.	श्रमिक	6501	5695
	कुल Total	8831	7132

2. बाह्य प्रशिक्षण का ब्यौरा

क्रमांक	कर्मचारी	वर्ष 2015-16	वर्ष 2016-17
1.	अधिकारी	726	873
2.	पर्यवेक्षक	81	89
3.	श्रमिक	62	89
	कुल Total	869	1051

3. कुल प्रशिक्षण (आंतरिक एवं बाह्य)

क्रमांक	कर्मचारी	वर्ष 2015-16	वर्ष 2016-17
1.	अधिकारी	1450	1320
2.	पर्यवेक्षक	1687	1079
3.	श्रमिक	6563	5784
	कुल Total	9700	8183

4. विभिन्न शिक्षा संस्थानों के छात्रों कों इन्टरन्शिप प्रशिक्षण

क्रमांक	छात्र	वर्ष 2015-16	वर्ष 2016-17
1.	खनन अभियांत्रिकी	215	158
2.	खनन डिप्लोमा	1064	1134
3.	तकनीकी स्नातक (बी. टेक)	202	112
4.	एमबीए	83	42
5.	अन्य	55	54
	कुल Total	1619	1498

5. स्किलिंग (आईटीआई) के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए प्रयोजन(sponsorship) का ब्यौरा

सत्र	ट्रेड		कुल
	फिटर	ईलेक्ट्रिशियन	
2016-17 से 31.03.2017 तक	49	32	81
कुल Total	49	32	81

6. स्किलिंग (आईटीआई) के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए प्रयोजन का ब्यौरा

सत्र	केएसएएस भुवनेश्वर	एमआईटीएस, रायगड़ा	कुल
2016-18 से (31.03.2017) तक	42	115	157
कुल Total	42	115	157

7. खदान संचालन से जुड़े 1298 विभागीय कर्मचारियों को राष्ट्रिय कौशल विकास परिषद (NSDC-रिकोग्निशन प्रिओर लर्निंग) प्रशिक्षण दिनांक 15.07.2016 से 31.03.2017 तक दिया गया था।

8. पोस्ट डिप्लोमा प्रेक्टिकल ट्रेनिंग

क्रमांक	अभ्यर्थी	वर्ष 2015-16	वर्ष 2016-17
1.	ओएसएमई क्योंझर	29	50
2.	केआईएमईटी छेंडिपाड़ा	38	48
3.	पीसीआईईटी अंगुल	36	62
4.	पीएमआईटी अंगुल	14	22
5.	केएसई क्योंझर,	11	18
	कुल Total	128	200

9. एमसीएल बोर्ड सदस्यों को दिए गए प्रशिक्षण

क्रमांक	वर्ष	प्रशिक्षणों की संख्या	भारत में	विदेश में
1.	2015-16	8	08	-
2.	2016-17	5	04	01

10. 2015-16 एवं 2016-17 में प्राप्त किया मानव दिवस प्रशिक्षण

क्रमांक	कर्मचारी	वर्ष 2015-16	वर्ष 2016-17
1.	अधिकारी	7792	6949
2.	पर्यवेक्षक	9456	6185
3.	श्रमिक	49714	48674
		66962	61808

11. विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्रमांक	कर्मचारी	वर्ष 2015-16	वर्ष 2016-17
1.	परियोजना प्रबंधन	18	40
2.	संविदा प्रबंधन	17	18
3.	जोखिम प्रबंधन	14	12
4.	पर्यावरण, वन प्रबंधन एवं भू अधिग्रहण	14	28
5.	सिम्यूलेटर प्रशिक्षण	17	36

सन 2016-17 में समझौता ज्ञापन के 35% लक्ष्य की की तुलना में 36.8% कर्मचारियों को पाँच दिवसीय कौशल उन्नयन परशिक्षण दिया गया है।

भुवनेश्वर में प्रबंधन विकास संस्थान -(एमआईएनआरईएम)

एमसीएल ने कोयला अनुभाग में कोयला उपक्रम के अधिकारियों के लिए विकसित एवं उभरते हुए विकास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। टोमांडों भुवनेश्वर मे आगामी सुविधाओं ने प्रशिक्षण एवं विकास, आर एवं डी, कसलटेंसी और सामान्य शिक्षा कार्यक्रम जैसी विविध गतिविधियों पर लक्ष्य साधा है। नई तकनीकी से उभरती योग्यता अंतराल, व्यापार के विविधिकरण, और अधिकारियों की सेवानिवृत्ति को फिर से संरचित मानव संसाधन विकास हस्तक्षेप के माध्यम से फिर से भरा जा सकता है जिसके लिए संस्थान रुका हुआ था।

राजधानी भुवनेश्वर में विश्व स्तरीय संस्था के रुप में उभरने के लिए एमसीएल द्वारा एकमात्र उन्नत एवं पूर्ण पूंजीकृत संस्था एमसीएल इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरल रिसोर्स अँड एनर्जी मैनेजमेंट, सोसाइटी के रूप में दिनांक 16.01.2016 को सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत महानिरीक्षक(पंजीकरण), ओड़ीशा द्वारा पंजीकृत कि गई है।

जैसा कि हम जानते है एमसीएल के प्रतिभा निर्माण के लिए एमआईएनआरईएम उत्तरदायी है, यह अच्छी तरह से प्रतिभा विकास निर्माण योजना को अपनाएगा जो प्रतियोगिता द्वारा सिमरिंग लिडर, उनको खुले दिमाग और उत्सुक बनाए रखने, कंपनी चलाने के लिए आवश्यक कारकों को बनाने में सहायता करेगा।

परिवर्तन प्रशिक्षण -

कंपनी नियमित सांविधिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के अलावा कंपनी के भविष्य की आवश्यकता के अनुरूप और कंपनी की कॉर्पोरेट योजनाओं के अनुसार कर्मचारियों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए अधिक कुशल बनाने और कंपनी को सफलता की नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने के लिए कर्मचारियों को कुछ विशिष्ट प्रशिक्षण दिलाने में भी रुचि लेती है।

प्रशिक्षण पाठ्यचर्या:

क. **<u>अधिकारी कार्यक्रम:-</u>**

सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम अधिकारियों के प्रबंधन कौशलों और कार्यनिष्पादन हेतु।

कार्यात्मक कार्यक्रम: अन्य विभाग के कार्य के संबंध में ज्ञान के विकास के लिए।

कम्प्यूटर जागरूकता कार्यक्रम: सभी संबंधित कार्यालयीन कार्यों के कुशल एवं सरलतापूर्वक कार्यकलाप।

ख. **<u>पर्यवेक्षक कार्यक्रम:-</u>**

पर्यवेक्षक विकास कार्यक्रम: ज्ञान व कौशल उन्नयन हेतु ।

पर्यवेक्षकों के लिए सुरक्षा प्रबंधन पर्यवेक्षकों में जागरूकता सृजित करने हेतु। :

ओवरमैंन व माइनिंग सरदार जैसे व्यक्तियों के कैरियर संवर्धन हेतु ।

कंप्यूटर जागरूकता कार्यक्रम सभी संबंधित :कार्यालयीन कार्यों के कुशल और सुचारु निष्पादन हेतु।

ग. **श्रमिकों हेतु कार्यक्रम:-**

निष्पादन हेतु श्रमिक विकास कार्यक्रम: श्रमिकों के कौशल उन्नयन हेतु।

एचईएमएम प्रशिक्षण: उचित प्रशिक्षण के बाद विभिन्न खदानों मे तैनाती के लिए भू-विस्थापितों को इस प्रशिक्षण के लिए चुना गया है।

सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम: खदान में सुरक्षा के संबंध में कर्मचारियों में सुरक्षा जागरूकता फैलाना।

कंप्यूटर जागरूकता कार्यक्रम: कुशलतापूर्वक कंप्यूटर चलाने के लिए

तकनीकी प्रशिक्षण:-

यह प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से खानों में काम करने वाले कर्मचारियों को आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण की व्यवस्था करता है और उन्हें निकट भविष्य में खनन कार्य में प्रयोग होने वाली नवीनतम प्रौद्योगिकी से, यदि कोई हो, अद्यतन भी करता है ताकि प्रौद्योगिकी में विशेष प्रणालियों के माध्यम से उत्पादन प्रक्रिया में समृद्धि अथवा क्षमता और नए उपकरणों के माध्यम से परियोजना में पूंजी और तकनीक के निवेश की उपयुक्त वापसी उपलब्ध करा सके। उपर्युक्त के कार्यान्वयन के लिए, कर्मचारियों को निम्नलिखित माध्यम से अवगत किया जाता है:

मूल पाठ्यक्रम :प्रौद्योगिकी, उपकरण और प्रणाली के यथोपयुक्त ।

पुनश्चर्या पाठ्यक्रम :तीन वर्ष में एक बार उनको जो मूल पाठ्यक्रम कर चुके हैं अथवा पहले से ही विशिष्ट कौशल क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। पुनश्चर्या प्रशिक्षण स्थल पर अथवा प्रशिक्षण केंद्रों में भी आयोजित किया जाता है।

विशेषीकृत पाठ्यक्रम :प्रौद्योगिकी, उपकरणों के विन्यास और क्षमता में परिवर्तन तथा उत्पादन की प्रणाली में सुधार के मामले में।

प्रबंधन प्रशिक्षण:

प्रत्येक स्तर के अधिकारियों को प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान, बुर्ला में समय-समय पर कंपनी की आवश्यकता के अनुसार मांग आधारित प्रशिक्षण अर्थात् उच्च स्तर पर प्रवेश, कंपनी हितों के विभिन्न विषयों पर आंतरिक प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही अधिकारियों को बाह्य संगठनों जैसे आईआईसीएम, रांची, आईआईएम, आईआईटी, एनआईटी और भारत तथा विश्व के अन्य प्रख्यात प्रशिक्षण केंद्रों में भेजा जाता है।

25.4 मानव संसाधन पर पहल –

1. मेंटर मेंटी योजना-

सीआईएल के मेंटर मेंटी योजना के अनुसार नवागंतुकों की उच्च प्रतिधारण दर को सुनिश्चित करने तथा पुल प्रशिक्षित और समिति मेंटर्स के विकास के लिए प्रमुख प्राथमिक संस्थागत क्षेत्र जो उनके सामाजिक संपर्कों को कायम करने के लिए सहायता करेगा, एमसीएल ने 169 मेंटी(सहायक प्रबंधक ई-3 ग्रेड) के

लिए, उनके व्यावसायिक वृद्धि और विकास तथा कर्मचारियों की उच्च संभावना के लिए, वरिष्ठ नेतृत्व कि भूमिका के लिए विभिन्न संकाय से 30 मेटर की नियुक्ति की गई।

अप्रेंटिस अधिनियम- 1961(संशोधित-2016) के तहत प्रशिक्षण देना:

क. **स्नातकोत्तर प्रायोगिक प्रशिक्षण - (पीजीपीटी)**बीओपीटीपद 04कोलकाता द्वारा पीजीपीटी के , पीजीपीटी को तालचेर क्षेत्र में 03अधिसूचित किया गया था तदानुसार तथा 01 को ईब वैली कोलफील्ड्स में नियोजित किया गया है।

ख. **डिप्लोमा (पीडीपीटी)र प्रायोगिक प्रशिक्षण उत्त**–वित्तीय वर्ष 2016-17 में ओई वर्ष के लिए पहले के पद कर दिया 200पदों को वर्तमान में बढ़ाकर 100 गया है तदनुसार **200** पीडीपीटी को वर्ष के 01 लिएतालचेर और ओरियंट क्षेत्र में नियोजित किया गया है ।

ग. वित्तीय वर्ष 2016-17 में ओड़ीशा राज्य के आईटीआई से उत्तीर्ण 182 लोगों को निम्नलिखित क्षेत्रों में वर्ष 01 के लिए अप्रेंटिस प्रशिक्षण में नियोजित किया गया है-

क्र.	क्षेत्र का नाम	शिक्षुओं के रूप में कार्यरत आईटीआई उत्तीर्ण लोगो की संख्या
1	जगन्नाथ क्षेत्र	25
2	भरतपुर क्षेत्र	66
3	तालचेर क्षेत्र	18
4	केन्द्रीय कर्मशाला (उत्ख.), तालचेर	73
	कुल	182

घ) एचआर दृष्टिकोण : 2020

जीएनईएक्सटी अवधारणा के अंतर्गत एमसीएल में विभिन्न विभागो कार्मिक, वित्त, सामाग्री प्रबंधन से तीन गतिशील सहायक प्रबन्धक का एक केंद्रीय कार्य बल पहले ही गठित

हो चुका है तथा प्रत्येक विभाग से 17 सदयों को शामिल कर अनुषंगी एवं अनुशासन कार्य बल कार्यरत है।

25.5 मनोरंजन गतिविधियां

टीम भावना को प्रेरित करने और क्रर्मचारियों के बीच आपसी भावना को समझने को ध्यान में रखते हुए एमसीएल के विभिन्न क्षेत्रों सहित मुख्यालय में नियमित रूप से विभिन्न सामाजिक व मनोरंजन गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। कर्मचारियों के लाभ के लिए विभिन्न अंतर्क्षेत्रीय टूर्नामेंट के आयोजनार्थ प्रतिवर्ष स्पोर्ट्स-कैलेंडर बनाए जाते हैं। वर्ष 2016-17 के दौरान एमसीएल ने कोल इंडिया अंतर्कम्पनी लॉन टेनिस व कोल इंडिया अंतर्कम्पनी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया। सीआईएल स्पोर्ट्स कैलेंडर के अनुसार सीआईएल की विभिन्न अनुषंगियों में

आयोजित सीआईएल टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए टीम प्रतिनियुक्त किया गया। कोल इंडिया स्थापना के साथ-साथ एमसीएल के स्थापना दिवस के अवसर पर एमसीएल मुख्यालय में पुरूषों, महिलाओं व बच्चों के लिए उत्कृष्टता हेतु दौड़ का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इन दोनों अवसरों पर सभी प्रतिभागियों को नारे व लोगो सहित टी-शर्ट व कैप प्रदान किया गया। 01 अप्रेल से लेकर 03 अप्रेल के दरम्यान उत्कल दिवस से एमसीएल स्थापना दिवस आदि तक सांस्कृतिक कार्यक्रम, गोल्फ टूर्नामेंट तथा अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों की एक क्रम जारी रहा। खनिक दिवस आयोजन 2016 के दौरान सर्वोत्तम खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। एमसीएल महिला मंडल ने एमसीएल परिधि में अनेकों परोपकारी कार्य किए। विभिन्न संस्थाओं को अपने क्षेत्रों में मनोरंजक व सामाजिक गतिविधियों हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

25.5.1 शिक्षा :

एमसीएल ने कोयला खदानों के आस-पास चल रही शैक्षिक संस्थाओं, एन.के. महाविद्यालय, तालचेर सहित 17 निजी रूप से प्रबंधित स्कूलों को सहायता-अनुदान के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की है । हमारे बच्चों के लिए अच्छी शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु एमसीएल में 09 डीएव्ही पब्लिक स्कूल चल रहे हैं। इसमें विशेष रूप से बालिकाओं के लिए डीएवी बालिका हाई स्कूल तथा सभी डीएव्ही स्कूल में स्मार्ट कक्षाओं का प्रावधान शामिल है। वर्ष 2016-17 के दौरान, डीएवी पब्लिक स्कूलों के आवर्ती व्यय हेतु रू. 2758,36 लाख (राजस्व) तथा निजी स्कूलों को रू 142800 उपलब्ध कराए गए। उपर्युक्त के अलावा, आईजीआईटी, सरांग और ओएसएमई, क्योंझर (डिप्लोमा तकनीकी स्कूलों) में वेज बोर्ड कर्मचारियों के बच्चों के दाखिले हेतु 40 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं।

25.5.2 मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति

सीआईएल छात्रवृत्ति योजना के अनुसार कर्मचारी के बच्चों को योग्यता के आधार पर छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। 2016-17 के दौरान 1081 मेधावी छात्रों को (सभी कर्मचारियों के बच्चों को) 18,37,140/- रु. दिए गए हैं।

एमसीएल ने कर्मचारियों के बच्चों को तकनीकी और चिकित्सा शिक्षा के लिए ट्यूशन फीस और हॉस्टल का किराया देकर वित्तीय सहायता दी थी। वर्ष 2016-17 के दौरान 188 कर्मचारियों के बच्चों को इस योजना के तहत 34,39,770 रुपये वितरित किए गए।

26. <u>राजभाषा</u>

मुख्यालय एवं क्षेत्रों में भारत सरकार की राजभाषा नीतियों के अनुपालन के लिए प्रत्येक वर्ष वार्षिक कार्यक्रम/कैलेंडर बनाया जाता है तथा इसी के अनुसार कार्यक्रम किए जाते है।

वर्ष 2016-17 के दौरान एमसीएल में निम्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया:

1. **राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें :**

निदेशक(कार्मिक), एमसीएल की अध्यक्षता में दिनांक 24.02.2016, 28.07.2016, 27.10.2016 तथा 31.01.2017 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों का आयोजन किया गया था जिसमें क्षेत्रों एवं मुख्यालय में राजभाषा प्रगति की समीक्षा की गई तथा भारत सरकार के राजभाषा नीति के सरल कार्यान्वयन के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

2. **राजभाषा कार्यशाला:**

एमसीएल मुख्यालय एवं क्षेत्रों में आयोजित राजभाषा कार्यशालाएं निम्नानुसार है:

वर्ष 2016-17 में एमसीएल में कुल 10 राजभाषा कार्यशालाओं का आयोजन किया गया था जिसमें प्रतिभागियों को भारत सरकार के राजभाषा नीतियों के नियमों और विनियमों से परिचय कराया गया था। प्रतिभागियों को हिन्दी में टिप्पण और मसौदा तैयार करने का अभ्यास भी कराया गया था। 10 कार्यक्रमों में कुल 447 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। वर्ष 2015-16 में 10 राजभाषा कार्यशालाओं का आयोजन किया गया था जिसमें 506 अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया था।

3. **नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की बैठकें :**

वर्ष के दौरान एमसीएल मुख्यालय में दिनांक 23.06.2016 एवं 29.11.2016 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति , संबलपुर की दो अर्धवार्षिक बैठकों का आयोजन किया गया था। बैठक की अध्यक्षता एमसीएल के महाप्रबंधक,(प्रबं. प्रशिक्षण संस्थान/राजभाषा/मानव संसाधन विभाग) तथा निदेशक(योजना/परियोजना) ने की थी।.

4. **नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता :**

नगर राजभाषा समिति, सम्बलपुर के सभी सदस्य कार्यालय में राजभाषा के कार्यान्वयन की उन्नति के लिए वर्ष 2015 से "नराकास राजभाषा शील्ड" प्रतियोगिता शुरू की गई। वर्ष 2015-16 में कुल 09 चयनित सदस्य कार्यालय को "नराकास राजभाषा शील्ड" से सम्मानित किया गया गया था।

दिनांक 29.11.2016 को आयोजित बैठक में नगर राजभाषा समिति, सम्बलपुर के अध्यक्ष द्वारा शील्ड प्रदान की गई थी।

5. **राजभाषा (हिन्दी) प्रशिक्षण :**

राजभाषा प्रशिक्षण और परीक्षाओं का आयोजन हिन्दी शिक्षण योजना, भारत सरकार के अंतर्गत किया गया था। वित्तीय वर्ष 2016-17 में उत्तीर्ण हुए कुल कर्मचारियों की संख्या 240 थी। वित्तीय वर्ष 2016-17 में हिन्दी शिक्षण योजना के अंतर्गत 293 कर्मचारी उत्तीर्ण हुए थे जिनकी जानकारी निम्नानुसार है:

सत्र	प्रबोध	प्रवीण	प्राज्ञ	कुल
2016-17	44	108	88	240
2015-16	83	85	125	293

कंपनी का उद्देश्यपूर्ण साक्ष्य के आधार पर सहयोगियो में अपने शुद्ध निवेश को कम करती है।

2.2.3 संयुक्त व्यवस्था:

संयुक्त व्यवस्था वह व्यवस्था है जहां कंपनी एक या एक से अधिक अन्य पार्टियों के साथ संयुक्त नियंत्रण करती है।

संयुक्त नियंत्रण अनुबंध की सहमति से सहमत होने की वह व्यवस्था है ,जहां प्रसांगिक गतिविधियों से संबंधित फैसले को साझा करने के लिए पार्टियों के सर्वसम्मत संकल्प की आवश्यकता होती है।

संयुक्त व्यवस्था को संयुक्त अभियान या संयुक्त उद्यम के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वर्गीकरण संयुक्त व्यवस्था के कानूनी ढांचे के बजाए प्रत्येक निवेशक के अनुबंध के अधिकारों और दायित्व पर निर्भर करता है।

2.2.3.1 संयुक्त संचालन

संयुक्त संचालन वह संयुक्त व्यवस्था है जिसके तहत कंपनी को संपत्ति से संबंधित देनदारियों के लिए परिसंपत्तियों और दायित्वों के अधिकार मिले हैं। कंपनी परिसंपत्तियों ,देनदारियों, राजस्व और संयुक्त संचालन के खर्चों और उसके किसी भी संयुक्त रुप में आयोजित किए गए परिसंपत्तियों, देनदारियों ,राजस्व और व्ययों का अपना प्रत्यक्ष अधिकार रखती है इसे उचित शीर्षकों के तहत वित्तीय वक्तव्य में शामिल किया गया हैं।

2.2.3.2 संयुक्त उद्यम

संयुक्त उद्यम वे संयुक्त व्यवस्थाएं हैं जिसमें कंपनी को शुद्ध संपत्ति व्यवस्था के अधिकार प्राप्त हैं।

बैलेंस शीट में समेकित लागत को उचित मूल्य पर पहचाने जाने के उपरांत संयुक्त उद्यम से ब्याज इक्विटी पद्धति के उपयोग करने हेतु जवाबदेह है।

प्रारंभ में लागत पर पहुंचने के बाद संयुक्त उद्यम में निवेश लेखांकन पद्धति के उपयोग हेतु ध्यान में लाया जाता हैं , जबकि निवेश या उसके किसी हिस्से को बिक्री किया जाता है तो उस स्थिति में इसे भारतीय लेखा मानक 105 के अनुसार मान्यता प्राप्त है।

कंपनी उद्देश्य के साक्ष्य के आधार पर संयुक्त उद्यम में अपने शुद्ध निवेश को ह्रास करती है।

2.2.4 इक्विटी पद्धति -

लेखांकन की इक्विटी पद्धति के तहत निवेश को शुरुआती लागत पर मान्यता प्राप्त है, इसके बाद कंपनी के शेयरों के अधिग्रहण के लाभ व हानि में निवेशक के नुकसान को पहचानने के लिए तथा कंपनी शेयरों के अन्य व्यापक आय में निवेशक के अन्य व्यापक आय को पहचानने के लिए उसका समायोजन किया जाता है। सहयोगियों और संयुक्त उद्यम से प्राप्त या प्राप्त होने वाली लाभांश को निवेश की मात्रा में कमी के रूप में लिया जाता है।

जब कंपनी के इक्विटी शेयर के निवेश में नुकसान जो इकाई के हितों के बराबर या उससे अधिक हो जाता है ,जिसमें किसी अन्य असुरक्षित दीर्घकालिक प्राप्य भी शामिल है, तो कंपनी अधिक नुकसान नहीं पहचानती है जब तक की अन्य इकाई की तरफ से कार्य या भुगतान न किया गया हो।

कंपनी और उसके सहयोगियों एवं संयुक्त उपक्रम के बीच लेन-देन के फायदे इन संस्थाओं में कंपनी के हित की सीमा तक समाप्त हो जाते हैं। अनावृत नुकसान भी समाप्त हो जाते हैं जब तक कि अपनाई गई लेनदेन की नीतियों में संपत्ति की हानि का सबूत नहीं मिलता, कंपनी द्वारा अनुरूपता सुनिश्चित करने के लिए जहां आवश्यक हो वहां निवेशक को ध्यान में रखते हुए इक्विटी की लेखांकन नीतियों में बदलाव किया जाता है।

2.2.5 स्वामित्व के हितों में बदलाव

कंपनी इक्विटी स्वामित्व के साथ लेनदेन की प्रक्रिया में होने वाले गैर नियंत्रण हितों के नुकसान को नियंत्रित करती है। स्वामित्व के हितों में बदलाव वर्तमान राशियों के नियंत्रण एवं गैर-नियंत्रण हितों को उनके संबंधित सहायक

कंपनियों में दर्शाने हेतु समायोजित करती है। गैर-नियंत्रित हितों की राशि में एवं किसी भुगतान या प्राप्त किए गए उचित मूल्य में किसी भी प्रकार के अंतर को इक्विटी के भीतर स्वीकार किया जाएगा।

जब कंपनी नियंत्रण, संयुक्त नियंत्रण या महत्वपूर्ण प्रभाव के नुकसान के कारण एक निवेश हेतु समेकित या इक्विटी खाते को समाप्त करती है तो किसी भी इक्विटी में बनाए गए हित लाभ व हानि में स्वीकार किए गए वर्तमान राशि में बदलाव सहित उसके उचित मूल्य पर पुनः मापे जाते हैं। यह उचित मूल्य सहयोगी कंपनी ,संयुक्त उद्यम व वित्तीय संपत्ति के बनाए गए हित के रूप में लेखांकन प्रयोजन हेतु वर्तमान राशि होंगे।

इसके अलावा उस इकाई के संबंध में अन्य व्यापक आय में पहले से स्वीकृत राशि का विवरण दिया जाता है जैसे कि कंपनी में संबंधित संपत्ति या देनदारियों का सीधे निपटारा किया गया है। इसका मतलब यह हो सकता है कि अन्य व्यापक व्यय में पहले से स्वीकृत राशियों का लाभ व हानि के रूप में पुनः वर्गीकृत किया गया है। यदि संयुक्त उद्यम व सहयोगी कंपनी में स्वामित्व हित कम है परंतु संयुक्त नियंत्रण व महत्वपूर्ण प्रभाव बने हुए हैं तो केवल अन्य व्यापक व्यय में पहले से स्वीकृत राशि का समानुपात शेयर हानि व लाभ में जहां आवश्यक हो वर्गीकृत किया जाएगा।

2.3 वर्तमान एवं गैर-वर्तमान वर्गीकरण

कंपनी के वर्तमान/गैर-वर्तमान वर्गीकरण के आधार पर बैलेंस शीट में संपत्ति एवं देनदारियों को प्रस्तुत किया जाता है। कंपनी द्वारा एक परिसंपत्ति को वर्तमान लागत के रूप में तब माना जाता है, जब:

क. अपने सामान्य संचालन चक्र में यह अपेक्षित है कि संपत्ति स्वीकार की जाये व बेची या उपभोग की जाये।

ख. यह सबसे पहले संपत्ति की देयताओं को व्यापार करने हेतु रखती है।

ग. रिपोर्टिंग अवधि के 12 माह के भीतर परिसंपत्तियों की पहचान की गई हो।

घ. परिसंपत्ति नगद या नगद समकक्ष (जैसा कि भारतीय लेखांकन मानक 7 में परिभाषित है) जब तक संपत्ति का आदान-प्रदान प्रतिबंधित किया जाता है या रिपोर्टिंग अवधि के बाद कम से कम 12 माह के लिए देयताओं को व्यवस्थित करने के लिए उपयोग किया जाता है तब अन्य सभी परिसंपत्तियों को गैर वर्तमान रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

कंपनी द्वारा देयताओं को वर्तमान में स्वीकार किया जाएगा, जब:

क. अपने सामान्य संचालन चक्र में अपेक्षित देयताएं स्थापित की गई हो।

ख. सबसे पहले देयताओं को व्यवसाय हेतु बनाए रखना अपेक्षित होगा।

ग. रिपोर्टिंग अवधि के 12 माह के भीतर देयताओं का निपटारा किया जाएगा।

घ. रिपोर्टिंग अवधि के बाद कम से कम 12 माह के लिए देयताओं के निपटान को स्थगित करने के लिए सशर्त अधिकार नहीं होंगे। देयता की शर्ते जो कि काउंटर पार्टी के विकल्प पर हो सकती है, जिसके परिणाम स्वरूप इक्विटी के जारी करने के मुद्दों के निपटारे का परिणाम इसके वर्गीकरण को प्रभावित नहीं करता है।

अन्य सभी देयताएं गैर-वर्तमान के रूप में वर्गीकृत है।

2.4 राजस्व मान्यता-

2.4.1 माल की बिक्री से प्राप्त राजस्व:

माल बिक्री से प्राप्त राजस्व निम्नलिखित शर्तों के पूरा होने पर स्वीकार किया जाएगा।

क. कंपनी ने विक्रेता को वस्तुओं के स्वामित्व, जोखिम एवं पुरस्कार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है।

ख. वस्तुओं की बिक्री पर कंपनी का स्वामित्व के संबंध में प्रबंधकीय भागीदारी एवं प्रभावी नियंत्रण नहीं रहेगा।

ग. राजस्व राशि विश्वसनीय तरीके से मापी जा सकती है।

घ. यह संभव है कि लेन-देन से जुड़े आर्थिक लाभ सीधे कंपनी को प्रदान किया जाएगा।

ङ. लेन-देन के संबंध में किए गए या खर्च किए जाने की लागत को विश्वसनीय तरीके से मापा जा सकता है।

सरकार/अन्य वैधानिक निकायों की तरफ से एकत्र किए गए करों, लेवी या शुल्क को छोड़कर अनुबंधित रूप से परिभाषित भुगतान के शर्तों को ध्यान में लेते हु एप्राप्त होने वाले प्राप्य उचित मूल्य पर राजस्व को मापती है।

जब तक राजस्व मान्यता हेतु उपरोक्त शर्तों को पूरा नहीं किया जाता है तब तक ग्राहकों से प्राप्त अग्रिमों को ग्राहक की जमा राशि के रूप में सूचित किया जाएगा।

हालांकि, भारत के लेखा परीक्षक संस्थान द्वारा जारी भारतीय लेखांकन मानक 18 पर शिक्षात्मक सामग्री के आधार पर कंपनी ने यह मान लिया है कि उत्पाद शुल्क की वसूली कंपनी अपनी जिम्मेदारी पर करेगी। यही कारण है कि यह उत्पादक की देयता है, जो उत्पाद लागत का हिस्सा है, चाहे माल बेचे गए हों या नहीं कंपनी की अपनी जिम्मेदारी पर वसूली गई उत्पाद शुल्क के बाद से सकल राजस्व में उत्पाद शुल्क शामिल किया गया है।

हालांकि, कंपनी द्वारा अन्य कर लेवी व शुल्क को प्राप्त नहीं किया गया है तथा उसे शुद्ध राजस्व में शामिल नहीं किया गया है।

2.4.2 **ब्याज**

प्रभावी ब्याज पद्धति का उपयोग करते हु एब्याज आय स्वीकार की जाती है।

2.4.3 **लाभांश**

जब भुगतान प्राप्ति के अधिकार स्थापित किए जाएंगे तब निवेश से लाभांश आय स्वीकार की जाएगी।

2.4.4 अन्य दावे:

जब वसूली की निश्चितता निश्चित हो और विश्वसनीय तरीके से मापा जाए तब अन्य दावे (ग्राहकों से देरी से प्राप्त होने पर ब्याज सहित) इसके लिए जवाबदेही होगा।

2.4.5 सेवाओं का प्रतिपादन:

जब सेवाओं के प्रतिपादन में शामिल लेन-देन का परिणाम विश्वसनीय रूप से अनुमानित किया जाता है तो लेनदेन के पूरा होने के संदर्भ में संबंधित राजस्व को रिपोर्टिंग अवधि के अंत में लेनदेन के रूप में स्वीकार किया जाता है। जब निम्नलिखित सभी शर्तें पूर्ण हो तों लेनदेन का आंकलन विश्वसनीय तरीके से किया जा सकता है।

क. राजस्व राशि विश्वसनीय रूप से मापी जायेगी।

ख. यह संभव है कि लेनदेन से जुड़ी आर्थिक लाभ सीधे कंपनी को जाएगी।

ग. रिपोर्टिंग अवधि के अंत में लेन-देन पूर्ण होने के चरण को विश्वसनीय रूप से मापा जा सकता है।

घ. लेने-देन हेतु खर्च लागत तथा लेन-देन को पूरा करने की लागत विश्वसनीय रूप से मापी जाएगी।

2.5 सरकार से अनुदान -

सरकारी अनुदान तब तक स्वीकार नहीं किये जाएंगे जब तक कि उचित आश्वासन न हो की कंपनी उनसे जुड़ी शर्तों का पालन करेगी और यह निश्चित अनुदान प्राप्त करेगी।

सरकारी अनुदान लाभ और हानि के विवरणों से व्यवस्थित आधार पर मान्यता प्राप्त है जिसके लिए कंपनी को संबंधित लागतों का खर्च अनुदान की क्षतिपूर्ति के आधार पर प्रदान की जाएगी।

स्थगित आय के रूप में अनुदान की स्थापना के द्वारा सरकारी अनुदान/परिसंपत्तियों से संबंधित सहयोग को बैलेंस शीट में दर्शाया गया है तथा परिसंपत्ति के उपयोग के व्यवस्थित आधार पर लाभ व हानि के विवरण को स्वीकार किया गया है।

आय से संबंधित अनुदान शीर्ष, अन्य आय के अंतर्गत लाभ व हानि को विवरण के हिस्से के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

एक सरकारी अनुदान जो पहले से किए गए खर्चों या हानियों हेतु मुआवजे के रूप में या भविष्य में संबंधित लागतों के बिना कंपनी को तत्काल वित्तीय सहायता देने हेतु उपलब्ध है, जिसमें उस अवधि के लाभ या हानि के रूप में इसे स्वीकार किया गया है।

सरकारी अनुदान या प्रमोटरों का योगदान जिसे सीधे तौर पर ''पूंजीगत रिजर्व'' से मान्यता प्राप्त है, जो कि ''शेयरधारक निधि'' का अहम हिस्सा है।

2.6 पट्टे

वित्त पट्टा एक पट्टा है जो मूलतः परिसंपत्ति के स्वामित्व के लिए आकस्मिक रुप से सभी जोखिमों और पुरस्कारों को हस्तांतरित करता है। शीर्षक का स्थानांतरण किया भी जा सकता है अथवा नहीं भी।

प्रचालन पट्टा एक पट्टा होने के अतिरिक्त एक वित्त पट्टा भी है।

2.6.1 कंपनी एक पट्टेदार के रूप में :

पट्टे को आरंभिक रूप में वित्त पट्टे या ऑपरेटिंग पट्टे के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

2.6.1.1 पट्टे के प्रारंभ में **वित्त पट्टों** को शुरुआती समय में पट्टे पर संपत्ति के उचित मूल्य या, यदि निम्न, न्यूनतम पट्टा भुगतान के वर्तमान मूल्य पर पूंजीकृत किया जाता है। पट्टे का भुगतान वित्त प्रभारों तथा कमी की देयता के बीच विभाजित किया जाता है ताकि शेष राशि की देयता पर स्थाई दर प्राप्त हो सके।

लाभ और हानि के विवरणानुसार वित्त प्रभार को लागत द्वारा मान्यता प्राप्त है, जब तक कि वे प्रत्यक्ष रुप से योग्य परिसंपत्तियां नहीं खरीदते हैं, इस मामले में वह उधार लेनदेन की लागत पर कंपनी की सामान्य नीति के अनुसार पूंजीकृत किए जाते हैं।

संपत्ति के उचित उपयोग को पट्टे युक्त परिसंपत्ति क्षीण करती है तथापि यदि कोई उचित निश्चितता नहीं है कि कंपनी पट्टा अवधि के अंत तक स्वामित्व प्राप्त करेगी तो परिसंपत्ति के अनुमानित उपयोग तथा पट्टे की अवधि को संपत्ति क्षीण करती है।

2.6.1.2 **परिचालित पट्टे:**

परिचालित पट्टे के अंतर्गत पट्टे का भुगतान पट्टे अवधि के दौरान प्रत्यक्ष रूप में किए गए व्यय के आधार पर पहचाना जाता है जब तक कि :

क. अन्य व्यवस्थित आधार उपयोगकर्ताओं के लाभ के समय के स्वरूप का प्रतिनिधि करता है भले ही कम भुगतानकर्ताओं का भुगतान उस आधार पर ना किया गया हो या,

ख. पट्टादाता के अपेक्षित मुद्रा स्थिति की लागत में रियायत प्राप्त होने के लिए अपेक्षित सामान्य मुद्रास्फीति के पट्टादाता को किए गए भुगतान के रूप में संचारित किया गया है। यदि पट्टादाता को किए गए भुगतान सामान्य मुद्रास्फीति से भिन्न हो तो, यह शर्त नहीं मानी जाएगी।

2.6.2 **पट्टेदाता के रुप में कंपनी:**

परिचालन पट्टा: परिचालन पट्टा (सेवा राशि यथा बीमा पट्टा तथा रख-रखाव को छोड़कर) से आय पट्टा को आय के रूप में प्रतिष्ठापित किया जाता है जो सीधे तौर पर परिपाटी के पट्टा शर्तों पर अवलंबित रहती है, जिसमें

क. अन्य पद्धतिपरक की तुलना में समय प्रणाली अधिक प्रतिलाक्षणित होती है जब पट्टा का भुगतान उस आधार पर नहीं होता है या

ख. इसका भुगतान इस रूप में संरचित होता है कि सामान्य अवमूल्यन की स्थिति में भी अनुमानित प्रतिपूरक लागत का अवमूल्यन मूल्य बिना व्यवधान के समायोजित होता है। यदि पट्टा का भुगतान अवमूल्यन की तुलना में काफी प्रतिपूरक रहता है तो इस स्थिति में यह व्ययित नहीं होता है।

समझौता तथा परिचालन पट्टा में किया गया प्रारंभिक व्यय को सीधे पट्टा संपत्ति के साथ शेष राशि को भी जोड़ दिया जाता है जैसा कि पट्टा आय के रूप में प्रारंभिक पट्टा के शर्तों के अनुरूप जिसे निष्पादित किया गया था।

वित्तीय पट्टा के अंतर्गत बकाया राशि को उस रिकॉर्ड में दर्ज किया जाता है जिसमें कंपनी के पट्टे में सीधे निवेश की गई प्राप्ति के साथ उसे जोड़ दिया जाता है। वित्तीय पट्टा आय को लेखा के गणना की अवधि में दर्ज किया जाता है जिसमें पट्टा के अतिरिक्त बकाया निवेश को निरंतर आवृत्तिमूलकरुप में दर्शाया जाता है।

2.7 बिक्री हेतु गैर चालू संपत्ति

कंपनी गैर चालू संपत्तियों को वर्गीकृत करती है एवं बिक्री हेतु राखी जाती है यदि इनकी कुल राशि निरंतर उपयोग के बजाय बिक्री के माध्यम से पुनर्प्राप्त की गई हो। विक्रय को पूरा करने के लिए आवश्यक कार्रवाई सूचित है कि बिक्री में महत्वपूर्ण बदलाव किए जाएंगे या की संभावना न होने एवं बिक्री हेतु लिए गए निर्णय करती को वापस लिया जाएगा, इसकी संभावना नहीं है। प्रबन्धन वर्गीकरण की तिथि से 1 वर्ष के भीतर अपेक्षित विक्रय करने हेतु प्रतिबद्ध है।

इन उद्देश्यों के लिए यह बिक्री लेनदेन में अन्य गैर चालू संपत्ति के लिए गैर चालू संपत्ति का विनिमय भी शामिल है जब विनिमय व्यवसायिक प्रयोजनार्थ हो। विक्रय वर्गीकरण के लिए आयोजित मानदंडों को केवल तब तक ही माना जाता है जब तक कि परिसंपत्तियां या निपटान समूह अपने वर्तमान स्थिति में तत्काल बिक्री के लिए उपलब्ध होते हो, केवल ऐसी शर्तों के लिए जो ऐसी संपत्ति (या निपटान समूहों) की बिक्री के लिए सामान्य और प्रथागत है इसकी बिक्री की अत्यधिक संभावना है और इसे वास्तव में बेचा जाएगा पर उसका त्याग नहीं किया जाएगा। कंपनी परिसंपत्ति या निपटान समूह की बिक्री की अत्यधिक संभावना पर विचार करती है, जब

- प्रबंधन का उचित स्तर परिसंपत्ति (या निपटान समूह) को बेचने की योजना के लिए प्रतिबद्ध हो।
- खरीदार का पता लगाने और योजना पूरी करने के लिए एक सक्रिय कार्यक्रम शुरू किया गया हो।
- संपत्ति (निष्पादन समूह) के विक्रय मूल्य के लिए सटिक कदम उठाए जा रहे हैं जिसे चालू कीमत के अनुरूप इसका व्यवहारिक मूल्य को आंकलित किया जाना अपेक्षित हो।
- यह विक्रय वर्गीकरण की तिथि से 1 वर्ष के अंदर अनुमानत: तैयार कर ली जाएगी तथा
- इस योजना से संबंधित सभी यथोचित योजना जिसमें कतिपय कुछ संशोधन व सुधार आवश्यक हो तो उसकी भी समीक्षा कर तैयार करना अपेक्षित होगा ताकि जरूरत पड़ने पर इस योजना को निरस्त भी किया जा सके।

2.8 संपत्ति, संयंत्र और उपकरण:-

जमीन की खरीदी ऐतिहासिक लागत पर की जाती है। इस ऐतिहासिक लागत में भूमि अधिग्रहण से जुड़े खर्च, पुनर्वास खर्च, पुन:स्थापन लागत तथा संबंधित विस्थापित व्यक्तियों को रोजगार के बदले दिए गए मुआवजा आदि शामिल हैं।

संपुष्टि के तारतम्य में अलग संपत्ति के रूप में संयंत्र तथा उपकरण में होने वाले खर्च उस शर्त पर निष्पादित किये जाएंगे, जिसमें समाहित खर्च कम से कम हो तथा लागत मानक के अन्तर्गत किसी भी प्रतिपूरक नुकसान को हानि न पहुंचे। किसी भी संपत्ति की कीमत, संयंत्र तथा उसके उपकरण में निम्नलिखित तथ्यों का होना वांछित है।

क. व्यापार छूट में मिले कटौती के बाद इनका क्रय मूल्य जिसमें निर्यात शुल्क तथा गैर-वापसी क्रय शुल्क शामिल हो।

ख. स्थल तक संपत्ति को लाने के लिए किसी भी प्रत्यक्ष व्यय/सामयिक व्यय तथा प्रबंधन द्वारा क्षमतानुसार परिचालन के लिए उठाया गया अत्यावश्यक कदम।

ग. सामग्री के परिवर्धन तथा हटाये जाने हेतु प्रारंभिक अनुमानित खर्च तथा समेकित स्थल तक इसे पहुँचाने के लिए व इसके व्यवहार के लिए जिसे कंपनी ने उस स्थिति में खर्च किया है जब इस सामग्री को उसने अपने आधिपत्य में रखा हो या एक निर्धारित अवधि के अन्तर्गत उसका व्यवहार किया गया हो, जिसके लिए उसने अपना निवेश किया था।

संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण में खर्च किए गए प्रत्येक अंश को कुल लागत के अनुसार विखंडित कर साफ-साफ दर्शाया जाना अपेक्षित है। फिर भी किसी समुपयोगी अंश में उसी पीपीई के साथ जीवनोपयुक्त हो जाता है तथा विखंडनीकरण प्रणाली एक समूह में आ जाते हैं जो शुल्क सहित होता है।

दिन-प्रतिदिन इस तरह के कार्य जिसमें मरम्मतीकरण तथा इसके रख-रखाव का विवरण लाभ और हानि के विवरण में उसी वर्षावधि के अन्तर्गत दर्शाता है जो कि व्यय के समतुल्य होना अपेक्षत होता है।

संपत्ति, संयंत्र और उसके उपकरण का कुल मूल्य बदले जाने वाले उपष्करण के यथोचित पाठ की राशि के मूल्य के समतुल्य होगा, जिससे यह लाभ होगा कि इस उपष्करण की राशि भविष्य में भी वित्तीय लाभ प्रदान करेगी जो कि कंपनी के लिए लाभकारी होगा एवं इसका मूल्य आवृत्ति के रूप में भी आंकलित किया जाएगा। इस उपष्करण के मूल्य को उसके स्थान पर परिवर्तित किया जाएगा, जिससे निम्नलिखित विक्रेद्रीकरण नीति के अनुरूप विकेंद्रित करना अपेक्षित होगा।

जब वृहद स्तर पर निरीक्षण किया जाएगा तो इसके मूल्य को निर्देशित किया जाएगा, जो इस संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के रूप में परिवर्तित हो चुका था और इस तारतम्य में भविष्य के लाभांश के साथ कंपनी के उपयोग के लिए भी लाया जाएगा तथा इन सामग्रियों का मूल्य सटीक रूप से आंकलित किया जायेगा। विगत जांच के समय में कोई भी बकाया राशि (भौतिक भाग के रूप में चिन्हित) विमुद्रित की जाएगी।

संपत्ति, संयंत्र या उपकरण का कोई भी अंश इसके साथ सम्मिलित किये पर जाने पर उसे असंबद्ध कर दिया जाएगा या भविष्य में कोई भी लाभ उसे व प्राप्त नहीं होगा, जो कि इन सम्पत्तियों के निरंतर व्यवहार से अपेक्षित रहा हो। किसी तरह का लाभ या नुकसान संपत्ति, संयंत्रों या उपकरणों के इन विकेन्द्रीकरण के सापेक्ष में इनका लाभ या नुकसान समझा जाएगा।

सम्पत्ति, संयंत्र और उपकरण का विवरण तथा जमीन के मामलों को छोड़कर प्रति लागत मूल्य के रूप में निम्नलिखित रूप से व्यवहार में अनुमानित लाभ के रूप में चिन्हित किया जाएगा।

अन्य भूमि		
(पट्टेकृत भूमि सहित)	- परियोजना की अवधि या पट्टा अवधि में से जो भी कम हो	
भवन	-	3-60 वर्ष
सड़क	-	3-10 वर्ष
दूरसंचार	-	3-9 वर्ष
रेलवे साईडिंग	-	15 वर्ष
संयंत्र एवं उपकरण	-	5-15 वर्ष
कम्प्यूटर एवं लैपटॉप	-	3 वर्ष
कार्यालय के उपकरण	-	3-6 वर्ष
फर्नीचर या फिकचर	-	10 वर्ष
वाहन	-	8-10 वर्ष

तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर प्रबंधन का मानना है कि उपयोगी जीवन दिये गए सर्वोतम अवधि का प्रतिनिधित्व करता है जिस पर प्रबंधन को संपत्ति का उपयोग करने की अपेक्षा होती हैं। इसलिए परिसंपत्तियों का उपयोगी जीवन कंपनी अधिनियम 2013 के अनुसूची II के भाग सी के तहत निर्धारित उपयोगी जीवन से भिन्न होगा।

प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में संपत्ति के अनुमानित उपयोगी जीवन की समीक्षा की जाती है।

सम्पदा, संयंत्र या उपकरण का शेष मूल्य परिसंपत्ति की कुछ वस्तुओं को छोड़कर मूल संपत्ति का 5% माना जाता है, जिसमें कोयला टब, घुमावदार रस्सियाँ, ढुलाई की रस्सियाँ, स्टोविंग पाइप और सुरक्षा लैम्प आदि सम्मिलित है। जिसके लिए तकनीकी तौर पर अनुमानित उपयोगी जीवन एक वर्ष के साथ शून्य अवशिष्ट मूल्य के रूप में निर्धारित की जाती है।

वर्ष के दौरान जोड़े गए/निकाले गए सम्पत्तियों पर मूल्यह्रास के अतिरिक्त/निपटान के महीने के संदर्भ में प्रो-राटा के आधार पर प्रदान किया जाता है।

कोयला धारण क्षेत्र (अधिग्रहण और विकास) (सीबीए) अधिनियम 1957 के तहत "अन्य भूमि" का मूल्य अधिग्रहित भूमि के रूप में शामिल है, भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 के तहत भूमि अधिग्रहण के अंतर्गत मुआवजा, पारदर्शिता के अधिकार, पुनर्वास और पुनर्स्थापना (आर.एफ.सीटी.एल.ए.ए.आर) अधिनियम, 2013 के तहत सरकारी भूमि के दीर्घकालीन हस्तांतरण आदि शामिल है, जो कि परियोजना के शेष जीवन के आधार पर परिशोधित होता है और पट्टेकृत भूमि के मामले में इस तरह के परिशोधन पट्टे की अवधि पर आधारित होते हैं या इनमें से जो भी कम हो के तहत परियोजना के शेष राशि पर आधारित होते हैं।

पूरी तरह से विखंडित , उपयोग के लिए अनुपयुक्त संपत्तियों को दर्शाया जाता है जो इस संपत्ति के संयंत्र या उपकरण के अंतर्गत इसके समायित मूल्य को केवल दर्शाते ही नहीं है अपितु जांच कर इसकी संपुष्टि भी करते हैं।

कंपनी द्वारा कतिपय संपत्ति की संरचना/विकास पर जो मूलधन व्यय किया जाता है उसका उत्पादन, माल की आपूर्ति या कंपनी के अद्यतन आवश्यक होता है। संपत्ति, संयंत्र या उपकरण के अंतर्गत या इंवेलिंग एसेट के रूप में उसका प्रतिनिधित्व किया जाता है।

भारतीय लेखांकन मानक के लिए संक्रमण

कंपनी वर्तमान मूल्य को लागत मानक की कीमत के अनुसार बनाए रखने का प्रयास करती है जिसमें इसके सभी संपत्ति, संयंत्र या उपकरण जिसमें इसके वित्तीय विवरण एवं हस्तांतरण तिथि से पिछले जीएएपी के अनुसार किया गया निष्पादन सम्मिलित रहता है।

2.9. खदान बंदी, कार्यस्थल का जीर्णोद्धार एवं डिकमिसिनिंग बाध्यताएँ -

भूमि सुधार एवं संरचनाओं के निषेध के लिए कंपनी के कार्य में भू-तल एवं भूमिगत दोनों प्रकार के खदानों पर भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के निर्देशानुसार होने वाले खर्च सम्मिलित है। कंपनी खदान बंदी क्षेत्र की मरम्मत एवं निषेध कार्य का आंकलन इस कार्य पर भविष्य में होने वाली नगद खर्च एवं लगाने वाली खर्च की विस्तृत लेखा-जोखा तथा तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर करती है। खदान बंदी व्यय अनुमोदित खदान बंदी योजना के अनुसार उपलब्ध करायी जाती है। खर्च के आंकलन मुद्रा स्फीति के अनुसार बढ़ते हैं एवं इसकी दर कम होने पर घटती है, जो मुद्रा और जोखिमों के समय मूल्य के वर्तमान बाजार के मूल्यांकन को सूचित करती है। यथा प्रावधान में वर्णित कार्य को सम्पन्न करने के लिए आवश्यक अनुमानित खर्च के वर्तमान मूल्य को सूचित किया जाता है। कंपनी सुधार एवं खदान बंदी के समापन के देय धन से संलग्न संपत्ति का लेखा जोखा रखती है। कार्य तथा संपत्ति देयधन को खर्च होने की समयावधि में मान्यता प्राप्त होती है। क्षेत्र के मरम्मत के समस्त मूल्य को सूचित करने वाली संपत्ति (केंद्रीय खनन योजना एवं रचना संस्थान समिति के आंकलन के अनुसार) खदान बंदी योजना के अनुसार पीपीई में एक भिन्न वस्तुओं के रूप में जानी जाएगी तथा शेष परियोजना खदान के जीवनकाल के आधार पर परिशोधित होगी।

रियायत का प्रभाव खत्म होते ही समय के साथ प्रावधान के मूल्य में उतरोत्तर बढ़ोतरी होगी। एक खर्च के रूप में इसे वित्तीय खर्च माना जाता है।

अग्रिम अनुमोदित खदान बंदी योजना के अनुसार इस उद्देश्य से एक विशेष निलंब निधि खाता रखे जाने का प्रावधान है।

कुल खान बंद करने के दायित्वों को कार्य का हिस्सा बनाने हेतु साल दर साल प्रगतिशील खनन बंद के खर्चों को शुरू में निलंब खाते से प्राप्त किया जाता है और उसके बाद उस वर्ष में उनका दायित्व के साथ समायोजन किया जाता है जिसमें राशि प्रमाणित एजेंसी की सहमति के बाद इसे वापस लेने का अधिकार रखती है।

2.10 अन्वेषित एवं मूल्यांकित परिसंपत्तियाँ –

अन्वेषित तथा मूल्यांकित परिसंपत्तियों में पूंजीगत लागत शामिल होती हैं जो कि कोयला और संबन्धित संसाधनो की खोज के कारण उत्पन्न होती हैं। तकनीकी व्यवहार्यता के निर्धारण और पहचान वाले संसाधन की व्यावसायिक व्यवहार्यता के मूल्यांकन निम्न बातों के तहत सम्मिलित किये गये हैं :

- ऐतिहासिक अन्वेषण डेटा के शोध एवं विश्लेषण ;
- स्थलाकृतिक, भौगोलिक, रासायनिक और भू-भौतिक अध्ययन के माध्यम से अन्वेषित आधार सामग्री को उपलब्ध करना;
- अन्वेषित ड्रिलिंग, ट्रेचिंग तथा नमूने ;
- संसाधनों की मात्रा तथा उनके संवर्ग का निर्धारण करना एवं जाँचना ;
- परिवहन तथा आधारिक संरचनाओं की आवश्यकताओं का सर्वेक्षण ;
- बाजार का आयोजन तथा वित्त अध्ययन ;

  इसके बाद के संस्करण में कर्मचारी पारिश्रमिक, उपयोग किए गए सामग्री एवं ईंधन की लागत, ठेकेदारों को किए गए भुगतान भी शामिल है।

चूंकि अंतर्निहित घटक, भविष्य के अन्वेषण में किए गए अपेक्षित कुल लागतों के निरर्थक/अविवेच्य भाग को दर्शाता है एवं इन लागतों को अन्य पूंजीगत अन्वेषण लागतों एवं मूल्यांकन परिसंपत्तियों के रूप में दर्ज किया जाता है।

परियोजना की तकनीकी व्यवहार्यता एवं व्यावसायिक व्यवहार्यता की लंबित निर्धारण के आधार पर परियोजना पर अन्वेषण एवं मूल्यांकन लागत का भुगतान किया जाता है तथा उसे गैर मौजूदा परिसंपत्तियों के तहत एक अलग मत के रूप में प्रकट किया जाता है, जिसे बाद में कम लागत के संचित हानि/ प्रावधान के रूप में मापा जाता है।

एक बार साबित होने के बाद भंडार का निर्धारण एवं खानों/परियोजनाओं के विकास हेतु मंजूरी अन्वेषण एवं परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन पूंजीगत कार्य के तहत "विकास " में स्थानांतरित की गई है। हालांकि यदि यह साबित होता है कि भंडार का निर्धारण नहीं किया गया है तो अन्वेषण तथा मूल्यांकन की गई परिसंपत्तियों को अस्वीकृत किया जाएगा।

2.11 विकास व्यय –

जब प्रमाणित किये गए भंडार का निर्धारण किया जाता है एवं खान/परियोजनाओं के विकास हेतु स्वीकृति दी जाती है तो निर्माण के तहत परिसम्पत्ति के रूप में पूंजीगत अन्वेषण एवं मूल्यांकन लागत को परिसम्पत्ति के रूप में जाना जाता है तथा "विकास" शीर्ष के तहत पूंजीगत कार्य की प्रगति के घटक के रूप में प्रकट किया जाता है एवं सभी विकास हेतु व्यय पूंजीकृत किये जाते हैं। पूंजीकृत विकास व्यय, विकास चरण के दौरान निकाले गए कोयले की बिक्री से प्राप्त शुद्ध आय है।

वाणिज्यिक संचालन :

परियोजना/खानों को राजस्व में लाया जाता है; धारणीय आधार पर उत्पादन हेतु परियोजना/खान की वाणिज्यिक तत्परता, परियोजना प्रतिवेदन में विशेष रूप से वर्णित शर्तों या निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर स्थापित की जाती है।

क) अनुमोदित परियोजना प्रतिवेदन के आधार पर वित्तीय वर्ष के आरंभ में जिसमें कि परियोजना ने निर्धारित क्षमता का 25% उत्पादन प्राप्त किया है या

ख) कोयले के 2 साल के उत्पादन, या

ग) वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ से जिसमें उत्पादन मूल्य कुल मूल्य से ज्यादा हो,

जो भी घटना पहले हो।

राजस्व में लाये जाने पर "अन्य खनन आधारित संरचना" के नामकरण के तहत परिसंपत्तियों के अंतर्गत पूंजीगत कार्य को सम्पत्ति घटक, संयंत्र एवं उपकरण के रूप में पुनर्वर्गीकृत किया गया है। 20 वर्षों में राजस्व के तहत लाये गए खदान या चालित परियोजना जो भी कम हो, के वर्ष से अन्य खनन आधारित संरचना परिशोधित की जाती है।

2.12 अमूर्त परिसंपत्तियाँ -

प्राप्त अमूर्त परिसंपत्तियाँ लागत के प्रारम्भिक पहचान पर मापे जाते हैं। व्यापार संयोजन में प्राप्त अमूर्त परिसम्पत्तियों की लागत, अधिग्रहण तारीख पर उनका उचित मूल्य हैं। प्रारम्भिक मान्यता के अनुसार अमूर्त सम्पत्ति किसी भी संचित परिशोधन (उनके उपयोगी कार्यकाल में प्रत्यक्ष आधार पर गणना की जाती है) एवं संचित नुकसान यदि कोई हो, पर खर्च किये जाते हैं।

पूंजीकृत विकास लागत को छोड़कर, आंतरिक रूप से उत्पन्न अमूर्त परिसंपत्तियों को पूँजीकृत नहीं किया जाता है। इसके अलावा संबन्धित व्यय उस अवधि के हानि व लाभ के विवरण एवं व्यापक आय के रूप में पहचाने जाते हैं, जिसमें व्यय किया गया है। अमूर्त सम्पत्ति की उपयोगिता को सीमित/अनिश्चित काल के रूप में मूल्यांकित किया जाता है। सीमित उपयोगिता के साथ अमूर्त परिसंपत्तियों का उनके उपयोगी आर्थिक जीवन पर परिशोधित किया जाता है एवं जब भी संकेत मिले कि अमूर्त सम्पत्ति में घाटा होगा, तभी इन कमियों का मूल्यांकन किया जाना अपेक्षित होगा। परिशोधन अवधि एवं सीमित उपयोगी जीवन के साथ एक अमूर्त सम्पत्ति के लिए परिशोधन विधि की कम से कम प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में समीक्षा की जाती है। अपेक्षित उपयोगी जीवन या परिसंपत्तियों में अंकित भविष्य के आर्थिक लाभों के उपभोग को अपेक्षित पद्धति द्वारा परिशोधन अवधि या विधि को संशोधित करने हेतु ध्यान में लाया जाता है एवं लेखांकन अनुमानों में उसे परिवर्तन के रूप में माना जाता है। अमूर्त परिसंपत्तियों पर परिशोधित व्यय को लाभ व हानि के विवरण में स्वीकार किया गया है।

एक अमूर्त परिसम्पत्ति उनके अनिश्चित उपयोगिता के साथ परिशोधित नहीं की जाती अपितु प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि में कमी हेतु उसका परीक्षण किया जाता है।

अमूर्त परिसंपत्ति की पहचान न होने से उत्पन्न लाभ व हानि को शुद्ध निपटान आय एवं परिसंपत्ति की वर्तमान राशि में अंतर के रुप में मापा जाता है, जिसे कि लाभ व हानि में मान्यता प्राप्त है।

अंवेषण और मूल्यांकन परिसंपत्तियों को बेचने हेतु पहचाने गए ब्लॉक या बाहरी एजेंसियों को बेचने का प्रस्ताव प्रदान किया गया है (अर्थात, सीआईएल के निर्धारित नहीं किए गए ब्लॉक के लिए) तथा अमूर्त संपत्ति के रुप में उसे वर्गीकृत भी किया गया है एवं हानि के लिए परीक्षण भी किया गया है।

सॉफ्ट्वेयर की लागत को अमूर्त संपत्ति के रुप में मान्यता प्राप्त है, उपयोग करने हेतु कानूनी अधिकार की अवधि में प्रत्यक्ष रुप से या तीन साल से कम, इनमें से जो भी कम हो, को एक शून्य अवशिष्ट मूल्य के साथ परिशोधित किया जाता है ।

2.13 परिसंपत्तियों की हानि (वित्तीय परिसंपत्तियों के अलावा)

कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में परिसंपत्तियों में कमी का आंकलन करती है। यदि ऐसा कोई संकेत मौजूद है, तो कंपनी संपत्ति की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाती है। परिसंपत्तियों से प्राप्त राशि, परिसंपत्ति या उपयोगिता से उत्पन्न इकाई मूल्य एवं व्यक्तिगत परिसंपत्तियों को निर्धारित करने हेतु निर्धारित मूल्य में वृद्धि की जाती है। जब तक परिसंपत्ति में नगदी प्रवाह नहीं की गई हो तो वह अन्य परिसंपत्तियों या परिसंपत्तियों के समूह से स्वतंत्र होती है जिसमें नगद उत्पन्न इकाई परिसंपत्तियों से जुड़ी होती है, उसके लिए प्राप्त राशि निर्धारित की जाती है। हानि परीक्षण हेतु कंपनी व्यक्तिगत खदान के रुप में नकदी उत्पन्न इकाई पर विचार करती है।
यदि वर्तमान राशि परिसंपत्ति से प्राप्त अनुमानित राशि से कम हो तो वर्तमान परिसंपत्ति राशि को प्राप्त राशि से घटाया जाता है एवं हानि से हुईकमी को लाभ व हानि के विवरण में स्वीकार किया जाता है।

2.14 निवेश संपत्ति

परिसंपत्ति (भूमि या भवन या भवन का भाग या दोनों) को किराया हेतु आयोजित या पूंजी अभिमूल्यन या दोनों उत्पादन में उपयोग या माल व सेवाओं की आपूर्ति या प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए या व्यापार के सामान्य कार्यप्रणाली में, विक्रय को निवेश की गई संपत्ति के रुप में वर्गीकृत किया गया है।

निवेश संपत्ति का आंकलन प्रारम्भिक रूप से इसके लागत के आधार पर किया जाता है तथा इससे संबन्धित लेनदेन लागत पर भी लागू किया जाता है ।

निवेशित सम्पत्तियों का मूल्य ह्रास विधि के तहत उनके प्रत्यक्ष उपयोगी जीवन पर आधारित होते हैं।

2.15 **वित्तीय साधन**

वित्तीय साधन एक अनुबंध है जो कि परिसंपत्ति और किसी अन्य वित्तीय इकाई को देयता या इक्विटी उपकरण प्रदान करती है।

2.15.1 **वित्तीय परिसंपत्तियाँ -**

2.15.1 प्रारंभिक मान्यता और माप

लाभ या हानि एवं लेन-देन लागत के माध्यम से वित्तीय परिसंपत्तियों की लागत मामलों में सभी वित्तीय परिसंपत्तियों को प्रारंभिक तौर पर उचित मूल्य पर आँका जाता है जो वित्तीय परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के कारण है। खरीददारी या वित्तीय परिसंपत्तियों की बिक्री जो बाजार की जगह पर विनियमन या सम्मेलन द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर परिसंपत्तियों की वितरण के लिए आवश्यक होती है, उन्हे व्यापार तिथि पर मान्यता प्राप्त है अर्थात वह तिथि जिसमें कंपनी की संपत्ति को खरीदने या बेचने की प्रतिबद्धता है।

2.15.2 आगामी माप

वित्तीय परिसंपतियों को आगामी माप हेतु चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

- ऋण उपकरणों पर परिशोधित लागत
- अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर ऋण साधन (एफ़.वी.टी.ओ.सी.आई)।
- लाभ-हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर ऋण, व्युत्पन्न और इक्विटी साधन।(एफ़वीटीपीएल)
- उचित मूल्य पर मापे गए ईक्विटी साधनों के माध्यम से अन्य व्यापक आय। (एफ़.वी.टी.ओ.सी.आई)।

2.15.2.1 परिशोधित लागत पर ऋण साधन

निम्नलिखित दोनों शर्तों के पूरा होने के उपरांत ऋण साधन परिशोधित लागत पर मापे जाते हैं।

क. परिसंपत्तियों को व्यापार मॉडल के अन्तर्गत बनाएं रखने का प्रावधान है, जिसका उद्देश्य परिसंपत्तियों के संविदात्मक नगदी का प्रवाह संग्रह करना है और

ख. नगदी प्रवाह की निर्दिष्ट तिथि पर परिसंपत्तियों के संविदात्मक शर्तों के तहत भुगतान किए गए मूल एवं ब्याज की राशि को बकाया राशि में सम्मिलित किया गया है।

प्रारंभिक माप के बाद प्रभावी ब्याज दर विधि का उपयोग (ईआईआर) करते हुए ऐसे वित्तीय परिसंपत्तियों को परिशोधित लागत पर मापा जाता है। परिशोधित लागत की गणना अधिग्रहण पर या अभिगत प्रभावी ब्याज या शुल्क जिस पर ईआईआर के एक भाग के रूप में अधिग्रहण की कीमत पर व्यक्त होती है। ईआईआर वित्तीय आय के तहत लाभ और हानि के अंतर्गत परिशोधित होती है। लाभ व हानि में कमी के कारण हुई हानियों को स्वीकार किया गया है।

2.15.2.2 एफ.वी.टी.ओ.सी.आई में ऋण साधन :

अगर निम्नलिखित दोनों मानदंडों को प्राप्त कर लिया गया हो तो एफ.वी.टी.ओ.सी.आई में डेब्ट इंस्ट्रूमेंट को इस रुप में वर्गीकृत किया जा सकता है।

क. संविदात्मक नगदी प्रवाह के संग्रह तथा वित्तीय परिसंपत्ति के विक्रय दोनों के द्वारा व्यापार मॉडल के उद्देश्य को प्राप्त किया गया।

ख. परिसंपत्ति संविदात्मक नगदी प्रवाह एसपीपीआई का प्रतिनिधित्व करता है।

एफ.वी.टी.ओ.सी.आई श्रेणी के अंतर्गत शामिल डेब्ट इंस्ट्रूमेंट को उचित मूल्य पर प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर शुरू में मापा जाता है। उचित मूल्य संचार को अन्य विस्तृतआय में पहले से ही मान्यता प्राप्त है। वैसे कंपनी ने पी एंड एल में ब्याज आय, क्षति, नुकसान तथा बदलाव और विदेशी मुद्रा लाभ या हानि को पहचान लिया है। परिसंपत्तियों के गैर पहचान जो कि ओसीआई में पहचाने गए है को संचयी लाभ या नुकसान के तहत पी एंड एल के लिए इक्विटी में पुनर्वर्गीकृत किया जाता है। ब्याज अर्जित होने पर अर्जित किये गए एफवीटीओसीआई डैब्ट इन्स्ड्रुमेंट को ब्याज में जिस एफआईआर तरीके का उपयोग किया जाता है, उसी रूप में रिपोर्ट किया जाता है।

2.15.2.3 एफवीटीपीएल में डेब्ट इंस्ट्रूमेंट:

डेब्ट इंस्ड्रुमेंट के लिए एफवीटीपीएल एक अवशिष्ट श्रेणी के रूप में है। कोई डेब्ट इंस्ट्रूमेंट जो ऋण चुकाने की लागत या एफवीटीपीएल के रूप में श्रेणीकरण के मानदंडों को पूरा नहीं करता उसे एफवीटीपीएल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

इसके साथ ही कंपनी एक डेब्ट इंस्ट्रूमेंट को नामित करने का चुनाव भी कर सकती है। जो एफवीटीपीएल में ऋण चुकाने की लागत तथा एफवीटीओसीआई के मानदंडों को पूरा करते हैं। वैसे ऐसे चुनाव की अनुमति सिर्फ तभी दी जाएगी जब ऐसा करना एक पहचाने गए असंगति को कम या समाप्त करने के लिए उचित हो।

कंपनी ने एफवीटीपीएल में किसी डेब्ट इंस्ट्रूमेंट को नामित नहीं किया है।

एफवीटीपीएल श्रेणी में शामिल डेब्ट इंस्ड्रुमेंट को उचित मूल्य पर पी एंड एल में पहचाने गए सभी बदलावों के साथ मापा जाता है।

2.15.2.4 अनुषंगी, सहयोगियों तथा संयुक्त उद्यमों में इक्विटी निवेश:

भारतीय लेखांकन मानक 101(भारतीय लेखांकन मानक में प्रथम बार अंगीकरण) एवं पिछले जीएएपी के अनुसार इन निवेशों की वहन राशि संक्रमण की तिथि में उल्लेखित लागत राशि के रूप में निर्धारित की जाएगी। बाद में अनुषंगियों, सहयोगियों एवं संयुक्त उद्यमों में निवेश किये गए मूल्य को मापा जाता है।

समेकित वित्तीय विवरणी से संबंधित भारतीय लेखांकन मानक 28 के पैरा 10 में विहित इक्विटी प्रणाली के अनुसार सहयोगियों तथा संयुक्त उद्यमों में इक्विटी निवेश की गणना की जाती है।

2.15.2.5 अन्य इक्विटी निवेश

भारतीय लेखांकन मानक 109 के दायरे में सम्मेलित सभी अन्य इक्विटी निवेश के लाभ एवं हानि को उचित मूल्य पर मापा जाता है।

अन्य सभी इक्विटी इन्स्ड्रुमेंट में परिवर्तन के उपरांत कंपनी उचित मूल्य में प्रस्तुत करने हेतु चुनाव कर सकती है। कंपनी ऐसा चुनाव इंसट्रुमेंट दर इंसट्रुमेंट के आधार पर करती है। वर्गीकरण आरंभिक पहचान करने हेतु की गई है जो कि अटल है।

अगर कंपनी एफवीटीओसीआई पर इक्विटी इंसट्रुमेंट को वर्गीकृत करने का निर्णय लेती है तब ओसीआई में पहचाने गए लाभांश को छोड़कर इंसट्रुमेंट पर सभी उचित मूल्य में परिवर्तन हो जाता है। पी एण्ड एल से ओसीआई में यहां तक कि निवेश की राशि में भी कोई पुनरावृत्ति नहीं हुई है। कंपनी इक्विटी के भीतर संचयी लाभ या हानि को स्थानान्तरित कर सकती है।

पीएण्डएल में पहचाने गए सभी बदलावों के साथ उचित मूल्य पर एफवीटीपीएल श्रेणी में शामिल इक्विटी इंस्ट्रूमेंट को मापा जाता है।

2.15.2.6 मान्यता रद्द करना

एक वित्तीय परिसंपत्ति (या जहां लागू हो, परिसंपत्ति के एक भाग या समान वित्तीय परिसंपत्ति का एक भाग) की मान्यता को प्राथमिक स्तर पर रद्द किया गया (जैसे तुलन पत्र से हटाया गया), जब

- परिसंपत्तियों से नगद प्रवाह को प्राप्त करने का अधिकार समाप्त हो गया हो या
- कंपनी ने परिसंपत्तियों से नगद प्रवाह को प्राप्त करने के अधिकार को स्थानांतरित किया या प्राप्त नगद प्रवाह का भुगतान करने हेतु दायित्व निकासी व्यवस्था के अंतर्गत तीसरी पार्टी के लिए बिना सामग्री विलंब के ग्रहण किया गया हो और या तो

(क) कंपनी ने परिसंपत्ति के सभी जोखिम और पुरस्कार को काफी हद तक स्थानांतरित कर दिया गया है। या

(ख) कंपनी ने न तो हस्तांतरित किया है और न ही संपत्ति के सभी जोखिम और पुरस्कार को काफी हद तक बनाए रखा है लेकिन परिसंपत्ति पर नियंत्रण को स्थानांतरित कर अवश्य किया है।

जब कंपनी ने परिसंपत्ति से प्राप्त नगद प्रवाह पर अपने अधिकार को स्थानांतरित किया या निकासी व्यवस्था में प्रवेश किया तो यह मूल्यांकित हुआ कि इसने किस हद तक स्वामित्व के जोखिमों एवं पुरस्कारों को बरकरार रखा है। कंपनी ने न तो संपत्ति को हस्तांतरित किया, न ही संपत्ति के सभी पुरस्कारों व जोखिम को बनाए रखा और न ही उनके नियंत्रण को हस्तांतरित किया। जब कंपनी सतत भागीदारी को बनाए रखने तथा स्थानांतरित संपत्ति की पहचान रखने का प्रयास करती है, तो ऐसे मामलों में कंपनी भी एक सहयोगी देयता की पहचान करती है। स्थानांतरित संपत्ति तथा सहयोगी देयता को एक आधार पर मापा जाता है। कंपनी द्वारा उसके दायित्वों तथा अधिकारों को प्रतिबंधित किया जाता है। सतत भागीदारी जो कि संपत्ति पर प्रतिभूति के रूप में चिन्हित है जिसे संपत्ति के मूल तथा जारी राशि के आवश्यकतानुसार चुकाया जाता है, उसे निम्न स्तर पर मापा जाता है।

2.15.2.7 वित्तीय संपत्ति की हानि (उचित मूल्य को छोड़कर)

भारतीय लेखांकन मानक 109 के अनुसार कंपनी निम्नलिखित वित्तीय परिसंपत्तियों तथा क्रेडिट जोखिमों के अनावरण के माप तथा उसमें हुई हानि के लिए कंपनी अपेक्षित क्रेडिट हानि (ईसीएल) के मॉडल को लागू करती है।

क. वित्तीय परिसंपत्तियां जो कि डेब्ट इंस्ट्रूमेंट है और जिनका मापन परिशोधित लागत पर किया जाता है उदाहरणत: ऋण प्रतिभूति, व्यापार प्राप्त, बैंक बैलेन्स इत्यादि।

ख. वित्तीय परिसंपत्ति जो डेब्ट इंस्ट्रूमेंट है तथा उसे एफवीटीओसीआई पर मापा जाता है।

ग. भारतीय लेखांकन मानक 17 के अंतर्गत प्राप्त पट्टे।

घ. प्राप्त पट्टे या नगद प्राप्त करने के लिए किसी भी अनुबंध का अधिकार या उस लेनदेन के परिणामस्वरुप अन्य वित्तीय सहमति जो कि भारतीय लेखांकन मानक 11 तथा भारतीय लेखांकन मानक 18 के क्षेत्र के अंतर्गत है।

हानि भत्ता की पहचान के लिए कंपनी ने निम्न सरल दृष्टिकोण का पालन किया-:

- प्राप्त कारोबार या अनुबंध राजस्व प्राप्त करने योग्य तथा
- भारतीय लेखांकन मानक 17 के अंतर्गत लेनदेन से प्राप्त सभी पट्टे।

सरलीकरण दृष्टिकोण के उपयोग से कंपनी को क्रेडिट जोखिमों में ट्रैक बदलाव को पहचानने की आवश्यकता नहीं होती है, बल्कि यह प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर इसके प्रारम्भिक पहचान से शुरू होकर जीवन पर्यंत अपेक्षित क्रेडिट हानि (ईसीएलएस) पर आधारित होती है।

2.15.3 वित्तीय देयताएँ –

2.15.3.1. आरंभिक पहचान तथा माप-

कंपनी की वित्तीय देयताएं व्यापार तथा अन्य ऋण देयताओं और उधार सहित बैंक ओवरड्राफ्ट को शामिल करती है।

ऋण और उधार लेने के मामले में तथा विशेषकर लेनदेन की लागतों पर शुद्ध भुगतान करने हेतु वित्तीय देयताएँ प्रारम्भिक स्तर पर उचित मूल्य में दर्शायी जाती है।

2.15.3.2 अनुवर्ती माप -

वित्तीय देयताओं की माप उनके वर्गीकरण पर निर्भर करती है जो कि नीचे वर्णित है।

2.15.3.3 वित्तीय देयताएँ लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएँ –

लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएँ व्यापार और वित्तीय देनदारियों के लिए आयोजित वित्तीय देयताओं में शामिल की जाती है, जिसे लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर नामित किया गया है। आयोजित रूप में वित्तीय देयताओं को तब वर्गीकृत किया जाता है जब वे निकट अवधि में पुनर्खरीद के प्रयोजन के लिए उपलब्ध हो। इस श्रेणी में कंपनी द्वारा व्युत्पन्न डैब्ट इन्स्ट्रुमेंट को भी शामिल किया गया है, जिसे प्रतिरक्षा संबंध में प्रतिरक्षा इन्स्ट्रुमेंट के रूप में निर्दिष्ट नहीं किया जाता है, इसे भारतीय लेखांकन मानक 109 के अनुसार पारिभाषित किया गया है। सेपरेटेड इम्बेडेड डेरीवेटिवस को भी उस समय तक व्यापार के लिए आयोजित रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जब तक कि इन्हें प्रभावी प्रतिरक्षा उपकरण के रूप में चिन्हित नहीं किया जाता।

देयताओं पर लाभ या हानियों को व्यापार के लिए आयोजित लाभ या हानि के रूप में पहचाना गया है।

वित्तीय देनदारियों को लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर दर्ज किया गया है, जैसा कि मान्यता की प्रारम्भिक तिथि पर नामित है तथा सिर्फ तब ही जब भारतीय लेखांकन मानक 109 के मानदंड संतुष्टीजनक पाये जाते हैं। एफवीटीपीएल में नामित देयताओं के निष्पक्ष मूल्य पर लाभ/हानि जो कि जोखिम ऋण में परिवर्तन के कारण है तथा इसे ओसीआई में मान्यता प्राप्त है। इन लाभ-हानियों को बाद में पी एंड एल में स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। कंपनी इक्विटी के भीतर संचयी लाभ या हानि को स्थानांतरित कर सकती है। ऐसी देयताओं को उचित मूल्य पर अन्य सभी परिवर्तनों के साथ लाभ तथा हानि के विवरण में मान्यता प्राप्त है। कंपनी ने लाभ तथा हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर किसी वित्तीय देयताओं को नामित नहीं किया है।

2.15.3.4 परिशोधित लागल पर वित्तीय देयताएँ

प्रारम्भिक मान्यता के पश्चात इन्हें बाद में प्रभावी ब्याज दर का उपयोग करते हु एपरिशोधित लागत पर मापा जाता है। जब प्रभावी ब्याज पर परिशोधन की प्रक्रिया द्वारा देयताओं को वापस लिया जाता है, तब लाभ या हानि में नफा या नुकसान को पहचाना जाता है। परिशोधित लागत का आंकलन अधिग्रहण और शुल्क या लागतों पर किसी भी छूट या प्रीमियम को ध्यान हु एकिया जाता है में रखते हु एकी जाती है, जो कि प्रभावी ब्याज दर का अभिन्न हिस्सा है। प्रभावी ब्याज दर परिशोधन को लाभ और हानि के विवरण में वित्त लागत के रूप में शामिल किया गया है। यह श्रेणी आम तौर पर उधार लेने पर लागू होती है।

2.15.3.5 मान्यता वापस लेना

एक वित्तीय देयता की मान्यता को तब वापस लिया जाता है जब देयताओं के तहत दायित्व का निर्वहन रद्द या समाप्त हो गया हो। जब वित्तीय देयताओं को समान ऋणदाता के साथ विभिन्न शर्तों पर पुन:प्रतिस्थापित किया जाता है तब यह मौजूदा देयताओं के शर्तो को संशोधित करेगा, तत्पश्चात इस तरह के एक विनियम या संशोधन को मूल दायित्व की मान्यता और एक नई देयता की पहचान के रुप में माना जाएगा। किसी अन्य पार्टी को समझाए गए या हस्तांतरित किये गये वित्तीय लेनदेन राशि और उसमें से किसी भी हस्तांतरित परिसंपत्तियों या दायित्वों सहित भुगतान किए गए विचारों को लाभ व हानि के रुप में स्वीकार किया जाएगा।

2.15.4 वित्तीय देयताओं का पुनः वर्गीकरण:

कंपनी प्रारंभिक मान्यता पर वित्तीय संपत्तियों और देनदारियों का वर्गीकरण करती है। प्रारंभिक मान्यता के बाद वित्तीय परिसंपत्तियां जो कि इक्विटी साधन एवं वित्तीय देनदारियां हैं उसे पुन:वर्गीकृत किया जाएगा। वित्तीय देयताएं वे ऋण साधन हैं जिनका पुन:वर्गीकरण सिर्फ तभी किया जा सकता है जब उनके व्यावसायिक मॉडल की परिसंपत्तियों में बदलाव किया जाए। कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन आंतरिक और बाह्य बदलाव के परिणामस्वरुप व्यापार मॉडल में परिवर्तन करता है जो कंपनी के संचालन के लिए महत्वपूर्ण हैं और बाहरी पार्टियों के लिए स्वत: ही स्पष्ट है। व्यापार मॉडल में परिवर्तन तब होता है जब कंपनी महत्वपूर्ण संचालन हेतु कार्य को प्रारंभ या समाप्त करती है। कंपनी वित्तीय परिसंपत्ति को पुनः पेश करती है या पुन:वर्गीकृत करती है, जो कि व्यापार मॉडल में

बदलाव के तुरंत बाद आगामी प्रतिवेदन का पहला दिन समझा जाता है। कंपनी पहले से स्वीकृत किसी लाभहानि (लाभ व हानि में कमी सहित) या ब्याज को पुन:वर्णित नहीं करती है।

निम्नलिखित सारणी पुन:वर्गीकरण विधि तथा उनकी जिम्मेदारियों को दर्शाते हैं-:

वास्तविक वर्गीकरण	संशोधित वर्गीकरण	लेखांकन विधि
परिशोधित लागत	एफवीटीपीएल	पुन:वर्गीकृत तिथि पर उचित मूल्य को मापा जाता है। पिछले परिशोधित लागत तथा उचित मूल्य के अंतर को पी एंड एल के रुप में पहचाना जाता है।
एफवीटीपीएल	परिशोधित लागत	पुन:वर्गीकृत तिथि पर उचित मूल्य उनके वर्तमान में जारी कुल राशि का प्रतिनिधित्व करती है। ईआईआर की गणना नये जारी किये गये राशि के आधार पर की जाती है।
परिशोधित लागत	एफवीटीओसीआई	पुन: वर्गीकृत तिथि पर उचित मूल्य को मापा जाता है। परिशोधित लागत तथा उचित मूल्य के अंतर को ओसीआई में पहचाना जाता है। पुनर्वर्गीकरण के कारण ईआईआर में बदलाव नहीं किया गया।
एफवीटीओसीआई	परिशोधित लागत	पुनर्वर्गीकरण तिथि पर उचित मूल्य उसकी नई परिशोधित लागत वाली राशि होगी। हालांकि ओसीआई में लाभ या हानि को उचित मूल्य के हिसाब से समायोजित किया गया है। जिसके फलस्वरूप परिसंपत्तियों को मापा जाता है जिस तरह वे हमेशा से परिशोधित मूल्य पर मापे जाते हैं।
एफवीटीपीएल	एफवीटीओसीआई	पुन:वर्गीकरण तिथि पर उचित मूल्य उसकी नई जारी की गई राशि होगी, जिसमें किसी अन्य राशि के समायोजन की आवश्यकता नहीं होगी।
एफवीटीओसीआई	एफवीटीपीपीएल	परिसंपत्तियां उचित मूल्य पर ही मापी जाएंगी। ओसीआई में पहले से मान्यता प्राप्त संचयी लाभ या हानि को पुन: जमा करने की तिथि में पी एंड एल के रुप वर्गीकृत किया गया।

2.15.5 वित्तीय साधन को पूरा करना:

वित्तीय संपत्ति तथा वित्तीय देयताओ को पूरा किया गया और समेकित तुलनपत्र में निवल राशि की सूचना दी गई। अगर उसे प्राप्त मात्रा में पूरा करने हेतु वर्तमान में कानूनी अधिकार मिलते हो, तो संपत्ति को प्राप्त करने साथ ही साथ देयताओं के निपटान हेतु एक शुद्ध आधार पर समझौता किया जा सकता है।

2.16 उधार लेने की लागत-

उधार लेने की लागत के रूप में व्यय किए जाते हैं और जब इसके अलावा वे योग्य संपत्ति के अधिग्रहण, निर्माण या उत्पादन के लिए विशेष रूप से योगदान दे रहे हैं, अर्थात वे संपत्तियां जो अपने आवश्यक उपयोग के लिए तैयार होने के लिए पर्याप्त जरूरी समय लेती हैं, उस स्थिति में जब वे उस संपत्ति की कीमत के हिस्से के रूप में पूंजीकृत हो जाते हैं, जो उस योग्यता की संपत्ति के लिए अद्यतन होती है, जो उसके इच्छित उपयोग के लिए तैयार है।

2 .17 कर निर्धारण:

आयकर व्यय वर्तमान में देय और स्थगित कर के योग को दर्शाता है।

वर्तमान कर एक अवधि के लिए कर योग्य लाभ (कर नुकसान) के संबंध में आयकरों की देय राशि (वसूली योग्य) होती है। लाभ-हानि और अन्य व्यापक आय के रिपोर्ट के अनुसार कर योग्य लाभ ''आयकर से पहले लाभ'' से अलग होते हैं क्योंकि उनमें आय या व्यय की वस्तुओं को शामिल नहीं किया जाता है जो कि अन्य वर्षों मे कर योग्य है अथवा उन्हें घटाया भी जा सकता है और बाद में उसमें उन वस्तुओं को शामिल नहीं किया जाता है, जो कभी भी कर योग्य या घटाए गए होते हैं। वर्तमान कर के लिए कंपनी की देनदारियों को रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक मूल रूप से अधिनियमित किए गए दरों का उपयोग करते हु एउसकी गणना की जाती है।

अस्थायी करों के अंतर के लिए स्थगित की गई कर देनदारियों को आमतौर पर मान्यता प्राप्त होती है। काफी हद तक सभी हटाए गए अस्थायी अंतर के लिए आस्थगित कर संपत्ति को आमतौर पर मान्यता प्राप्त है। यह संभावित है कि इससे वह कर योग्य लाभ हमें उपलब्ध होगा जिसके लिए उन करों को हटाया गया था एवं उन अस्थायी करों का उपयोग भी किया जा सकेगा। ऐसे संपत्ति और देनदारियों को उस अवधि तक मान्यता प्राप्त नहीं होगी, जब तक कि अस्थायी अंतर सद्भावना से या अन्य परिसंपत्तियों के प्रारंभिक मान्यता (व्यापार समायोजन के अलावा अन्य) से वह उत्पन्न न हु आहो एवं लेनदेन की देयताएं जो न केवल कर योग्य लाभ को प्रभावित करती है अपितु लेखांकन लाभ को भी प्रभावित करती हैं।

जहां कंपनी अस्थायी अंतर के उत्क्रम को नियंत्रित करने में सक्षम है या उसको छोड़कर सहायिकाओं तथा अनुषंगियों में निवेश करती है, वहां ऐसे कर योग्यों के अस्थायी अंतरों के लिए आस्थगित कर देयताओं को मान्यता प्राप्त होती है। यह संभव है कि अस्थायी अंतर निकट भविष्य में रद्द नहीं होगी, ऐसे निवेशों तथा ब्याजों के साथ जुड़े अथवा घटाए गए अस्थाई अंतर से उत्पन्न आस्थगित कर परिसंपत्तियों को कुछ हद तक मान्यता प्राप्त है, यह संभव है कि वहां अस्थायी अंतरों के लाभ का उपयोग करने के लिए पर्याप्त कर योग्य लाभ उपलब्ध होगी।

प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में आस्थगित कर संपत्ति के वहन राशि की समीक्षा की जाती है और उसे कम भी किया जा सकता है। यह संभव नहीं है कि संपत्ति के किसी या सभी हिस्से को पुनः प्राप्त करने की अनुमति के लिए पर्याप्त कर योग्य लाभ उपलब्ध होगा। प्रत्येक रिपोर्टिंग वर्ष के अंत में अमान्यता प्राप्त आस्थगित कर संपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन किया जाता है और इसे इस हद तक मान्यता दी जाती है कि आस्थगित कर संपत्ति के सभी या कुछ हिस्सों को पुनःप्राप्त करने की अनुमति के लिए पर्याप्त कर लाभ उपलब्ध हो सके।

आस्थगित कर संपत्तियों और देनदारियों को कर दरों पर मापा जाता है और इसे उस अवधि में लागू करने की अपेक्षा भी की जाती है, जिससे कि कर दरों (तथा कर कानून) पर आधारित देनदारियों व परिसंपत्तियों का निपटारा किया जा सके। इसे रिपोर्टिंग तिथि के अंत तक लागू या मूल रूप से अधिनियमित किया जाता है।

आस्थगित कर देनदारियों और परिसंपत्तियों की माप उसके कर परिणामों को दर्शाती है, जो इस रीति का अनुसरण करती है जिसमें कंपनी को रिपोर्टिंग अवधि के अंत में परिसंपत्तियों और देनदारियों की संख्या को व्यवस्थित करने की उम्मीद होती है।

संबन्धित मदों को छोडकर चालू और आस्थगित कर को क्रमश: उनके अन्य व्यापक आय या सीधे इक्विटी में स्वीकार किया गया हैं। चालू और आस्थगित कर को अन्य व्यापक आय में सीधे इक्विटी के अंतर्गत लाभ या हानि के रूप में स्वीकार किया जाता है। जब चालू कर या आस्थगित कर व्यावसायिक संगठन के प्रारम्भिक लेखांकन में आते हैं तो उसके कर प्रभाव को व्यावसायिक संगठन के लेखांकन में शामिल किया जाता है।

2.18 कर्मचारी हितलाभ

2.18.1 **अल्पावधि हितलाभ**

कर्मचारियों के सभी अल्पावधि लाभ को उस अवधि में मान्यता प्राप्त होते हैं जिस अवधि तक वे खर्च किए जाते हैं।

2.18.2 रोजगार पश्चात् लाभ एवं अन्य कर्मचारियों के लिए दीर्घावधि लाभ

2.18.2.1 पारिभाषित योगदान योजनाएं:

भविष्य निधि एवं पेंशन के लिए पारिभाषित योगदान योजनाएं जो कि रोजगार पश्चात् प्राप्त होने वाली लाभ योजनाएं है, जिसके अंतर्गत कंपनी कानून के अधिनियमन के तहत् गठित एक अलग सांविधिक निकाय द्वारा रखी गई निधि में निश्चित योगदान का भुगतान करती है और कंपनी के पास आगे की राशियों के भुगतान हेतु कोई भी कानून एवं रचनात्मक दायित्व नहीं होता है। पारिभाषित योगदान योजनाओं में बाध्यताओं को कर्मचारी हितलाभ व्यय के रूप में इस अवधि के लाभ-हानि विवरणी में मान्यता दी गई है। इस अवधि में कर्मचारियों ने अपनी सेवा प्रदान की है।

2.18.2.2 पारिभाषित लाभ योजनाएं-

एक निर्धारित योगदान योजना के अलावा यह एक रोजगार उपरांत लाभ योजनाहै।उपदान, छुट्टी भुगतान आदि पारिभाषित लाभ योजनाएं है। निर्धारित लाभ योजनाओं के संबंध में कंपनी की शुद्ध दायित्वों को भविष्य लाभ राशियों के तहत् आंकलन करके गणना की जाती है, जिसे कर्मचारियों ने अपने सेवा के बदले वर्तमान और पूर्व की अवधि में अर्जित किया है। लाभ में रियायत अपने वर्तमान मूल्य को लेकर किया जाता है तथा संपत्तियों के उचित मूल्य के द्वारा उसे हटाया भी जाता है, इनमें से जो भी उचित हो, के द्वारा कार्य निष्पादित किया जाता है। छूट की दर जो कि वर्तमान समय में कंपनी के दायित्वों में उल्लेखित शर्तों के अंतर्गत परिपक्व होने वाली रिपोर्टिंग तिथि के अनुसार भारतीय सरकारी प्रतिभूतियों की मौजूदा बाजार पर आधारित होती है और यह एक ही मुद्रा में अंकित होगी, जिसमें लाभ का भुगतान करने की अपेक्षा होती है।

बीमांकिक मूल्यांकन के प्रयोग में छूट दर के बारे में धारणाएं परिसंपत्तियों पर अपेक्षित वसूल किए गए भावी दर, वेतन वृद्धि दर तथा नैतिकता दर आदि के अंतर्गत शामिल होती हैं। इस तरह के अनुमान इन योजनाओं की दीर्घावधि के कारण अनिश्चितताओं के अधीन है। अनुमानित इकाई क्रेडिट विधि का उपयोग कर प्रत्येक बैलेंस शीट पर अंकित होती हैं जिनकी गणना बीमांकक द्वारा की जाती है। जब गणना कंपनी के हित में हों, तो भविष्य में योजना के योगदान में कमी या योजना से धन वापसी के रूप में आर्थिक लाभों में स्वीकृत परिसंपत्तियों का उपलब्ध

वर्तमान मूल्य पर सीमित किया जाता है। यदि योजना देनदारियां के समाधान पर या योजना के दौरान वसूली योग्य हो तो कंपनी को आर्थिक लाभ उपलब्ध होगा।

कुल निर्धारित देयताओं का पुनः माप किया जाता है जिसमें परिसंपत्ति योजना (ब्याज छोड़कर) पर वसूली को ध्यान में लेते हु ए बीमांकिक लाभ व हानि को शामिल किया गया हो तथा परिसंपत्तियों (ब्याज छोड़कर यदि कोई हो) का प्रभाव अन्य व्यापक आय में तुरंत स्वीकार किया जाता है। कंपनी निर्धारित अवधि के लिए पारिभाषित लाभ दायित्वों को मापने एवं उपयोग होने वाली छूट दर को लागू करने के लिए शुद्ध पारिभाषित लाभ देयताओं (परिसंपत्ति) पर शुद्ध ब्याज (आय) निर्धारित करती है। इसके बाद वार्षिक अवधि के दौरान पारिभाषित लाभ देयताएं (परिसंपत्ति) योगदान और लाभ भुगतान के परिणामों के फलस्वरुप प्राप्त पारिभाषित लाभ देयताओं के अंतर्गत परिसंपत्तिओं में परिवर्तन करती है।

पारिभाषित लाभ योजनाओं से संबंधित कुल ब्याज खर्च एवं अन्य खर्चों को लाभ व हानि में स्वीकार किया जाता है। जब योजना से प्राप्त लाभों में बढ़ोत्तरी की जाती है तब कर्मचारियों द्वारा पिछले सेवा से संबंधित बढाये गए लाभों को लाभ व हानि विवरण में खर्च के रूप में दर्शाया जाता है।

2.18.3 अन्य कर्मचारी हितलाभ

कुछ अन्य निर्धारित कर्मचारी लाभ योजनाएँ जैसे- एलटीए, एलटीसी, लाइव कवर स्कीम, समूह व्यक्तिगत दु र्घटना बीमा योजना, व्यवस्थापन भत्ता, सेवानिवृत्त के पश्चात् चिकित्सा लाभ योजना तथा खान में हुई दुर्घटनाओं में मृतकों के आश्रितों के लिए रियायत आदि उपर्युक्त वर्णित परिभाषित लाभ योजनाओं को मान्यता प्राप्त है। इन लाभों में विशिष्ट निधिकरण नहीं है।

2.19 विदेशी मुद्रा

भारतीय रुपए आर्थिक क्षेत्र में प्रमुख मुद्रा होने के कारण कंपनी ने अपने मुख्य संचालनों के लिए मुद्रा एवं कार्यात्मक मुद्रा को भारतीय रूप में प्रतिवेदित किया है।

लेनदेन की तिथि पर प्रचलित विनिमय दर का उपयोग करते हु ए कंपनी ने विदेशी मुद्राओं में हु ए लेनदेन को प्रतिवेदित मुद्रा में परिवर्तित किया है। प्रतिवेदित अवधि के अंत में बकाया विदेशी मुद्राओं में अंकित मौद्रिक संपत्ति और देयताएं, प्रतिवेदित अवधि के अंत में प्रचलित विनिमय दरों पर बदली की जाती है। मौद्रिक संपत्ति एवं देयताओं का निपटान अवधि के दौरान प्रारंभिक पहचान पूर्व से परिवर्तित दर पर भिन्न मौद्रिक संपत्ति एवं देयताओं के दर में परिवर्तित होने के कारण होती है, इसे भिन्न विनिमय लाभ व हानि के विवरण में मान्यता प्राप्त है।

विदेशी मुद्रा में अंकित गैर मौद्रिक मदों को लेनदेन की तिथि पर प्रचलित विनिमय दरों में शामिल किया जाता है।

2.20 खर्च/समायोजन गतिविधि अलग करना

खुली खदान, खनन के मामलों में खदान के अनुपयोगी सामानों (ओवरबर्डन) जैसे मिट्टी एवं चट्टान को कोयला सीम के ऊपर से निकालना आवश्यक होता है ताकि कोयला एवं उसके निष्कर्षण को प्राप्त किया जा सके। खुली खदानों में कंपनी को खानों की सुरक्षा (तकनीकी रूप से अनुमानित) करने हेतु ऐसे खर्चों का सामना करना पड़ता है।

इसलिए एक नीति के अंतर्गत प्रतिवर्ष 10 लाख टन की क्षमता के साथ खानों में स्ट्रिपिंग की लागत पर, स्ट्रिपिंग गतिविधि परिसंपत्ति और अनुपात विवरण के समायोजन पर एवं प्रत्येक खदान पर तकनीकी मूल्यांकन वाले औसत स्ट्रिपिंग अनुपात (ओबी:कोयला) के रूप में खर्च किया जाता है। खानों के बाद खाते को राजस्व में लाया जाता है।

